नमः सूर्याय सोमाय मंगलाय बुधाय च
गुरुशुक्रशनिभ्यश्च राहवे केतवे नमः ।

PL Sahu c/o Nirex Industries
70/e. TILJALLA Road.
Cal - 46.

ओं

साम्बपञ्चाशिका

भाषाटीका सहित

संपादक

श्री स्वामी ईश्वर स्वरूप जी (ब्रह्मचारी लक्ष्मण जी)

ईश्वर-आश्रम,

ईश्वर-पर्वत, गुप्तगंगा, श्रीनगर ।

प्रकाशक

पं० जिया लाल कौल एम० ए०, प्रभाकर

मुख्य संस्कृत-हिन्दी-अध्यापक,

श्री प्रताप कालेज, श्रीनगर ।

(सर्वाधिकार सुरक्षित हैं ।)

श्रीनगर, कश्मीर, संवत् २०००.

[मूल्य आठ आने

प्रथम बार]

Raghunath Gopinath Jee Trust (Regd.)

Acc No 759

Date 2000

Price 0.150

प्रनष्टवायुसञ्चारः
पाषाण इव निश्चलः
परजीवैक्यधर्मज्ञो
योगी योगविदुच्यते ॥

पूर्णानन्दस्वभावः स्वजनहितकृते
माययोपात्तकायः
कारुण्यादुद्विधीर्षुः जनमनवरतं
मोहपंके निमग्नम् ।
विधूयान्तर्विशिष्टं बहिरपि कलयन्
शिष्यभावं विवेन
यः संवोदेन प्राहासृत जलधिमसुं
रामचन्द्रं प्रपद्ये ॥

दृष्टान्ते

Shri Bhagawan Gopinath Jee Trust (Regd.)
Acc No. 759
Date 2000
Price 0.50

प्राक्कथन

बहुत प्राचीन काल से कश्मीर ऋषि-भूमि और शारदा-पीठ के नामों से प्रसिद्ध है। इस के ये नाम तब भी सार्थक थे और अब भी हैं। कहीं कहीं इसे भूस्वर्ग भी कहते हैं, किन्तु हमें इस की अपेक्षा पहले दो नाम ही अधिक प्यारे हैं। इस प्रान्त के निवासी सदा से शारदा अर्थात् सरस्वती के उपासक होते आये हैं। डल सरोवर के तटों के आस पास और अन्य स्थानों पर जो बहुत सुन्दर जगहें हैं वे बड़े बड़े कश्मीरी ऋषियों, कवियों और तार्किकों के आश्रमों तथा गुरुकुलों से सुशोभित होती थीं। वे लोग वहां प्रकृति देवी के खुले आंगन में निवास करते थे और इस के तत्त्वों और रहस्यों से पूर्ण रूप में अभिज्ञ हो कर ब्रह्म-ज्ञान के पारंगत हो जाते थे। इस प्रकार जहां वे कालान्तर में परम-पद को प्राप्त कर के अपना व्यक्तिगत लाभ उठाते थे वहां उन्हों ने लोकोपकार की बात को भी नहीं भुलाया। वे एक विशाल साहित्य अपने पीछे छोड़ गये हैं और कहना न होगा कि वह साहित्य अब सारे साहित्यिक संसार की बहुमूल्य और पुनीत सम्पत्ति बन गई है। इस साहित्य के सागर में डुबकी लगा कर न केवल लौकिक ज्ञान और सुख चाहने वाले लोग ही लाभ उठा सकते हैं वरन् पारमार्थिक लाभ और उन्नति के इच्छुक भी इस में गोता लगा र अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।

चिरकाल से राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक क्रान्तियों के होते रहने से कश्मीर के इतिहास ने जो पलटा खाया उस के फलस्वरूप यहां के उन ऋषि-आश्रमों की संख्या घटने लगी, जिन में वह अलौकिक ज्ञानोपदेश का स्रोत सदा बहा करता था, जिस से

असंख्य जिज्ञासुओं की पिपासा शान्त हो जाती थी। ❀ जो स्थान पहले ऋषियों के निवासस्थान और पारमार्थिक ज्ञान के केन्द्र हुआ करते थे वे अब विश्राम-स्थल और सैर करने के स्थान बनने लगे। अब लोग वहां आध्यात्मिक लाभ के लिये नहीं बल्कि लौकिक सुख की प्राप्ति की इच्छा से जाने लगे।

ऐसे ही सुन्दर स्थानों में से ईश्वर (इशबर) नामक एक पार्वतीय स्थान भी है जो डल सरोवर के तट के समीप है। सौभाग्य से वहां दो सुन्दर आश्रम बन गये हैं। एक में श्री स्वामी ईश्वर स्वरूप जी (ब्रह्मचारी लक्ष्मण जी) निवास करते हैं और दूसरे में उन की शिष्या ब्रह्मवादिनी शारिका देवी जी रहती हैं। इन दोनों महात्माओं का जन्म कश्मीरी पंडितों के प्रतिष्ठित और समृद्धिशाली घरानों में हुआ है और दोनों को सुख की सामग्रियां उपलब्ध थीं। दोनों के माता-पिता ने इन्हें सांसारिक सुखों के उपभोग की ओर आकृष्ट करने का भरसक प्रयत्न किया, पर भगवान् बुद्ध के माता-पिता की भान्ति उन का प्रयास निष्फल रहा। दोनों महात्माओं ने बाल्यावस्था में ही सांसारिक संपत्तियों का परित्याग किया और सच्चे तथा पूर्ण वैराग्य का आश्रय ले कर नगर से बाहिर अपने आश्रमों में रहने लगे। स्वामी ईश्वर स्वरूप जी के आश्रम में समय समय पर होने वाली धर्म-चर्चा और शास्त्र-अध्ययन को देख कर हमें प्राचीन ऋषि-

---

❀ पाठकों को यह न समझना चाहिए कि यहां ऋषियों और उन के आश्रमों का सर्वथा अभाव होने लगा है। इस 'घोर कलि-काल' में भी श्रीनगर में कई उत्तम ऋषि-आश्रम हैं, जिन में से दो विशेषत: उल्लेखनीय हैं—एक श्री स्वामी श्रीधर जुव का, जो वेदान्त-विषयक शास्त्रों का प्रतिदिन व्याख्यान करते हैं और दूसरा श्री स्वामी महताब जुव का, जहां शैव-शास्त्रों का पठन-पाठन होता है। इन दोनों आश्रमों से बड़ा धर्मप्रचार और लोकोपकार होता है।

आश्रमों की स्मृति हो आती है। भगवती शारिका देवी जी के आश्रम में हमें ललेश्वरी और रूपभवानी आदि के आश्रमों का आभास मिलता है। इस प्रकार प्राचीन मर्यादा का पालन करने और उस को स्थिर तथा सुरक्षित रखने का मानो नये सिरे से श्रीगणेश हुआ है।

कुछ समय हुआ स्वामी ईश्वर स्वरूप जी ने अभिनवगुप्त-कृत टीका सहित श्रीमद्भगवद्गीता का संपादन किया और उस को प्रकाशित किया। साहित्यिक जगत ने उस ग्रंथ का बड़ा आदर किया। अब अपने शिष्यों विशेषतः अपनी मुख्य शिष्या ब्रह्मवादिनी शारिका देवी जी के सविनय अनुरोध और प्रार्थना करने पर तथा लोकोपकार के विचार से इन्हों ने 'सांबपंचाशिका' ऐसी सारगर्भित पुस्तक का बड़े उत्तम, सरल और उपयोगी ढंग पर संपादन किया है। इसी पुस्तक को प्रकाशित कर के पाठकों की भेंट किया जा रहा है। इस का भाषा-टीका सहित ऐसा उत्तम संस्करण पहले कहीं नहीं छपा है। संपादक महोदय जहां एक उच्च कोटि के योगी और महात्मा हैं वहां ये अपने अगाध पांडित्य, अध्ययन और शास्त्र-ज्ञान आदि के लिए भी यशस्वी बन चुके हैं। जिन लोगों को इन के श्रीचरणों में कुछ क्षणों के लिए भी बैठ कर लाभ उठाने का अवसर मिलता है वे इन बातों को भली भान्ति जानते हैं। यही कारण है कि 'साम्बपंचाशिका' का यह संस्करण बहुत ही उत्कृष्ट हुआ है।

इस संस्करण की भाषा-टीका आदि विशेषताओं की उपयोगिता के विषय में कुछ कहने की आवश्यकता नहीं। पाठक इस का स्वयं अनुभव कर सकते हैं। पाद-टिप्पणियां तो विशेष रूप में महत्वपूर्ण और उपयोगी हैं। सामान्य योग्यता का मनुष्य भी इन की सहायता से मूलग्रंथ में कही गई सभी गूढ़ बातों को सुगमता से समझ सकता

है। आशा है कि पाठक इस से बहुत लाभ उठायेंगे और संपादक महोदय के प्रयास को सफल बनायेंगे। इस प्रकार जिस उद्देश्य से यह पुस्तक प्रकाशित की जाती है उस की पूर्ति होगी।

जिया लाल कौल

प्रकाशक

भूमिका

'सांबपंचाशिका' आध्यात्मिक विषय का एक बहुत ही प्राचीन, महत्वपूर्ण और सारगर्भित ग्रंथ है। इसमें चित्-सूर्य की बहुत सुन्दर रूप में स्तुति की गई है और उसकी महिमा का बखान किया गया है। कुछ श्लोकों में बड़े रोचक, अनूठे और विलक्षण रूप में उद्धार के लिए उस से विनती की गई हैं। इसके रचयिता भगवान् श्रीकृष्ण के सुपुत्र श्री साम्ब जी हैं। यह बात न केवल पुस्तक के नाम से विदित होती है बल्कि इस की पुष्टि कई अन्य बातों से भी होती है। साम्बपञ्चाशिका का जो छपा हुआ संस्करण इस समय मिलता है उसके पहले पृष्ठ पर दी गई पाद-टिप्पणी में संपादकों ने वाराह-पुराण से दो श्लोक इसी बात को सिद्ध करने के लिए उद्धृत किये हैं। पाठकों की जानकारी के लिए वे नीचे दिये जाते हैं :—

'ततः साम्बो महाबाहुः कृष्णाज्ञप्तो ययौ पुरीम्।
मथुरां मुक्तिफलदां रवेराराधनोत्सुकः ॥'

.....

'साम्ब पंचाशकैः श्लोकैर्वेदगुह्यपदाक्षरैः।
यत्स्तुतोऽहं त्वया वीर तेन तुष्टोऽस्मि ते सदा ॥'

(वाराह पुराण, १७१ अध्याय)

इन श्लोकों से प्रतीत होता है कि साम्ब जी ने श्रीकृष्ण जी के कहने पर 'साम्बपंचाशिका' नामक सूर्य-देवता की स्तुति रची। इसी पुस्तक के दूसरे पृष्ठ पर पहले श्लोक की अवतरणिका में और छब्बीसवें पृष्ठ पर बावनवें श्लोक की टीका में टीकाकार राजानक क्षेमराज ने भी लिखा है कि भगवान् कृष्ण के पुत्र सांब जी ही इस ग्रंथ के रचयिता हैं।

श्री सांब जी ने किस उद्देश्य से इस ग्रंथ की रचना की, उन्हों ने कोई और ग्रंथ भी लिखा या नहीं, इन बातों का निश्चित रूप में कुछ पता नहीं

चलता। संस्कृत के अन्य प्राचीन कवियों की भान्ति उन्हों ने अपने विषय में कहीं कुछ नहीं कहा है। कोई ऐसी ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध नहीं है जो इन बातों पर प्रकाश डाल सके। किन्तु इस संबंध में जनश्रुतियों के आधार पर जो कथा सुनी जाती है वह यहां लिखी जाती है। एक बार साम्ब जी को उदर का रोग हुआ। जब सामान्य रीति से चिकित्सा करने पर उनका रोग ठीक न हुआ तो अपने पिता भगवान् कृष्ण ने उन्हें सूर्य की स्तुति करने को कहा। इस पर साम्ब जी ने भौतिक सूर्य को छोड़ कर चित्-सूर्य की स्तुति करने का निश्चय किया। उनके इसी निश्चय के फल-स्वरूप 'साम्बपंचाशिका' का आविर्भाव हुआ। कहा जाता है कि इस पुस्तक के लिखने पर उनका रोग ठीक हुआ।

'सांबपंचाशिका' ऐसे गूढ़ विषय के ग्रंथ का समझना सर्व-साधारण के लिए कठिन है। सौभाग्य से कश्मीर के प्रसिद्ध लेखक और टीकाकार राजानक श्री क्षेमराज ने इस पर एक उत्तम और विस्तृत टीका संस्कृत में लिखी है। इस समय इस पुस्तक का जो छपा हुआ संस्करण उपलब्ध है उसमें यही टीका दी गई है। किन्तु भाषा-टीका सहित इसका कोई संस्करण अब तक नहीं छपा है, इस लिए इसके प्रकाशित करने की आवश्यकता प्रतीत हुई। फलतः यह पाठकों की भेंट किया जाता है।

पूछा जा सकता है कि संस्कृत टीका के होते हुए हिन्दी टीका की क्या आवश्यकता थी। हमारा कहना है कि संस्कृत-टीकाओं को समझ सकने वाले तथा संस्कृत जानने वाले लोगों की संख्या ही आज-कल कितनी है। इसलिए प्राचीन संस्कृत ग्रंथों के अनुवाद किसी ऐसी देश-भाषा में प्रकाशित करने से लोगों का उपकार हो सकता है जिसे वे अधिक से अधिक संख्या में समझ सकें। कुछ ऐसे ग्रंथों के अंग्रेज़ी अनुवाद सहित संस्करण भी निकल चुके हैं, पर अंग्रेज़ी जैसी क्लिष्ट भाषा का प्रयोग और समझना थोड़े पढ़े-लिखे लोगों तक ही

सीमित है। दूसरे विदेशी भाषा होने के कारण यह हमारे काम की चीज़ नहीं हो सकती। इधर हिन्दी सारे भारत में जनता की बोल-चाल तथा व्यवहार की भाषा के रूप में दिन प्रति दिन लोकप्रिय होती जाती है और इसके समझने वालों की संख्या अन्य सभी देश-भाषाओं के समझने वालों से अधिक है। इस कारण से हिन्दी ही संस्कृत ग्रंथों के समझने में सब से उत्तम माध्यम का काम दे सकती है। यदि हम चाहते हैं कि संस्कृत पुस्तकों और शास्त्रों का अध्ययन अधिक से अधिक लोग कर सकें तो इस बात की अत्यन्त आवश्यकता है कि संस्कृत साहित्य रूपी बहुमूल्य कोष का द्वार सर्व-साधारण के लिए खुला रखने की चेष्टा की जाय और हिन्दी-टीका रूपिणी कुंजी से इसे खोल कर लाभ उठाने का उसे अवसर दिया जाय। कल्याण-कार्यालय, गोरखपुर ऐसी देश की बहुत सी संस्थाओं ने इस बात के महत्व को समझ लिया है और वे उपयोगी तथा धार्मिक ग्रंथों के हिन्दी-टीका सहित संस्करण प्रकाशित करने लगी हैं, जिन से जनता बड़ा लाभ उठा रही है। इसी कारण से हिंदी-टीका सहित यह पुस्तक लोकोपकार के उद्देश्य से प्रकाशित की जाती है।

जिस ढंग पर इस पुस्तक का संपादन किया गया है उसके संबंध में एक दो शब्द कहने शेष रह जाते हैं। सब से पहले मूल ग्रंथ का श्लोक दिया गया है। उसके बाद उसका अन्वय दिया गया है जिस में संधिच्छेद और समास शब्दों का पदच्छेद आदि दिखाये गये हैं। अन्वय समझाने के लिए कुछ ऐसे शब्दों का कहीं कहीं समावेश किया गया है जो मूल श्लोक में नहीं हैं। ऐसे शब्दों को कोष्ठकों के बीच में रखा गया है। संस्कृत के विद्यार्थियों को सब से बड़ी कठिनाई पदच्छेद करने में होती है, अतः सामान्य योग्यता के पाठकों को इस से बड़ी सुगमता होगी। अन्वय के नीचे श्लोक का हिन्दी अनुवाद दिया गया है। इस अनुवाद में वाक्यों की रचना का क्रम श्लोक के

अन्वय के अनुसार ही यथासंभव रखा गया है। शब्दार्थ के अतिरिक्त श्लोक के भावार्थ अर्थात् आशय को स्पष्ट तथा पूर्ण रूप में व्यक्त करने के लिए अथवा वाक्य की पूर्ति के लिए कहीं कहीं जिन वाक्यों, वाक्यांशों या शब्दों के जोड़ने की आवश्यकता पड़ी है उनको कोष्ठकों में रखा गया है। इस प्रकार पाठक को प्रत्येक श्लोक के सभी शब्दों के अर्थों और उसके पूर्ण आशय को समझने में सुबीता रहेगा। श्लोकों के अंत में पाद-टिप्पणियां दी गई हैं, जिन में वे बातें संक्षिप्त और सरल भाषा में कही गई हैं, जिन का जानना कवि के आशय को समझने के लिए आवश्यक तथा लाभदायक है और जो अनुवाद में नहीं आ सकीं। मूल श्लोक में कहीं कहीं जो पारिभाषिक शब्द आये हैं अथवा योग-क्रिया की जिन विशेष बातों की ओर संकेत किया गया है, उनकी भी संक्षेप में विशद व्याख्या की गई है।

कहा जा सकता है कि इस पुस्तक की हिन्दी टीका में उन सभी बातों का समावेश नहीं हुआ है जो श्री क्षेमराज ने अपनी टीका में लिखी हैं। इसके उत्तर में यह कहना पर्याप्त होगा कि गूढ़ आशय के साथ संबंध रखने वाली कुछ बातें सर्व-साधारण की समझ से बाहिर होने के कारण नहीं कही गई हैं। इनमें से कुछ बातें तो ऐसी हैं जिनको प्रत्यक्ष या व्यक्तिगत अनुभव द्वारा ही समझा जा सकता है। आशा की जाती है कि अनुवाद और पाद-टिप्पणियों में जो कुछ कहा गया है वह सामान्य रूप में पाठकों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए पर्याप्त होगा। इस से अधिक जानने की जिन्हें इच्छा हो वे गुरु-मुख से जान सकते हैं।

इस पुस्तक के लिखने, प्रूफ-संशोधन करने तथा प्रकाशित करने में पं० जिया लाल कौल एम० ए०, प्रभाकर और श्रीमती प्रभा देवी मट्टू प्रभाकर (सुपुत्री पं० जिया लाल सोपोरी, भूतपूर्व इंजिनियर और धर्मपत्नी पं० मोती लाल जी मट्टू बी० ए०) ने कई तरह से

मेरी सहायता की है। अतः ये दोनों मेरे धन्यवाद के पात्र हैं। ईश्वर करे कि जिस संसार-यात्रा पर श्रीमती प्रभा देवी जी ने हाल ही में पदार्पण किया है उस में वह सफल हो। जिया लाल जी के लिए मेरे विचार में यही अच्छा होगा कि वे सांसारिक सुखों को तुच्छ और नश्वर समझ कर उन्हें तिलांजलि देने का प्रयत्न करें और ईश्वर पर्वत या किसी दूसरे एकान्त स्थान पर छोटी सी कुटिया बना कर उसमें, जब कभी अवसर मिले, ईश्वर-चिन्तन करें। मैं समझता हूं कि यही आशीर्वाद इन दोनों के लिए उपयुक्त हैं और इन्हें पा कर ये अपने काम का पुरस्कार पायेंगे।

ईश्वर-आश्रम,
ईश्वर पर्वत,
गुप्तगंगा, श्रीनगर।

शिवभक्तों का अनुचर,
लक्ष्मण

पुण्यन्देवानमृतविसरैरिन्दुमास्राव्य
ग्रभाभिः स्वांभी रसयति रसैर्यः समग्र-
पंरनित्यमेव ।
क्षीणं क्षीणं पुनरपि च तं पूरयत्ये
वमीदृ-
दोलालीलो ल्लसितहृदयं
नौमि चिद्भानुमेकम् ॥

साम्बपञ्चाशिका

*शब्दार्थत्वविवर्तमानपरमज्योतीरुचो गोपते-
रुद्गीथोऽभ्युदितः पुरोऽरुणतया यस्य †त्रयीमण्डलम् ।
भास्वद्वर्णपदक्रमेरिततमः सप्तस्वरश्वेर्वियद्-
See Page 24
द्विद्यास्यन्दनमुन्नयन्निव, नमस्तस्मै परब्रह्मणे ॥१॥

तस्मै पर-ब्रह्मणे नमः (अस्तु), शब्द-अर्थत्व-विवर्तमान-परम-ज्योतिः-रुचः यस्य गोपतेः त्रयी-मण्डलं भास्वत्-वर्ण-पद-क्रम-ईरित-तमः, सप्त-स्वर-अश्वैः वियत्-विद्या-स्यन्दनम् उन्नयन् इव उद्गीथः पुरः अरुणतया अभि-उदितः (अस्ति) ॥१॥

उस परब्रह्म परमात्मा को नमस्कार हो, जो (परब्रह्म रूपी) सूर्य शब्दों तथा (उन के) अर्थों से प्रवर्तित हुई परम ज्योति की कान्ति से युक्त है, जिस का वेद-त्रयी रूपी मण्डल सुन्दर वर्णों और पदों रूपिणी चमकीली किरणों के क्रम से तमोगुण रूपी अन्धकार को नष्ट करता है, जो सात स्वरों रूपी घोड़ों से चित् रूपी आकाश में विद्या रूपी रथ को चलाता है और ओम-स्वरूप अरुण के प्रकट होने पर उदय करता है ॥१॥

---

१ *पौराणिक कथाओं में सूर्य देवता का इस प्रकार वर्णन किया गया है कि वह एक रथ में बैठ कर आकाश में विचरण करता है। अरुण नाम का सारथि और हरे रंग के सात घोड़े उस रथ को चलाते हैं। कवि ने इस श्लोक में बाह्य सूर्य के इसी रूप के आधार पर आन्तरिक सूर्य का रूप अंकित किया है।

१. † ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद को वेद-त्रयी कहते हैं।

ओमित्यन्तर्नदति नियतं यः प्रतिप्राणि शब्दो
*वाणी यस्मात्प्रसरति परा शब्दतन्मात्रगर्भा
प्राणापानौ वहति च समौ †यो मिथो ग्राससक्तौ
देहस्थं तं सपदि परमादित्यमाद्यं प्रपद्ये ॥२॥

(अहं) देहस्थं तम् आद्यं परम-आदित्यं सपदि प्रपद्ये, यः प्रति-प्राणि ओम्-इति शब्दः अन्तर् नियतं नदति, यस्मात् शब्द-तन्मात्र-गर्भा परा वाणी प्रसरति, यः च मिथः ग्रास-सक्तौ प्राणापानौ समौ वहति ॥२॥

मैं शरीर में ठहरे हुए उस ज्येष्ठ और उत्तम सूर्य को शीघ्र ही प्रणाम करता हूँ, जो प्रत्येक प्राणी के हृदय में 'ओम' शब्द का निरन्तर उच्चारण करता है, जिस से शब्द-तन्मात्र-गर्भित (पश्यन्ती नाम वाली) दूसरी वाणी प्रसरित होती है और जो एक दूसरे का, ग्रास करने में लगे हुए प्राण और अपान को साम्य-भाव से धारण करता है ॥२॥

---

२ *शास्त्रों में वाणियां चार प्रकार की कही गई हैं—परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी। 'पश्यन्ती' वाणी हृदयाकाश में निर्विकल्प-भाव से स्वयं उच्चरित होती है। इस का अनुभव तो योगी-जन ही कर सकते हैं।

२ † ईश्वर के अनुग्रह से ही, प्राण और अपान के बीच वाले आकाश में विमर्श करने से, वे प्राण और अपान मध्य-नाड़ी में स्वयं ही लय हो जाते हैं। तदनन्तर ही योगी को उस परम-आदित्य अर्थात् चित् रूपी सूर्य की स्थिति का अनुभव होता है।

३ * पौराणिक कथा के अनुसार बारह आदित्यों अर्थात् बारह मासों को सूचित करने वाले बाह्य सूर्य के बारह रूपों का उल्लेख किया जाता है। इसी प्रकार चित्-सूर्य के भी बारह रूप कहे गये हैं, जो त्वचा आदि हैं। चूंकि मन और बुद्धि का एक दूसरे के साथ बड़ा अकाट्य

यस्त्वक्चक्षुःश्रवणरसनाघ्राणपाण्यङ्घ्रिवाणी-
पायूपस्थस्थितिरपि मनोबुद्ध्यहंकारमूर्तिः ।
तिष्ठत्यन्तर्बहिरपि जगद्भासयन्द्वादशात्मा*
मार्तण्डं तं सकलकरणाधारमेकं प्रपद्ये ॥३॥

(अहं) तम् एकं सकल-करण-आधारं मार्तण्डं प्रपद्ये, यः बहिर् त्वक्-चक्षुः-श्रवण-रसना-घ्राण-पाणि-अङ्घ्रि-वाणी-पायु-उपस्थ-स्थितिः अपि, अन्तर् मनः-बुद्धि-अहंकार-मूर्तिः—(इत्येवं) द्वादश-आत्मा (सन्) जगत् भासयन् तिष्ठति ॥३॥

मैं उस अद्वितीय (चित् रूपी) सूर्य को प्रणाम करता हूँ, जो सभी (अर्थात् बारह) इन्द्रियों का आधार है, जो बाहिर से त्वचा, आंख, कान, जिह्वा, नाक, हाथ, चरण, वाणी, पायु और उपस्थ में स्थित हो कर भी भीतर से मन, बुद्धि और अहंकार की मूर्ति को धारण किये हुए है और जो (इस प्रकार) बारह रूपों वाला हो कर जगत् को चमकाते हुए ठहरा हुआ है ॥३॥

संबन्ध है, या यों कहा जाय कि दोनों एक ही वस्तु के दो नाम हैं, इसलिए इन दोनों को एक ही इन्द्रिय अर्थात् एक ही रूप माना जा सकता है। अतः ऊपर कहे गये इन सब रूपों की संख्या बारह ही है और तेरह नहीं है।

४ * 'सूर्य और वरुण के घर' से अभिप्राय है 'मध्य-धाम' का, जो प्राण-अपान का उत्पत्ति-स्थान है और अग्नीषोमात्मक और परा-वाणी का ही एक पर्याय-वाची शब्द है। 'सूर्य' शब्द में गरमी की प्रधानता के कारण अग्नि की ओर और 'वरुण' शब्द में सरदी की प्रधानता के कारण सोम अर्थात् चन्द्रमा की ओर संकेत है। यह कहना अप्रासंगिक न होगा कि वरुण जल का देवता कहा जाता है।

या सा *मित्रावरुणसदनादुच्चरन्ती †त्रिषष्टिं
वर्णानत्र प्रकटकरणैः प्राणसङ्गात्प्रसूतान् ।
तां पश्यन्तीं प्रथममुदितां मध्यमां बुद्धिसंस्थां
वाचं, वक्त्रे करणविशदां, वैखरीं च प्रपद्ये ॥४॥

(अहं) तां प्रथमम् उदितां पश्यन्तीं वाचं, बुद्धि-संस्थां मध्यमां (वाचं) वक्त्रे च करण-विशदां वैखरीं (वाचं) प्रपद्ये, या सा (तालु-आदि-स्थान-प्रयत्न-रूपात्) प्राण-सङ्गात प्रसूतान् त्रिषष्टिं वर्णान् अत्र मित्र-वरुण-सदनात् प्रकट-करणैः उच्चरन्ती (स्थिता अस्ति) ॥४॥

मैं उस (परा वाणी) को नमस्कार करता हूँ, जो प्राणों के (तालु आदि स्थानों के प्रयत्न रूपी) संग से उत्पन्न हुए तिरसठ अक्षरों का, सूर्य और वरुण के घर से प्रकट इन्द्रियों के द्वारा, उच्चारण करती है और जो पहिले उदित होने पर 'पश्यन्ती' वाणी का (फिर) बुद्धि में स्थित होने पर 'मध्यमा' वाणी का और (उसके बाद) बोलने में इन्द्रियों के द्वारा स्पष्ट अक्षरों वाली 'वैखरी' वाणी का (रूप) धारण करती ॥४॥

---

४ † व्याकरण की दृष्टि से अ, इ, उ और ऋ अक्षरों के ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत के भेद से बारह रूप होते हैं। ऌ अक्षर के ह्रस्व और प्लुत के भेद से दो रूप होते हैं । ए, ऐ, ओ और औ अक्षरों के दीर्घ और प्लुत के भेद से आठ रूप होते हैं। स्पर्श २५, अन्तस्थ ४ और ऊष्म ४ अक्षर होते हैं। यम अर्थात् ङ्, ञ्, ण् और न् ४ अक्षर होते हैं। अनुस्वार, विसर्ग, जिह्वामूलीय और उपध्मानीय ४ अक्षर हैं । इस प्रकार कुल अक्षरों की संख्या ६३ बनती है।

ऊर्ध्वाधःस्थान्यतनुभुवनान्यन्तरा संनिविष्टा
*नानानाडिप्रसवगहना सर्वभूतान्तरस्था ।
प्राणापानग्रसननिरतैः प्राप्यते ब्रह्मनाडी
सा नः श्वेता भवतु परमादित्यमूर्तिः प्रसन्ना ॥५॥

सा ब्रह्मनाडी (रूपिणी) श्वेता परम-आदित्य-मूर्तिः नः प्रसन्ना भवतु, (या) ऊर्ध्व-अधः-स्थानि अतनु-भुवनानि अन्तरा संनिविष्टा, (या) नाना-नाडि-प्रसव-गहना, (या) सर्व-भूत-अन्तरस्था (या च) प्राण-अपान-ग्रसन-निरतैः (योगिभिः) प्राप्यते ॥ ५ ॥

वह ब्रह्मनाडी (रूपिणी) निर्मल सूर्य की मूर्ति हम पर प्रसन्न हो, जो ऊपर और नीचे होने वाले अनेक भुवनों के मध्य में ठहरी हुई है, जो अनेक नाड़ियों के होने से घनी बन हुई है, जो सब प्राणियों के हृदय में वास करती है और जो प्राण और अपान का ग्रास करने में लगे हुए (योगियों) को प्राप्त होती है ॥ ५ ॥

---

५ * मनुष्य के शरीर में बहत्तर हज़ार नाड़ियां होती हैं । इन में से मुख्य नाड़ी को 'ब्रह्मनाड़ी' कहते हैं । इसी ब्रह्मनाड़ी रूपी धागे में अन्य सभी नाड़ियां माला के दानों की भान्ति पिरोई हुई होती हैं ।

ब्रह्मनाड़ी और चित्-देवता में कोई भेद नहीं है । ब्रह्मनाड़ी का अनुभव होने पर ही समस्त भुवनों का ज्ञान होता है । इस कारण से सभी भुवन भी ब्रह्मनाड़ी के ही अन्तर्गत कहे जा सकते हैं ।

६ * बाह्य सूर्य की मूर्ति ब्रह्माण्ड से भिन्न ठहर ही नहीं सकती, पर आत्मिक सूर्य की मूर्ति ब्रह्माण्ड के मार्ग से अव्यवहित है । इधर यह सूर्य तो जाड़े और गरमी की ऋतुओं में सरदी और गरमी के

न *ब्रह्माण्डव्यवहितपथा नातिशीतोष्णरूपा
नो वा नक्तंदिवगमिताताप्नीयापराहुः ।
वैकुण्ठीया तनुरिव रवे राजते मण्डलस्था
सा नः श्वेता भवतु परमादित्यमूर्तिः प्रसन्ना ॥६॥

सा श्वेता परम-आदित्य-मूर्तिः नः प्रसन्ना भवतु, या ब्रह्माण्ड-व्यवहित-पथा न (भवति), (या) अति-शीत-उष्ण-रूपा न (अस्ति), (या) नक्तं-दिव-गम-मिता न (भवति), (या) अतापनीया अपराहुः (च अस्ति या) वा रवेः मण्डलस्था वैकुण्ठीया तनुः इव राजते ॥६॥

वह सर्वोत्कृष्ट भास्कर की निर्मल प्रतिमा हम पर प्रसन्न हो, जो ब्रह्माण्ड के मार्ग से अव्यवहित है, जो न अधिक ठंढी है और न अधिक गरम है, जो रात और दिन के चक्कर से मुक्त है, जो संताप न देने वाली और राहु के ग्रास से छूटी हुई है, जो (चित् रूपी) सूर्य के मण्डल में शोभायमान है और जो (इस प्रकार) विष्णु की (वामन-अवतार-संबन्धिनी) मूर्ति के समान है ॥ ६ ॥

भाव से युक्त होता है, पर उधर वह सूर्य अधिक सरदी या अधिक गरमी के विकार से रहित है। रात और दिन के होने पर बाह्य सूर्य अस्त तथा उदित होता है, पर आत्मिक सूर्य रात्रि तथा दिन के चक्कर में ही नहीं पड़ता। ऐहिक सूर्य की मूर्ति तो परिमित है, पर आत्मिक सूर्य की मूर्ति अपरिमित है। इस सूर्य की मूर्ति तो सरदी और गरमी के कारण संताप देती है, पर वह सूर्य आह्लाद तथा आनन्द वितरण करता है। इसके अतिरिक्त बाह्य सूर्य राहु से ग्रस्त हो जाता है, पर आन्तरिक सूर्य राहु के फंदे में कभी पड़ता ही नहीं। अतः यह बात स्पष्ट ही है कि इन दोनों सूर्यों में परस्पर कितना वैषम्य है।

यत्रारूढं त्रिगुणवपुषि ब्रह्म *तद्बिन्दुरूपं
योगीन्द्राणां यदपि †परमं भाति निर्वाणमार्गः ।
त्रय्याधारः प्रणव इति यन्मण्डलं चण्डरश्मे-
रन्तः *सूक्ष्मं बहिरपि बृहन्मुक्तयेऽहं प्रपन्नः ॥७॥

अहं मुक्तये तत् चण्डरश्मेः मण्डलं प्रपन्नः (अस्मि), यत्र त्रिगुण-वपुषि तत् बिन्दु-रूपं ब्रह्म आरूढम्, यत् अपि योगीन्द्राणां परमं निर्वाण-मार्गः भाति, यत् त्रयी-आधारः प्रणवः-इति (उच्यते) यत् च अन्तर् सूक्ष्मम् (एवं) बहिर् बृहत् अपि अस्ति ॥७॥

मैं मुक्ति (की प्राप्ति) के लिए (उस) सूर्य के मण्डल की शरण में जाता हूँ, जिस के (सृष्टि-स्थिति-संहार रूपी, या अकार-उकार-मकार रूपी, या प्राण-अपान-समान रूपी, या सत्त्वगुण, रजोगुण और तमोगुण रूपी) तीन गुणों से युक्त (प्रणव के) रूप में बिन्दु रूपी ब्रह्म स्थित है, जो बड़े बड़े योगियों को श्रेष्ठ (अर्थात् सच्चे) मोक्ष का उपाय दीख पड़ता है, जो ओंकार के रूप में तीन वेदों (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद) का आधार है और जो भीतर से सूक्ष्म तथा बाहिर से महान् है ॥७॥

---

७ * सृष्टि-स्थिति-संहार, अकार-उकार-मकार और प्राण-अपान-समान के अविभक्त प्रकाश को बिन्दु कहते हैं ।

७ † वैष्णव आदि द्वैतवादी जिस मुक्ति को प्राप्त करना चाहते हैं, वह 'अपरा' अर्थात् असत्य मुक्ति ही कही जा सकती है, क्योंकि वह सच्ची मुक्ति न होकर उस का आभास-मात्र ही होती है । इस के प्रत्युत अद्वैतवादियों के दृष्टि-कोण से जिस मुक्ति को वाञ्छनीय कहा जाता है, वही 'परा' अर्थात् सच्ची मुक्ति है और उसी की ओर यहां संकेत है । *

*यस्मिन्सोमः सुरपितृनरैरन्वहं पीयमानः
क्षीणः क्षीणः प्रविशति यतो वर्धते चापि भूयः
यस्मिन्वेदा मधुनि सरघाकारवद्भान्ति चाग्रे
तच्चण्डांशोरमितममृतं मण्डलस्थं प्रपद्ये ॥८॥

(अहं) तत् चण्डांशोः मण्डलस्थम् अमितम् अमृतं प्रपद्ये, यस्मिन् सुर-पितृ-नरैः अन्वहं पीयमानः (इत्येवं) क्षीणः क्षीणः सोमः प्रविशति, यतः च अपि भूयः वर्धते, यस्मिन् च वेदाः मधुनि सरघा-आकार-वत् अग्रे भान्ति ॥८॥

मैं उस (चित्स्वरूप) सूर्य के मण्डल में स्थित (परमानन्द रूपी) अमित अमृत को प्रणाम करता हूँ, जिस में देवताओं, पितरों और मनुष्यों से सदा पिया जाने वाला (और इसी लिए क्रम-पूर्वक) क्षीण होता हुआ (प्राण-अपान रूपी) चन्द्रमा प्रवेश करता है, जिस (के सम्पर्क मात्र) से (वह चन्द्रमा) फिर अपने ही परिपूर्ण-भाव को प्राप्त होता है और जिस के आगे आगे वेद ऐसे ही दीख पड़ते हैं, जैसे शहद पर मधुमक्खियां ॥८॥

---

* वैष्णव आदि द्वैतवादियों और अद्वैतवादियों की मुक्ति के लक्षणों और स्वरूपों में क्या भेद है—यह बात विस्तार-भय से नहीं लिखी जाती है।

७ ‡ आध्यात्मिक सूर्य के दो रूप हैं, स्थूल और सूक्ष्म। बाहर से विश्वाकार होने के कारण उस का रूप स्थूल है और भीतर से 'प्राथमिक आलोचन' का स्वरूप होने से उस का रूप सूक्ष्म है। प्रत्येक वस्तु के देखने से पूर्व उस वस्तु के विषय में आकार से रहित निर्विकल्प-भाव से जो प्रतीति होती है, उसे 'प्राथमिक आलोचन' या 'प्रथमाभास' कहते हैं। इसका अनुभव तो योगी-जन ही करते हैं।

*ऐन्द्रीमाशां पृथुकवपुषा पूरयित्वा क्रमेण
क्रान्ताः सप्त †प्रकटहरिणा येन पादेन लोकाः ।
कृत्वा ध्वान्तं विगलितबलिव्यक्ति पातालली नं
विश्वालोकः स जयति रविः सत्त्वमेवोर्ध्वरश्मिः ॥९॥

सः विश्व-आलोकः सत्त्वम् एव ऊर्ध्व-रश्मिः रविः जयति, येन पृथुक-वपुषा प्रकट-हरिणा विगलित-बलि-व्यक्ति ध्वान्तं पाताल-लीनं कृत्वा, (तथा) ऐन्द्रीम् आशां क्रमेण पूरयित्वा सप्त लोकाः (एकेन) पादेन क्रान्ताः ॥९॥

उस प्रकाशमय और उज्ज्वल किरणों वाले (चित् रूपी) सूर्य की जय हो, जो जगत का प्रकाशक है, जिस ने बाल-नारायण के रूप में बलिदानव के व्यक्तित्व को नष्ट करते हुए तथा (उस के कुलाभिमानात्मक) अन्धकार को पाताल में लीन कर के इन्द्र-दिशा अर्थात् पूर्व दिशा को क्रम से व्याप्त किया और जिस ने (इस प्रकार) सातों लोकों को एक ही पग में घेर लिया ॥ ९॥

---

८ * यहां 'सोम' शब्द प्राण-अपान की ओर संकेत करता है। देवता, पितर और मनुष्य क्रम से सात्त्विक, राजस और तामसिक वृत्तियों को सूचित करते हैं। प्राण और अपान के अन्दर तथा बाहर आने जाने से ही वृत्तियों को पुष्टि प्राप्त होती है। अतः प्राण और अपान इन वृत्तियों के द्वारा ही समाप्त होते हैं। पर वास्तव में प्राणापान की समाप्ति नहीं होती है, क्योंकि प्राणापान की जो बाह्य तथा आन्तरिक संधि है, वही इन को बार बार जीवन प्रदान करती है। तभी तो ये प्राणापान समाप्त होने में नहीं आते। इस श्लोक में इसी संधि रूपी सूर्य की स्तुति की गई है।

९ * पुराणों के अनुसार बाह्य सूर्य भी आत्मिक सूर्य की भाँति सात घोड़ों से चलाये जाने वाले रथ पर चढ़ कर पूर्व दिशा में

ध्यात्वा ब्रह्म प्रथममतनु प्राणमूले नदन्तं
दृष्ट्वा चान्तः प्रणवमुखरं व्याहृतीः सम्यगुक्त्वा ।
यत्तद्वेदे तदिति सवितुर्ब्रह्मणोक्तं वरेण्यं
तद्भर्गाख्यं किमपि परमं *धामगर्भं प्रपद्ये ॥१०॥

(अहं) प्रथमं प्रणव-मुखरं तत्-इति व्याहृतीः सम्यक् उक्त्वा, प्राण-मूले नदन्तम् अतनु ब्रह्म अन्तर् ध्यात्वा दृष्ट्वा च, तत् किम्-अपि परमं धाम-गर्भं भर्ग-आख्यं (तेजः) प्रपद्ये, यत् तत् सवितुः वरेण्यं (तेजः) ब्रह्मणा वेदे उक्तम् ॥१०॥

मैं पहले 'ओम्' शब्द के उच्चारण के साथ साथ 'तत्'—इत्यादि (गायत्री-मन्त्र-संबन्धिनी) व्याहृतियां भली भान्ति बोलता हूँ। (फिर) मूलाधार में स्थित, अनाहत शब्द करते हुए और देह (के संबन्ध) से रहित ब्रह्म का हृदय में ध्यान करता हूँ और (भीतर से उस का साक्षात्) दर्शन करता हूँ। (तत्पश्चात्) मैं उस अलौकिक, उत्कृष्ट और (सूर्य, चन्द्रमा और अग्नि के) प्रकाश से गर्भित भर्ग नामक (सूर्य के तेज) को प्रणाम करता हूँ, जिस के वरणीय रूप का वर्णन हिरण्यगर्भ ब्रह्मा ने वेद में किया है ॥१०॥

उदय करता है और उस की सारी किरणें क्षण भर में जहाँ संसार में व्याप्त होती हैं वहाँ इस के अन्धकार को भी नष्ट करती हैं।

९ † वास्तव में नारायण भी सूर्य का एक नाम है। गीता में भी कहा गया है—'आदित्यानामहं विष्णुः'।

१० * स्तोत्रकार ने चित्सूर्य को 'धाम-गर्भ' इस कारण से कहा है कि सूर्य, सोम और अग्नि का प्रकाश अथवा जाग्रत, स्वप्न तथा सुषुप्ति का प्रकाश इसी तुरीयरूप चित्सूर्य के प्रकाश में गर्भित है।

त्वां स्तोष्यामि स्तुतिभिरिति मे यस्तु भेदग्रहोऽयं
सैवाविद्या; तदपि सुतरां तद्विनाशाय युक्तः ।
स्तौम्येवाहं, त्रिविधमुदितं *स्थूलसूक्ष्मं परं वा
विद्योपायः पर इति बुधैर्गीयते †खल्वविद्या ॥११॥

(अहं) त्वां स्तुतिभिः स्तोष्यामि इति तु यः अयं भेद-ग्रहः मे (अस्ति), सा एव अविद्या (भवति, तथापि) तत् अपि तत्-विनाशाय सुतरां युक्तः । (तस्मात्) अहं त्रि-विधम् उदितं स्थूल-सूक्ष्मं परं वा (त्वां) स्तौमि एव, (यतः) खलु परः विद्या-उपायः बुधैः अविद्या इति गीयते ॥११॥

मैं तुझे स्तुतियों के द्वारा प्रसन्न करूँगा, इस प्रकार का जो मुझे भेदावेश हुआ है, वही अविद्या है । पर यही (अविद्या) तो (भेद-आवेश-रूपिणी) उस (अविद्या) को नष्ट करने में सर्वथा युक्त है । (आप के) तीन प्रकार से उदित स्थूल, सूक्ष्म और पर रूपों की मैं तो अवश्य स्तुति करके ही रहूँगा, (क्योंकि) आत्म-विद्या की प्राप्ति का उपाय ज्ञानियों ने अविद्या ही को कहा है ॥११॥

११* चित्सूर्य के स्थूल, सूक्ष्म और पर—ये तीन रूप कहे जाते हैं । इसका स्थूल रूप वही है, जो बाह्य सूर्य का है । इस का सूक्ष्म रूप वही है, जो ब्रह्म-नाड़ी का है, जिस का योगी-जन ही अनुभव करते हैं । और इस का पर रूप वही है जो समाधि और व्युत्थान के भेद से परे है और जो बाह्य तथा आन्तरिक जगत में एक जैसा रहता है । इसका अनुभव भी योगी ही करते हैं ।

११ † स्तोत्रकार ने यहां 'अविद्या से ही विद्या की प्राप्ति होती है', इस कथन की ओर संकेत किया है । वास्तव में अभिप्राय यह है कि होम, जप और हवन आदि जितने भी ईश्वर की प्राप्ति के साधन हैं, वे सभी अविद्या के अन्तर्गत ही हैं, क्योंकि ऐसे साधनों का प्रयोग करने से

*योऽनाद्यन्तोऽप्यतनुरगुणोऽणोरणीयान्महीया-
न्विश्वाकारः सगुण† इति वा कल्पनाकल्पिताङ्गः।
नानाभूत‡प्रकृतिविकृतीर्दर्शयन्भाति यो वा
तस्मै तस्मै भवतु परमादित्य! नित्यं नमस्ते ॥१२॥

हे परम-आदित्य! यः (भवान्) अन्-आदि-अन्तः अपि अतनुः अगुणः अणोः अणीयान् महीयान् विश्व-आकारः सगुणः इति वा कल्पना-कल्पित-अङ्गः (अस्ति), यः वा नाना-भूत-प्रकृति-विकृतीः दर्शयन् भाति, तस्मै तस्मै (नाना-रूप-धारिणे) ते नित्यं नमः भवतु ॥१२॥

हे महान् सूर्य! आप आदि और अन्त से रहित, शरीर के सम्पर्क से रहित, (सत्त्व आदि) गुणों से भिन्न, सूक्ष्म से सूक्ष्म, (महान् से) महान्, विश्वाकार और (सर्वज्ञता आदि) गुणों से युक्त हैं। इस प्रकार कल्पना के आधार पर आप का स्वरूप (भक्तों ने) निश्चित किया है। आप अनेक प्रकार के प्राणियों की प्रकृति तथा विकृति को दिखाते हुए (चारों ओर) दृष्टिगोचर होते हैं। (इस प्रकार से विद्यमान) आप के ही स्वरूप को नित्य नमस्कार हो ॥१२॥

ईश्वर तथा जीव में परस्पर भेद देखा जाता है। पर अन्त में इन्हीं साधनों के द्वारा तो ईश्वर-प्राप्ति होती है। अतः स्पष्ट ही है कि अविद्या से ही विद्या की प्राप्ति होती है।

१२ * इस श्लोक में दिनपति भगवान् की परिपूर्णता तथा अनवच्छिन्नता दिखाई गई है। 'परिपूर्णता' से युक्त उसे कह सकते हैं, जो परिपूर्ण तथा अपूर्ण दोनों ही हो। जो केवल परिपूर्ण हो और अपूर्ण न हो, उस को परिपूर्ण नहीं कह सकते हैं। परिपूर्णता तथा अनवच्छिन्नता परमात्मा की विश्वाकारता में ही लागू हो सकती हैं। इस लिए स्तोत्रकार

तत्त्वाख्याने त्वयि मुनिजनाः नेति नेति ब्रुवन्तः
श्रान्ताः, सम्यक्त्वमिति न च तैरीदृशो वेति चोक्तः ।
तस्मात्तुभ्यं *नम इति वचोमात्रमेवास्मि वच्मि
प्रायो यस्मात्प्रसरति तरां भारती ज्ञानगर्भा ॥१३॥

मुनि-जनाः त्वयि तत्त्व-आख्याने 'नेति नेति' ब्रुवन्तः श्रान्ताः (भवन्ति) । ईदृशः वा त्वम् (असि) इति च तैः सम्यक् न उक्तः । तस्मात् 'तुभ्यं नमः' इति वचः-मात्रम् एव वच्मि अस्मि, यस्मात् प्रायः (त्वद्-विषया) भारती ज्ञान-गर्भा (सती) तरां प्रसरति ॥१३॥

मुनिजन तेरे स्वरूप के विषय में 'नेति नेति' शब्द कहते हुए (व्यर्थ ही) थकते हैं । 'आप का स्वरूप इस प्रकार का है,' ऐसा भी वे निश्चित रूप से नहीं कहते । अतः मैं 'तुझे नमस्कार हो' इस वाणी मात्र का ही अवलम्बन करता हूं, क्योंकि यह वाणी यदा तदा (आप के अनुग्रह से) ज्ञान-गर्भित होकर ही प्रसार करती है अर्थात् सफल होती है ॥१३॥

ने स्थूल, सूक्ष्म, निर्गुण और सगुण आदि जगद्रूपता से ही प्रभु परमादित्य की स्तुति की है ।

१२ † ईश्वर के सर्वज्ञता आदि गुण ये हैं—सर्वज्ञता, तृप्ति, अनादि बोध, स्वतन्त्रता, अलुप्तशक्तिता और अनन्तशक्तिता ।

१२ * यहां प्राणियों की प्रकृति से उन के कारणों का अभिप्राय है और उन की विकृति का अर्थ है, उन के कार्य ।

१३ * परमात्मा के विषय में तर्कात्मिक बुद्धि अकिंचित्कर है । इसी लिए कवि ने पूर्व ऋषियों के वैज्ञानिक विचारों को एकदम ही तिलाञ्जलि दी है और केवल 'नमस्कार' अर्थात् आत्म-समर्पण

सर्वाङ्गीणः सकलवपुषामन्तरे योऽन्तरात्मा
तिष्ठन्काष्ठे दहन इव नो *दृश्यसे युक्तिशून्यैः ।
अद्य यत्ते प्राणारणिषु नियतंमथ्यमानासु सद्भि-
र्दृश्यं ज्योतिर्भवसि परमादित्य तस्मै नमस्ते ॥१४॥

हे परम-आदित्य ! सकल-वपुषाम् अन्तरे यः अन्तर्-आत्मा सर्वाङ्गीणः तिष्ठन् (अस्ति), (सः त्वं) युक्ति-शून्यैः (जनैः) काष्ठे दहनः इव नो दृश्यसे । मथ्यमानासु प्राण-अरणिषु नियतैः (अभ्यास-रतैः) सद्भिः यः च ज्योतिः दृश्यं भवसि तस्मै ते नमः ॥१४॥

हे (चित् रूपी) सूर्य ! सारे प्राणियों के हृदय में जो अन्तरात्मा सर्वाङ्गीण बन कर ठहरी हुई है, वही तुम युक्तिशून्य (मूर्ख जनों) को अरणि काष्ठ में (छिपी हुई) अग्नि की भाँति दिखाई नहीं देते । सज्जनों को जो तुम्हारा अलौकिक प्रकाश प्राण रूपी अरणि-काष्ठ को मथते (और सुलगाते) समय दिखाई देता है, उसी प्रकाश-स्वरूप तुम को नमस्कार हो ॥१४॥

के द्वारा ही ईश्वर की प्राप्ति सुलभ मानी है । वैज्ञानिक विचारों से तो आत्म-प्राप्ति के स्थान पर आत्माभिमान की ही वृद्धि होती है, पर आत्म-समर्पण करने से तो प्राणी शीघ्र ही ईश्वर के अन्तस्तल में सदा के लिए स्थान बना लेता है ।

१४ * क्या कारण है कि परमात्मा सभी प्राणियों के हृदय में ठहरा हुआ भी दृष्टिगोचर नहीं होता ? इस प्रश्न का समाधान यों हो सकता है कि ईश्वर का स्वरूप अत्यन्त निर्मल होने के कारण ही दिखाई नहीं देता । एक शैव आचार्य ने कहा है—

'माणिक्यप्रवेक इव निचोलितो निजमयूखलेखया ।
प्रतिभाति लौकिकानामत्यन्तस्फुटोऽप्यस्फुट आत्मा ॥' (म० मं०)

* स्तोता स्तुत्यः स्तुतिरिति भवान्कर्तृकर्मक्रियात्मा
क्रीडत्येकस्तव नुतिविधावस्वतन्त्रस्ततोऽहम् ।
यद्वा वच्मि प्रणयसुभगं गोपते तच्च तथ्यं
त्वत्तो ह्यन्यत्किमिव जगतां विद्यते तन्मृषा स्यात् ॥१५॥

हे गोपते ! भवान् कर्त्त-कर्म-क्रिया-आत्मा (एवं) स्तोता स्तुत्यः स्तुतिः इति एकः क्रीडति । ततः अहं तव नुति-विधौ अस्वतन्त्रः (अस्मि) । यद्वा (अहं) प्रणय-सुभगं (किञ्चित्) वच्मि, तत् च (अपि) तथ्यम् । हि जगतां (मध्ये) त्वत्तः अन्यत् इव किं विद्यते । (यदि किञ्चित् अस्ति) तत् मृषा स्यात् ॥१५॥

हे चित् रूपी आदित्य ! आप एक ही कर्ता, कर्म और क्रिया का रूप बन कर स्तुति करने वाले, स्तुति-देवता और स्तुति के रूप में क्रीड़ा करते हैं । इस कारण से मैं आप की स्तुति करने में असमर्थ हूं । मैं अब प्रेम-भाव से जो कुछ भी विनती करूं, उसे (आप) ठीक ही (समझें) । क्या तीनों लोकों में आप से भिन्न कोई वस्तु हो सकती है ? (कदापि नहीं) । ऐसा (कहना) तो (आकाश में फूल के होने के समान) असत्य है ॥१५॥

अर्थात् माणिक्य आदि रत्न अपनी अति निर्मल किरणों की छटा से आच्छादित होने के कारण दिखाई नहीं देते । इसी प्रकार आत्मा समस्त संसार को अपने उद्दीप्त तथा प्रज्वलित प्रकाश की झलक से प्रकाशित करके भी और अति स्वच्छ होने के कारण स्फुट होने पर भी अस्फुट ही है ।

इस के प्रत्युत योगी-जन इस कारण से ईश्वर का अनुभव करते

ज्ञानं नान्तःकरणरहितं विद्यतेऽस्मद्विधानां
त्वं चात्यन्तं सकलकरणागोचरत्वादचिन्त्यः ।
ध्यानातीतस्त्वमिति न विना *भक्तियोगेन लभ्य-
स्तस्माद्भक्तिं शरणममृतप्राप्तयेऽहं प्रपन्नः ॥१६॥

अस्मद्-विधानां ज्ञानम् अन्तःकरण-रहितं न विद्यते । त्वं च सकल-करण-अगोचरत्वात् अत्यन्तम् अचिन्त्यः (असि) । त्वं ध्यान-अतीतः इति भक्ति-योगेन विना न लभ्यः (असि) । तस्मात् अहम् अमृत-प्राप्तये भक्तिम् (एव) शरणं प्रपन्नः (अस्मि) ॥१६॥

हम जैसे (अल्पज्ञ) लोगों का ज्ञान अन्तःकरण से रहित होकर ठहर ही नहीं सकता, (अर्थात् मनुष्य का ज्ञान इन्द्रियों पर ही अवलम्बित है) । और आप सभी इन्द्रियों से अगोचर होने के कारण अत्यन्त अचिन्त्य हैं, (अर्थात् आप अन्तःकरण के द्वारा जाने ही नहीं जा सकते) । आप ध्यान से परे हैं, (अर्थात् आप का ध्यान भी नहीं किया जा सकता) । इस लिए भक्ति-योग के बिना आप प्राप्त नहीं हो सकते । अतः मैं (मोक्ष रूपी) अमृत की प्राप्ति के लिए (आप की) भक्ति की ही शरण में जाता हूँ, (अर्थात् आप को भक्ति के द्वारा ही रिझाता हूँ) ॥१६॥

हैं कि वे अपने अन्तःकरणों को प्राणायाम आदि साधनों से ईश्वर की भान्ति निर्मल बना कर अन्त में उसी में लय हो जाते हैं ।

१५ * ईश्वर वस्तुतः स्तुति-कर्ता, स्तुति-देवता और स्तुति के रूप में ठहरा हुआ है । इसी लिए कवि उस की स्तुति करने में अपने आप को असमर्थ समझता है, पर तो भी वह उस की स्तुति कर रहा है । इस का भी यही कारण है कि ईश्वर स्वयं स्तुति-कर्ता आदि के रूप में ठहरा हुआ है और यह अपने आप को उस से

* हार्दं हन्ति प्रथममुदिता या तमः संश्रितानां
सत्त्वोद्रेकात्तदनु च रजः कर्मयोगक्रमेण ।
स्वभ्यस्ता च प्रथयतितरां सत्त्वमेव, प्रपन्ना
निर्वाणाय व्रजति शमिनां तेऽर्क! भक्तिस्त्रयीव ॥१७॥

हे अर्क ! या ते भक्तिः उदिता (सती) प्रथमं संश्रितानां हार्दं तमः हन्ति, तदनु च सत्त्व-उद्रेकात् कर्म-योग-क्रमेण रजः (हन्ति), स्वभ्यस्ता च (सती) सत्त्वम् एव तरां प्रथयति, (एवं सा ते भक्तिः) प्रपन्ना (सती) शमिनां त्रयी इव निर्वाणाय व्रजति ॥१७॥

हे सूर्य ! आप की उदित हुई भक्ति पहले भक्तों के तमोगुण रूपी हार्दिक अन्धकार को नष्ट करती है। फिर (वह) सत्त्वगुण की अधिकता के कारण कर्मयोग द्वारा (उनके) रजोगुण को नष्ट-भ्रष्ट करती है। (तत्पश्चात्) भली भान्ति अभ्यस्त की गई (वह भक्ति) सत्त्व-गुण को ही बढ़ाती है। वही अवलम्बित की गई आप की भक्ति शान्तात्मा जनों को, तीन वेदों की भान्ति, मोक्ष दिलाती है ॥१७॥

अभिन्न ही मानता है। फिर भला उसकी स्तुति क्यों न करे।

१६ * इस श्लोक में भक्ति-योग का वास्तविक संकेत आत्म-समर्पण की ओर है, क्योंकि आत्म-समर्पण करने से ही परमात्मा की प्राप्ति होती है। इस बात को न जान कर कई योगी-जन ईश्वर का साक्षात्कार करने के लिये व्यर्थ ही अपने पुरुषार्थ का अभिमान करते हैं।

१७ * इस श्लोक में तमोगुण और रजोगुण आन्तरिक अपवित्रता और बाहरी अपवित्रता की ओर संकेत करते हैं।

*तामासाद्य श्रियमिव गृहे कामधेनुं प्रवासे
ध्वान्ते भातिं धृतिमिव वने, योजने ब्रह्मनाडिम् ।
नावं चास्मिन्विषमविषयग्राहसंसारसिन्धौ
गच्छेयं ते परममृतं यन्न शीतं न चोष्णम् ॥१८॥

(अहं) तां (भक्तिं), गृहे श्रियम् इव, प्रवासे कामधेनुम् इव, ध्वान्ते भातिम् इव, वने धृतिम् इव, योजने ब्रह्मनाडिम् इव, अस्मिन् विषम-विषय-ग्राह-संसार-सिन्धौ च नावम् इव, आसाद्य ते परमम् अमृतं गच्छेयं यत् न शीतं न च उष्णं (भवति) ॥१८॥

(आप की भक्ति) घर में लक्ष्मी की भान्ति, विदेश में कामधेनु की नाईं, (घने) अन्धकार में प्रकाश की झलक जैसी, जंगल में धैर्य के समान, परमात्मा से मिलाने में सुषुम्णा नाड़ी के तुल्य और भयंकर विषय रूपी ग्राहों से युक्त इस संसार-सागर में नौका के समान है। उसी (भक्ति) का आश्रय लेकर मैं आप के (उस) परम अमृत को प्राप्त हो जाऊँ, जो शीतोष्ण-भाव से रहित है ॥१८॥

---

१८ *इस श्लोक में कवि ने भक्ति का सर्वतोमुखी महत्व दिखलाने के लिए इस की कई सुन्दर उपमायें दी हैं। इसे (अर्थात् भक्ति को) शून्य गृह में लक्ष्मी के समान कहा गया है, क्योंकि यह प्रत्येक प्रकार का ऐश्वर्य प्रदान करती है। यह विचार-मात्र से ही शीघ्र फल देती है, इसलिए यह विदेश में कामधेनु के समान है। यह सूर्य आदि तेजधारियों के प्रकाश की भी प्रकाशिका होने के कारण प्रभा के समान है। यह वन में धैर्य के तुल्य है, क्योंकि इस से विश्रान्ति मिलती है। यह भक्त को परम-शिव से मिलाती है, इस लिए सुषुम्णा नाड़ी जैसी है। यह इस असार संसार-सागर के पार जाने में सहायता देती है अतः इसे नौका के समान कहा गया है।

अग्निसोमावखिलजगतः कारणं तौ मयूखैः
सर्गादाने सृजसि भगवन्ह्रासवृद्धिक्रमेण।
तावेवान्तर्विषुवति* समौ जुह्वतामात्मवह्नौ
द्वावप्यस्तं नयसि युगपन्मुक्तये भक्तिभाजाम् ॥१६॥

हे भगवन्! (त्वम्) अखिल-जगतः कारणं तौ अग्नि-सोमौ मयूखैः ह्रास-वृद्धि-क्रमेण सर्गादाने (सर्ग-आदान-निमित्तं सृजसि। (तथा) अन्तर् विषुवति आत्म-वह्नौ समौ जुह्वतां भक्ति-भाजां मुक्तये तौ द्वौ अपि एव युगपत् अस्तं नयसि ॥१६॥

हे भगवन्! प्राण और अपान सारे जगत के कारण हैं। आप इन को (अपनी चिद्रूप) किरणों के द्वारा घटाने और बढ़ाने के क्रम से बाहर निकालने और भीतर ले जाने के निमित्त उत्पन्न करते हैं। भक्त-जन इन को हृदयाकाश में प्रवर्तित विषुवत्कालात्मक* आत्माग्नि में साम्य-भाव से समर्पित करते हैं। फिर उन भक्तों को मुक्ति दिलाने के लिए आप इन दोनों (अर्थात् प्राण और अपान) को एक ही समय में लय करते हैं, (जिस के फल-स्वरूप वे भक्त आवागमन के चक्कर से छूट जाते हैं) ॥१६॥

१६* जिस हृदयाकाश से प्राणों की वृत्ति बाहर निकलती है, अर्थात् जहां से श्वास बाहर आना प्रारम्भ करता है, उसे अन्तःतुटि कहते हैं। जिस बाहिरी आकाश से अपान-वृत्ति भीतर जाने का प्रयत्न करती है, उसे बाह्य-तुटि कहते हैं। अन्तःतुटि और बाह्य-तुटि का जो समय-विशेष है, उसे 'विषुवत् कालांश' कहते हैं। योगी-जन इस का अवलम्बन करने पर समस्त संसार की वृत्तियों को लय करते हैं।

स्थूलत्वं ते प्रकृतिगहनं नैव लक्ष्यं ह्यनन्तं
सूक्ष्मत्वं वा तदपि सदसद्व्यक्त्यभावादचिन्त्यम् ।
ध्यायामीत्थं कथमविदितं त्वामनाद्यन्तमन्त-
स्तस्मादर्क! प्रणयिनि मयि स्वात्मनैव* प्रसीद ॥२०॥

हे अर्क ! ते स्थूलत्वं प्रकृति-गहनम्, हि अनन्तं नैव लक्ष्यम् । (यत्) वा (ते) सूक्ष्मत्वं, तत् अपि सत्-असत्-व्यक्ति-अभावात् अचिन्त्यम् (अस्ति) । इत्थम् अन्-आदि-अन्तम् अविदितं त्वां कथम् अन्तर् ध्यायामि । तस्मात् प्रणयिनि मयि स्वात्मना एव प्रसीद ॥२०॥

हे सूर्य भगवान् ! आपकी स्थूलता स्वाभाविक रूप से ही गूढ़ अर्थात् अगम्य है, क्योंकि (यह) अनन्त होने के कारण अदृश्य है । (आप के स्वरूप की) जो सूक्ष्मता है, वह भी सद्व्यक्ति और असद्व्यक्ति (अर्थात् साकार और निराकार रूप) से परे होने के कारण अचिन्त्य है । इस प्रकार मैं आप के आदि और अन्त से रहित तथा (सर्वथा) अज्ञात स्वरूप का ध्यान हृदय में कैसे कर सकूँ ? इस लिए प्रार्थना करने वाले मुझ पर आप स्वयं प्रसन्न हो जायें ॥२०॥

यत्तद्व्यं किमपि परमं शब्दतत्त्वं त्वमन्त-
स्तत्सद्व्यक्तिं जिगमिषु शनैर्लाति *मात्रा कलाः खे ।
अव्यक्तेन प्रणववपुषा बिन्दुनादोदितं स-
च्छब्दब्रह्मोच्चरति करणव्यञ्जितं वाचकं ते ॥२१॥

२० * वास्तव में यह कथन अक्षरशः सत्य है कि ईश्वर ही यदि किसी पर स्वयं प्रसन्न हों, तभी उस को प्राप्ति सुलभ हो सकती है । उस के अनुग्रह के बिना मानवीय पुरुषकार सीमित होने के कारण सर्वथा व्यर्थ तथा अकिञ्चित्कर है ।

यत् किमपि स्वम्, तत्-अन्तर परमं शब्द-तत्त्वं वेद्यम् । तत् सत्-व्यक्तिं जिगमिषु मात्रा-कलाः अव्यक्तेन प्रणव-वपुषा खे शनैः याति । (ततोऽपि) बिन्दु-नाद-उदितं करण-व्यञ्जितं ते वाचकं सत्-शब्द- ब्रह्म (स्वयम्) उच्चरति ॥२१॥

(परा वाणी के रूप में, वर्णों आदि के विभाग से रहित) जो आप का असामान्य और उत्कृष्ट स्वरूप है, उस के अन्तर्गत शब्द-तत्त्व (अर्थात् समस्त शब्दों का उदय-स्थान) जानने योग्य है । वह (शब्द-तत्त्व) सद्व्यक्ति (अर्थात् साकारता) को ग्रहण करने की इच्छा करता है । (फिर वह) चिदाकाश में ही (अकार आदि) मात्रा रूपिणी कलाओं अर्थात् शक्तियों को अव्यक्त ओंकार (अर्थात् पश्यन्ती वाणी) के रूप में धीरे धीरे ग्रहण करता है । (और) बिन्दु-नाद (अर्थात् प्रकाश और विमर्श) से निकला हुआ, दिव्य-करण-बन्ध से प्रकट बना हुआ और आप के स्वरूप का बोधक सत्-शब्द-ब्रह्म स्वयं उच्चरित होता है ॥२१॥

---

२१ * अकारश्च उकारश्च मकारो बिन्दुरेव च ।
अर्धचन्द्रो निरोधी च नादो नादान्त एव च ॥
शक्तिश्च व्यापिनी चैव समनैकादशी स्मृता ।
उन्मना तु ततोऽतीता तदतीतं निरामयम् ॥

अकार, उकार, मकार, बिन्दु, अर्धचन्द्र, निरोधी, नाद, नादान्त, शक्ति, व्यापिनी और समना—प्रणव की इन ग्यारह मात्राओं को जब योगी चिदाकाश में लय करता है, तब उस की 'उन्मना' नामक बारहवीं मात्रा अव्यक्त ओंकार के रूप में प्रकट होती है । इस अवस्था का अनुभव योगी-जन 'दिव्य-करण-बन्ध' से भली भांति कर सकते हैं । 'दिव्य-करण-बन्ध' किसे कहते हैं, इस का निर्णय पचासवें श्लोक की टीका में किया जाएगा । इन ग्यारह मात्राओं का अर्थ विस्तार-भय से नहीं लिखा जाता है ।

प्रातःसंध्यारुणकिरणभागृङ्मयं राजसं य-
न्मध्ये चापि ज्वलदिव यजुः शुक्लभाः सात्त्विकं वा।
सायं सामास्तमितकिरणं यत्तमोल्लासि रूपं
साह्नः सर्गस्थितिलयविधावाकृतिस्ते त्रयीव ॥२२॥

प्रातः-संध्या-अरुण-किरण-भाक् ऋङ्मयं यत् ते राजसं रूपम्, मध्ये च अपि ज्वलत् इव शुक्ल-भाः यजुः (यत् ते) सात्त्विकं (रूपम्), सायम् अस्तमित-किरणं साम यत् वा ते तम-उल्लासि-रूपम् (अस्ति), सा ते अह्नः आकृतिः (जगतः) सर्ग-स्थिति-लय-विधौ त्रयी इव (अस्ति) ॥२२॥

प्रातःकालिक संध्या की लालिमा से युक्त किरणों को धारण करने वाला जो आप का ऋग्वेद-मय राजस रूप है, मध्याह्न-काल की प्रज्वलित और श्वेत किरणों से युक्त जो आप का यजुर्वेद-मय सात्त्विक (रूप) है और अस्ताचल की ओर प्रयाण करती हुई सायं-कालीन किरणों से युक्त जो आप का साम-वेद-मय तामस (रूप) है, वही (अर्थात् इन तीनों रूपों को धारण करने वाली) आप की दिन रूपिणी मूर्ति सारे संसार की सृष्टि, स्थिति और संहार करने में वेद-त्रयी के समान है ॥२२॥

---

२२ *वास्तव में जिन तीन संध्याओं का यहां उल्लेख हुआ है, वे आन्तरिक संध्यायें ही हैं। इन का बोध गुरु-मुख से ही भली भान्ति हो सकता है। तथापि इन के विषय में केवल सांकेतिक रूप में कुछ बातें नीचे लिखी जाती हैं :—

प्राण रूपी दिन में तुरीय-रूप आकृति के तीन निर्विकल्प-स्थान लक्ष्य करने योग्य हैं। वे हृदय, तालु और बाह्य-द्वादशान्त में स्थित होते हैं। जब यह (अर्थात् प्राण रूपी दिन में तुरीय-रूप आकृति) हृदय के स्थान-विशेष से प्रस्थान करती है, तो उस समय-विशेष को 'प्राभातिक संध्या' कहते हैं। जब यह तालु के स्थान में से निकलती है,

ये * पातालोदधिमुनिनगद्वीपलोकाधिबीज-
च्छन्दोभूतस्वरमुखनदत्सप्तसप्तिं प्रपन्नाः ।
ये चैकाश्वं निरवयववाग्भावमात्राधिरूढं
ते त्वामेव स्वरगुणकलावर्जितं यान्त्यनश्वम् † ॥२३॥

ये पाताल-उदधि-मुनि-नग-द्वीप-लोक-आधि-बीज-छन्दस्-भूत-स्वर-मुख-नदत् सप्त-सप्तिं प्रपन्नाः, ये च निर्-अवयव-वाग्-भाव-मात्र-अधिरूढम् एक-अश्वं (त्वां प्रपन्नाः), ते स्वर-गुण-कला-वर्जितम् अन्-अश्वं त्वाम् एव यान्ति ॥२३॥

जो लोग (अतल आदि सात) पातालों, (क्षीर आदि सात) समुद्रों, (अत्रि आदि सात) ऋषियों, (महेन्द्र आदि सात) पर्वतों, (जम्बु आदि सात) द्वीपों, (भूः आदि सात) लोकों, (मोह आदि सात) आधियों, (जौ आदि सात) बीजों, (गायत्री आदि सात) छन्दों और (षड्ज आदि सात) स्वरों से शब्दायमान बने हुए आप के (पाञ्च ज्ञानेन्द्रिय, मन और बुद्धि रूपी) सात घोड़ों वाले स्वरूप (अर्थात् चित्सूर्य के साकार रूप) की शरण में जाते हैं और जो अवयवों से रहित 'पश्यन्ती' वाणी में स्थित और एक ही घोड़े से युक्त

तो उस समय-विशेष को 'माध्याह्निक संध्या' कहते हैं । और जब यह बाह्य-द्वादशान्त के स्थान को पहुंचती है, तो उस समय-विशेष को 'सायं-कालीन संध्या' कहते हैं ।

२३ * सात पातालों, समुद्रों आदि के नाम नीचे दिये जाते हैं:—

१. पद्मपुराण के अनुसार सात पातालों के नाम ये हैं :—
अतल, वितल, सुतल, तलातल, महातल, रसातल और पाताल ।
विष्णुपुराण के अनुसार सात पातालों के नाम ये हैं :—
अतल, वितल, नितल, गभस्तिमान्, महातल, सुतल और पाताल ।

आप के स्वरूप (अर्थात् निराकार रूप) का आश्रय लेते हैं, वे दोनों (प्रकार के लोग) घोड़ों की उपाधि से रहित तथा स्वरों, गुणों और कलाओं से मुक्त आप के स्वरूप को ही प्राप्त होते हैं ॥२३॥

अग्निपुराण के अनुसार सात पातालों के नाम ये हैं :—
अतल, सुतल, वितल, गभस्तिमान्, महातल, रसातल और पाताल।

२. सात समुद्रों के नाम ये हैं :—
क्षीर, दधि, सर्पि, इक्षुरस, मदिरा, स्वादधू और क्षार।

३. शतपथ-ब्राह्मण के अनुसार सात ऋषियों के नाम ये हैं :—
गौतम, भरद्वाज, विश्वामित्र, यमदग्नि, वसिष्ठ, कश्यप और अत्रि।

महाभारत के अनुसार सात ऋषियों के नाम ये हैं :—
अत्रि, मरीचि, अंगिरा, पुलह, क्रतु, पुलस्त्य और वसिष्ठ।

४. सात पर्वतों के नाम ये हैं :—
महेन्द्र, मलय, सह्य, शुक्ति, ऋक्ष, विन्ध्य और पारियात्र।

५. सात द्वीपों के नाम ये हैं :—
जम्बु, कुश, शाक, क्रौंच, शाल्मलि, गोमेध और पुष्कर।

६. सात लोकों के नाम ये हैं :—
भूर्लोक, भुवर्लोक, स्वर्लोक, महर्लोक, जनलोक, तपोलोक और सत्यलोक।

७. सात आधियों के नाम ये हैं :—
मोह, मद, गर्व, विषाद, क्रोध, भय और हर्ष।

८. सात बीजों के नाम ये हैं :—
जौ, शाली, माष, तिल, मूँग, कनक और मसूर।

९. सात छन्दों के नाम ये हैं :—
गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप्, बृहती, पंक्ति, त्रिष्टुप् और जगती।

१०. सात स्वरों के नाम ये हैं :—
षड्ज, ऋषभ, गान्धार, मध्यम, पञ्चम, धैवत और निषाद।

२३ † यहां यह विरोधाभास दिखाया गया है कि चित्सूर्य का भक्त उस के घोड़ों से युक्त रूप की शरण में जाने से उस के अश्व-रहित रूप को प्राप्त होता है, अर्थात् अश्वता का भजन करने से अनश्वता को प्राप्त होता है। उस की भक्ति के फल की इसी अलौकिकता की ओर यहां संकेत है।

दिव्यं ज्योतिःसलिलपवनैः पूरयित्वा त्रिलोकी-
मेकीभूतं पुनरपि च तत्सारमादाय गोभिः ।
अन्तर्लीनो विशसि वसुधां तद्गतः सूयसेऽन्नं
तच्च प्राणांस्त्वमिति जगतां *प्राणभृत्सूर्य आत्मा ॥२४॥

(हे भानो ! त्वं) त्रिलोकीं ज्योतिः-सलिल-पवनैः पूरयित्वा, एकी-भूतं तत् दिव्यं सारं गोभिः आदाय, पुनर् अपि अन्तर्-लीनः (भूत्वा), वसुधां विशसि । (ततः) तत्-गतः (सन्) अन्नं सूयसे, तत् च (अन्नं) प्राणान् (सूयते), इति त्वं जगतां प्राण-भृत् सूर्यः आत्मा (असि) ॥२४॥

(हे चित्-सूर्य !) आप तीनों लोकों को अग्नि, जल और वायु से तृप्त करते हैं । (फिर उन के) एकत्र हुए अलौकिक सार को चिद्रश्मियों के द्वारा ग्रहण करके तथा अन्तर्मुख होकर (परा भूमि रूपिणी) पृथ्वी में प्रवेश करते हैं । उस में प्रविष्ट होकर आप (आनन्द रूपी) अन्न को उत्पन्न करते हैं । वह अन्न प्राणों को उत्पन्न करता है । इस प्रकार आप सारे जगत के प्राण-पोषक, सूर्य और परमात्मा (कहलाये जाने योग्य हैं) ॥२४॥

---

२४ * बाह्य सूर्य भी आत्मिक सूर्य की भान्ति 'भूर्भुवः स्वः' नामक तीनों लोकों को समय समय पर प्रकाश (अर्थात् अग्नि), जल तथा वायु के द्वारा तृप्त करता है । तदनन्तर इन से एकत्र हुए रसरूप सार को ग्रीष्म-आदि ऋतुओं में अपनी किरणों के द्वारा पृथ्वी से आकर्षित करता है और वर्षा के रूप में उस रस को भूमि पर बहा कर अन्न आदि खाद्य पदार्थों से प्राणि-मात्र की रक्षा करता है । अतः बाह्य सूर्य को भी 'प्राण-पोषक' की उपाधि से विभूषित किया जाता है ।

*अग्नीषोमौ प्रकृतिपुरुषौ बिन्दुनादौ च नित्यौ
प्राणापानावपि दिननिशे ये च सत्यानृते द्वे
धर्माधर्मौ सदसदुभयं योऽन्तरावेश्य योगी
वर्तेतात्मन्युपरतमतिर्निर्गुणं त्वां विशेत्सः ॥२५॥

(हे अर्क ! यौ) नित्यौ अग्नि-सोमौ, प्रकृति-पुरुषौ, बिन्दु-नादौ, प्राण-अपानौ, धर्म-अधर्मौ च, (तथा) ये द्वे सत्य-अनृते, दिन-निशे च (भवतः, तौ एवं) सत्-असत् उभयं च अन्तर् आवेश्य, यः योगी उपरत-मतिः (सन्) आत्मनि वर्तेत, सः त्वां निर्गुणं विशेत् (एव) ॥२५॥

(हे चित्-सूर्य ! समस्त संसार में) सदा व्याप्त होने वाले अग्नि-चन्द्रमा, प्रकृति-पुरुष, बिन्दु-नाद, प्राण-अपान, दिन-रात, सत्य-असत्य, धर्म-अधर्म और सत्-असत् आदि जितने भी द्वन्द्व हैं, उन्हें जो योगी अपने हृदय में प्रविष्ट अर्थात् लय करके तथा (उन द्वन्द्वों से) निवृत्त होकर आत्मानन्द में ठहरता है, वही आप के निर्गुण (अर्थात् गुणातीत) स्वरूप में (भली-भान्ति) प्रवेश करता है ॥२५॥

गर्भाधानप्रसवविधये सुप्तयोरिन्दुभासा
सापत्न्येनाभिमुखमिव खे कान्तयोर्मध्यसंस्थः ।
द्यावापृथ्व्योर्वदनकमले गोमुखैर्बोधयित्वा
पर्यायेणापिबसि भगवन्षड्रसास्वादलोलः ॥२६॥

२५. * 'अग्नीषोम' से लेकर 'सदसत्' तक जितने भी द्वन्द्व इस श्लोक में कहे गये हैं, उन से समस्त संसार में विद्यमान द्वन्द्वों का उपलक्षण किया जाता है । अभिप्राय यह है कि सभी सांसारिक द्वन्द्वों के मध्य में ठहरा हुआ ईश्वर सारे संसार का आधार बना हुआ है ।

हे भगवन् ! (त्वं) षट्-रस-आस्वाद-लोलः मध्य-संस्थः सापत्न्येन अभिमुखम् इव (कृत्वा) इन्दु-भासा खे सुप्तयोः कान्तयोः द्यावापृथ्व्योः वदन-कमले गो-मुखैः बोधयित्वा गर्भ-आधान-प्रसव-विधये पर्यायेण आ पिबसि ॥२६॥

हे भगवन् ! आप 'षडानन्द' भूमियों का आस्वाद लेने के इच्छुक तथा (सारे संसार के) मध्य में ठहरे हुए हैं। आप परस्पर प्रतियोगी-भाव से प्रकट बने हुए, आकाश (अर्थात् शून्यावस्था) में सोये हुए और सुन्दर (प्राण-अपान-रूपी) आकाश और पृथ्वी के ('अन्तर्द्वादशान्त' और 'बाह्य-द्वादशान्त' में स्थित संधि-द्वयात्मक) मुख-कमलों को चिद्रश्मियों से विकसित करते हैं। (फिर आप उन्हें अपनी ही किरणों के द्वारा सारे संसार के) प्रवेश और प्रसर के निमित्त क्रम से पीते हैं (अर्थात् विमर्श करते हैं) ॥२६॥

*सोमं पूर्णामृतमिव चरुं तेजसा साधयित्वा
कृत्वा तेनानलमुखजगत्तर्पणं वैश्वदेवम्।
आमावस्यं विधसमिव खे †तत्कलाशेषमश्नन्
ब्रह्माण्डान्तर्गृहपतिरिव स्वात्मयागं करोषि ॥२७॥

२६ * इस श्लोक में आकाश और पृथ्वी शब्दों में 'अन्तर्द्वादशान्त' और 'बाह्य-द्वादशान्त' की ओर संकेत है। इन दोनों द्वादशान्तों का निर्णय अगले श्लोक में किया जायेगा।

२६ † 'गोमुख' शब्द से चिद्रश्मियों की सूचना मिलती है।

२६ ‡ षट्सों में 'षडानन्द' भूमियों की ओर संकेत किया गया है। यथा—निजानन्द, निरानन्द, ब्रह्मानन्द, महानन्द, चिदानन्द और जगदानन्द। ये आनन्द की भूमियां अत्यन्त रहस्य-पूर्ण होने के कारण अवर्णनीय हैं। योगी-जन ही इन का आस्वाद लेने के लिए लालायित तथा रसिक होते हैं।

(हे भगवन् ! त्वं) तेजसा सोमं पूर्ण-अमृतं चरुम् इव साधयित्वा, तेन अनल-मुख-जगत्-तर्पणं वैश्वदेवं कृत्वा (एवम्) आमावस्यं विधसम् इव तत्-कला-शेषं स्वे अश्नन्, ब्रह्माण्ड-अन्तर् गृहपतिः इव स्वात्म-यागं करोषि ॥२७॥

(हे भगवान् ! आप अपने) चित्-प्रकाश से (प्राण-अपान रूपी) चन्द्रमा को पूर्णामृत से भरे हुए हव्यान्न के समान बनाते हैं। (फिर) उसी (हव्यान्न) से (उदान रूपी) अग्नि के द्वारा सारे जगत का तर्पणात्मक वैश्वदेव यज्ञ करते हैं। (इस के बाद आप प्राण और अपान की पारस्परिक संधि रूपिणी) अमावस्या की उस (द्वादशान्तात्मक) अवशिष्ट अमा-कला का, हुत-शेष को नाईं, स्वयं चिदाकाश में आस्वाद लेते हैं। (इस प्रकार) आप ब्रह्माण्ड (रूपी अपने घर) में गृहपति की भान्ति (सदा) आत्म-यज्ञ करते रहते हैं ॥२७॥

---

२७ ❀ आन्तरिक चन्द्रमा अपान-वायु बन कर 'बाह्य-द्वादशान्त' से भीतर की ओर सञ्चार करते करते पंद्रह तुटि रूपी शुक्लपक्ष के पंद्रह दिनों का उल्लङ्घन करता है। फिर हृदयाकाश में स्थित और तुर्य्यधाँश से सीमित 'अन्तर्द्वादशान्त' पर बाह्य-चन्द्रमा की नाईं परिपूर्ण-कला से संयुक्त हो कर आन्तरिक पूर्णिमा के अमृत का आस्वाद लेता है। इसी तरह परिपूर्णता को प्राप्त हुआ भी चन्द्रमा प्राण-रूप बन कर 'अन्तर्द्वादशान्त' से प्रसारित होते हुए पंद्रह तुटि-रूपी कृष्णपक्ष में क्रम से क्षीण होता है और क्षीण होकर 'बाह्यद्वादशान्त' में स्थित तुर्य्य-धाँश रूपी आन्तरिक अमावस्या पर अमाकला का आस्वाद लेता है। इसी प्रकार आन्तरिक पूर्णिमा तथा आन्तरिक अमावस्या का आस्वाद लेते हुए योगी-जन वास्तविक गृहपति बन कर सदा 'आत्मयाग' का अनुभव किया करते हैं।

२७ † प्राण और अपान के, हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक, चलने में ३६ अंगुलों के समान समय लगता है। सवा दो अंगुलों के समान समय को तुटि कहते हैं। हृदयाकाश और बाह्य-द्वादशान्त पर

कृत्वा नक्तंदिनमिव जगद्बीजमाव्यक्तिकं य-
तत्रैवान्तर्दिनकर तथा ब्राह्ममन्यत्ततोऽल्पम्।
दैवं पित्र्यं क्रमपरिगतं मानुषं चाल्पमल्पं
कुर्वन्कुर्वन्कलयसि जगत्पञ्चधावर्तनाभिः ॥२८॥

हे दिनकर! यत् जगत्-बीजम् आव्यक्तिकं नक्तंदिनम् (अस्ति), तत् कृत्वा, तथा तत्रैव अन्तर् ततः अल्पं ब्राह्मं (नक्तंदिनं कृत्वा, एवम्) दैवं, पित्र्यं, मानुषं च (नक्तंदिनं) क्रम-परिगतम् अल्पम् अल्पं कुर्वन् कुर्वन् पञ्चधा आवर्तनाभिः जगत् कलयसि ॥२८॥

हे (चित्स्वरूप) सूर्य ! आप (पहिले) उस प्राकृतिक दिन (अर्थात् दिन और रात के समय-विभाग) को रचते हैं, जो (सारे) जगत का कारण है। (फिर) उसी दिन के अन्दर उस से छोटे ब्रह्म के दिन को (रच कर) देवताओं, पितरों और मनुष्यों के दिनों को रचते हैं, जो क्रम-पूर्वक एक दूसरे से (परिमाण में) छोटे होते हैं। (इस प्रकार आप इन) पञ्च प्रकार के चक्करों से जगत को रचना करते हैं ॥२८॥

अर्थात् संधियों पर स्वाभाविक रूप से ज़रा ठहरने में आधी आधी तुटि लगती है। इस प्रकार प्राणापान को हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक सञ्चार करने में पंद्रह तुटियों का समय लगता है और यही पंद्रह तुटियां पक्ष के पंद्रह दिनों के समान मानी गई हैं। प्राण के हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक चलने के समय (अर्थात् पंद्रह तुटियों) को कृष्णपक्ष के पंद्रह दिनों के समान और अपान के बाह्य-द्वादशान्त से हृदयाकाश तक पहुँचने के समय (अर्थात् पंद्रह तुटियों) को शुक्ल-पक्ष के पंद्रह दिनों के समान माना गया है।

तत्त्वालोके तपन सुदिने ये पुरः संप्रबुद्धाः
ये वा चित्तोपशमरजनीयोगनिद्रामुपेताः ।
*तेऽहोरात्रोपरमपरमानन्दसंध्यासु सौरं
भित्त्वा ज्योतिः परमपरमं यान्ति निर्वाणसंज्ञम् ॥२६॥

हे तपन ! ये (योगिनः) तत्त्व-आलोके सुदिने पुरः संप्रबुद्धाः, ये वा चित्त-उपशम-रजनी-योगनिद्राम् उपेताः (भवन्ति), ते अहोरात्र-उपरम-परमानन्द-संध्यासु सौरं ज्योतिः भित्त्वा परम-परमं निर्वाण-संज्ञं (पदं) यान्ति ॥२६॥

हे सूर्य ! जो (योगी-जन) आत्म-ज्ञान रूपी प्रशस्त दिन के समय पूर्ण रूप में सचेत हो जाते हैं और जो (संकल्प-विकल्पों से रहित) चित्त की शान्ति रूपिणी रात में योगनिद्रा में मग्न हो जाते हैं, वे (योगी) दिन और रात (अर्थात् प्राण और अपान) की निवृत्ति रूपी परमानन्द से पूरित संध्याओं के समय (प्राण रूपी) सूर्य के स्थूल प्रकाश को हटा कर मोक्ष नामक अति उत्तम पदवी को प्राप्त होते हैं ॥२६॥

---

२८ * स्वच्छन्द आदि बृहत् ग्रन्थों में उपरोक्त दिन-रात्रियों के विषय में निम्न-लिखित रीति से वर्णन किया गया है :—

मनुष्य-संबन्धी दिन-रात्रि तीस मुहूर्त्तों की होती है । इस रीति के अनुसार एक वर्ष में दो अयन होते हैं; उत्तरायण तथा दक्षिणायन । दक्षिणायन में पितरों तथा देवताओं की रात्रि और उत्तरायण में दिन होता है । चार हज़ार युगों का एक कल्प होता है, इसे ब्रह्मा का एक दिन माना जाता है । इसी रीति से ब्रह्मा की आयु सौ वर्ष में समाप्त होती है । ब्रह्मा की यह आयु एक प्राकृतिक दिन के समान मानी गई है । इन उपरोक्त दिन-रात्रियों की सृष्टि तथा संहृति चित्सूर्य ही किया करता है ।

आब्रह्मेदं नवमिव जगज्जङ्गमस्थावरान्तं
सर्गे सर्गे विसृजसि रवे! गोभिरुद्रिक्तसोमैः।
दीप्तैः प्रत्याहरसि च लये तद्यथायोनि भूयः
सर्गान्तादौ प्रकटविभवां दर्शयन्रश्मिलीलाम्* ॥३०॥

हे रवे! (त्वम्) आब्रह्म जङ्गम-स्थावर-अन्तम् इदं जगत् दीप्तैः उद्रिक्त-सोमैः गोभिः सर्गे सर्गे नवम् इव विसृजसि, (तथा) तत् (इदं जगत्) लये च यथा-योनिः भूयः प्रत्याहरसि। (एवं त्वं) सर्ग-अन्त-आदौ प्रकट-विभवां रश्मि-लीलां दर्शयन् (स्थितः असि) ॥३०॥

हे (चित्-स्वरूप) सूर्य! आप ब्रह्मा से लेकर स्थावर और जङ्गम तक (सभी वस्तुओं से युक्त) इस (सारे) संसार को अपनी उज्ज्वल तथा अमृत-मय किरणों से प्रत्येक सृष्टिकाल में नये सिरे से उत्पन्न करते हैं। प्रलय के समय अपने कारण के अनुसार उस (जगत) को फिर संहृत करते हैं। (इस प्रकार) आप सृष्टि के प्रारम्भ और अंत के समय प्रकट ऐश्वर्य वाली (अपनी) चिद्रश्मियों की लीला को दिखाते हैं ॥३०॥

---

२९ ❀ प्राण-अपान रूपी दिन-रात के अवसान में ही आन्तरिक संध्याओं का अनुभव होता है।

२९ † सूर्य संबन्धी ज्योति प्राणों के प्रसरप्रवेशात्मक स्थूल गति की ओर ही संकेत करती है।

३० * ब्रह्मा से लेकर स्थावर, जंगम आदि वर्ग तक सभी वस्तुओं से युक्त इस सारे संसार का उत्पन्न तथा नष्ट होना ही उस पारमार्थिक सूर्य की शक्ति रूपिणी किरणों का विकास है। इस लिए संसार की सृष्टि और संहृति से इस की असत्यता का विचार करना सर्वथा असंगत है।

श्रित्वा नित्योपचितमुचितं *ब्रह्मतेजःप्रकाशं
रूपं सर्गस्थितिलयमुचा सर्वभूतेषु मध्ये ।
अन्तेवासिष्विव सुगुरुणा यः परोक्षः प्रकृत्या
†प्रत्यक्षोऽसौ जगति भवता दर्शितः स्वात्मनात्मा ॥३१॥

(हे भगवन् !) सर्ग-स्थिति-लय-मुचा भवता स्वात्मना नित्य-उपचितम् उचितं ब्रह्म-तेजः-प्रकाशं रूपं श्रित्वा, सर्व-भूतेषु मध्ये अन्तेवासिषु सुगुरुणा इव असौ आत्मा जगति प्रत्यक्षः दर्शितः, यः प्रकृत्या परोक्षः (अपि अस्ति) ॥३१॥

(हे भगवान् !) आप सृष्टि, स्थिति और संहार (के चक्कर) से मुक्त हैं। (आप) सदा परिपूर्ण होने वाले, प्रशंसनीय और ब्रह्मतेज के प्रकाश से युक्त रूप का आश्रय लेते हैं और संसार के सभी प्राणियों के बीच में (अपने भक्तों को) स्वयं ही उस आत्मा का प्रत्यक्ष रूप में दर्शन कराते हैं, जो स्वभाव से ही अदृश्य है, जैसे तत्त्वदर्शी गुरु (अपने) शिष्यों को कराता है ॥३१॥

---

३१ * सारे संसार में जो सब से बड़ा है और जो इस संसार को अपने प्रकाश से बढ़ाता है, उसे ब्रह्म कहते हैं।

३१ † उपरोक्त श्लोक में कहा गया है कि आत्मा स्वभाव से परोक्ष होते हुए भी भक्तों को प्रत्यक्ष रूप में दीख पड़ती है। अब यहां यह शंका उठती है कि जो वस्तु स्वभाव से ही परोक्ष हो, उस का प्रत्यक्ष होना कहां तक संभव है। इस शंका का समाधान तो यों हो सकता है कि वास्तव में भक्त-जन उस आत्मा की प्रत्यक्षता का अनुभव इन चर्म-चक्षुओं से नहीं करते, अपितु ज्ञान से ही उस के आनन्द-रस का अनुभव करते हैं। इस लिए इस श्लोक में प्रत्यक्ष शब्द का संकेत चर्म-चक्षुओं से नहीं, वरन् ज्ञान के द्वारा ही आत्मा की स्थिति का अनुभव करने की ओर है।

लोकाः सर्वे वपुषि नियतं ते *स्थितास्त्वं च तेषा-
मेकैकस्मिन्युगपदगुणो विश्वहेतोर्गुणीव।
इत्थंभूते भवति भगवन्! त्वदन्योऽस्मि सत्यं
किन्तु †ज्ञस्त्वं परमपुरुषोऽहं प्रकृत्यैव चाज्ञः ॥३२॥

हे भगवन्! विश्व-हेतोः ते वपुषि सर्वे लोकाः नियतं स्थिताः। त्वं च तेषाम् एक-एकस्मिन् (रूपे) युगपत् (स्थितः, अतः त्वम्) अगुणः (अपि) गुणी इव (प्रतिभासि)। इत्थंभूते भवति (सति, अहं) न त्वद्-अन्यः अस्मि, (इदं तु) सत्यम्। किन्तु त्वं परमपुरुषः ज्ञः, अहं च प्रकृत्या एव अज्ञः (अस्मि)॥३२॥

हे भगवान्! आप सारे संसार के कारण हैं। आप के स्वरूप में सारे लोक (अर्थात् तीनों लोकों में होने वाले सभी जड़ और चेतन पदार्थ) सदा स्थित रहते हैं और आप उन में से प्रत्येक (के रूप) में एक ही समय पर (सदा स्थित रहते) हैं। (इस लिए आप) निर्गुण होने पर (भी) सगुण के समान हैं। जब आप ऐसे (कहे जा सकते) हैं, तो सचमुच ही मैं आप से भिन्न (कोई चीज़) नहीं हूँ। किन्तु (हम दोनों में भेद यही है कि) आप परमपुरुष और सर्वज्ञ हैं और मैं (आप की ही माया से प्रभावित होने के कारण) स्वाभाविक रूप से अल्पज्ञ (और मूर्ख) हूँ ॥३२॥

---

३२ * सारे ब्रह्मादि लोक ईश्वर में ठहरे हुए हैं और ईश्वर उन में ठहरा हुआ है। ये एक दूसरे से विरुद्ध दो बातें इस श्लोक में कही गई हैं। यह कथन वहीं लागू हो सकता है, जहां परस्पर सजातीय वस्तुओं का ही संबन्ध हो, अर्थात् दो विजातीय वस्तुओं में यह नियम नहीं घट सकता। घटाकाश में विस्तृत आकाश और विस्तृत आकाश में घटाकाश इसी लिए स्थित हैं, क्योंकि वे दोनों सजातीय ही हैं, अर्थात् आकाशत्व दोनों में समान ही है। अतः सिद्ध होता है कि

संकल्पेच्छाद्यखिलकरणप्राणवाण्यो वरेण्याः
संपन्ना मे त्वदभिनवनाज्जन्म चेदं शरण्यम् ।
मन्ये चास्तं *जिगमिषु शनैः पुण्यपापद्वयं तं-
†द्भक्तिश्रद्धे तव चरणयोरन्यथा नो भवेताम् ॥३३॥

(हे दिनपते ! अहं) मन्ये (यत्) त्वद्-अभिनवनात् मे संकल्प-इच्छा-आदि-अखिल-करण-प्राण-वाण्यः वरेण्याः संपन्नाः । इदं (मम) जन्म च शरण्यं (संपन्नम्) । तत् (मम) पुण्य-पाप-द्वयं च (अपि) शनैः अस्तं जिगमिषु (भवति), अन्यथा तव चरणयोः भक्ति-श्रद्धे नो भवेताम् ॥३३॥

(हे सूर्य भगवान् !) मेरा विचार है कि आप की स्तुति करने के फल-स्वरूप मेरे संकल्प, इच्छायें, सभी इन्द्रियां, प्राण और वाणी आदि वरणीय बन गये हैं (अर्थात् लोकानुग्रह करने के साधन बन गये हैं) । (मेरा) यह जन्म (आर्त्तों की दुःखनिवृत्ति करने के कारण) रक्षक बन गया है । (इसके अतिरिक्त मेरे) वे (अर्थात् अनेक जन्मों में किये गये) पुण्य और पाप (रूपी कर्म) भी धीरे धीरे नष्ट होने को हैं । नहीं तो आप के चरणों की भक्ति और श्रद्धा (मुझे प्राप्त) न होती ॥ ३३ ॥

ईश्वर और जीव परस्पर सजातीय ही हैं, तभी तो जीव का ईश्वर में ठहरना और ईश्वर का जीव में स्थित होना सिद्ध हो सकता है ।

३२ † कवि ने इस श्लोक में यह बात स्पष्टता से दिखाई है कि परमात्मा सर्वज्ञ है और जीव अल्पज्ञ है । अतः इन दोनों का आपस में महान् भेद है, पर यह भेद वास्तविक भेद नहीं है, अपितु आरोपित किया हुआ है । माया रूपी अज्ञान को हटाने से यह भेद नहीं रहता ।

३३ * ज्ञान-प्राप्ति के समय ज्ञानी के संचित-कर्म तथा आगामि-कर्म स्वयं दग्ध हो जाते हैं, पर फिर भी उसे प्रारब्ध कर्मों को जन्म

सत्यं भूयो जननमरणे त्वत्प्रपन्नेषु न स्त-
स्तत्राप्येकं तव नुतिफलं जन्म याचे, तदित्थम् ।
*त्रैलोक्येशः शम इव परः पुण्यकायोऽप्ययोनिः
संसाराब्धौ ध्रुव इव जगत्तारणाय† स्थिरः स्याम् ॥३४॥

(हे भगवन् ! इदं) सत्यं (यत्) त्वत्-प्रपन्नेषु जनन-मरणे भूयः न स्तः । तत्रापि (अहं) तव नुति-फलम् एकं जन्म याचे । तत् इत्थं (भवतु—अहं) त्रैलोक्य-ईशः परः शमः इव पुण्य-कायः अपि अयोनिः (सन्) संसार-अब्धौ जगत्-तारणाय स्थिरः ध्रुवः इव स्याम् ॥३४॥

(हे सूर्य भगवान् ! यह बात) सत्य है कि आप की शरण में आये हुए (भक्त-जन) जन्म-मरण (के चक्कर) से सदा के लिए छूट जाते हैं । (अतः मैं भी आप का भक्त होने से जन्म-मरण के बन्धन से सदा मुक्त हूँ) तथापि मैं आप की स्तुति के फलस्वरूप (आप से) एक और जन्म (की प्राप्ति) के लिए प्रार्थना करता हूं । वह (जन्म)

भर अर्थात् देहान्त तक अवश्य भोगना पड़ता है । इसी लिए कवि ने इस श्लोक में पुण्य-पाप रूपी कर्मों को नष्ट-प्राय ही कहा है, संपूर्ण रूप से इनका नष्ट होना नहीं कहा है ।

३३ † भक्ति तथा श्रद्धा परमात्मा की अनुग्रह-शक्ति का प्रथम चिह्न हैं । ज्ञानियों का भी कहना है—

'तस्यैव तु प्रसादेन भक्तिरुत्पद्यते नृणाम् ।'
'तत्रैतत्प्रथमं चिह्नं तदे भक्तिः सुनिश्चला'

अर्थात् परमात्मा के अनुग्रह से ही मनुष्यों के हृदय में भक्ति उत्पन्न होती है । परमात्मा की अचल भक्ति का हृदय में स्वयं उत्पन्न होना ही उसके अनुग्रह का पहिला तथा मुख्य चिह्न है ।

ऐसा हो कि मैं तीनों लोकों का स्वामी, सर्वश्रेष्ठ, शांति-स्वरूप, पवित्र शरीर वाला और योनि से न उत्पन्न हुआ (अर्थात् इच्छा-मात्र से ही शरीर धारण करने वाला) होते हुए (इस) संसार रूपी समुद्र में जगत (के प्राणियों) को तारने के लिए एक स्थिर नौका के समान बनूं ॥ ३४॥

*सौषुम्णेन त्वममृतपथेनैत्य शीतांशुभावं
पुष्णास्यग्रे सुरनरपितॄन् शान्तभाभिः कलाभिः ।
पश्चादम्भो विशसि विविधाश्चौषधीस्तद्गतोऽपि
प्रीणास्येवं त्रिभुवनमतस्ते जगन्मित्रतार्क ॥३५॥

हे अर्क ! त्वम् अमृत-पथेन सौषुम्णेन शीतांशु-भावम् एत्य अग्रे शान्त-भाभिः कलाभिः सुर-नर-पितॄन् पुष्णासि, पश्चात् अम्भः विविधाः औषधीः च विशसि । एवं तद्-गतः अपि त्रिभुवनं प्रीणासि । अतः ते जगत्-मित्रता (युक्ति-युक्ता भवति) ॥३५॥

हे सूर्य ! आप सुषुम्णा के अमृतमय मार्ग से चन्द्र-भाव को प्राप्त होकर पहले शान्त बनी हुई किरणों से युक्त कलाओं से देवताओं, मनुष्यों और पितरों का पालन-पोषण करते हैं । उसके बाद जल तथा नाना प्रकार की औषधियों में प्रविष्ट हो कर तीनों लोकों को सुखी बनाते हैं । इस कारण से आप की जगन्मित्रता स्पष्ट रूप में दीख पड़ती है । (अर्थात् शास्त्रों में जो 'मित्र' शब्द आप के नाम के रूप में प्रयुक्त हुआ है, वह वास्तव में सार्थक ही है) ॥३५॥

---

३४ * उपरोक्त श्लोक में तीनों लोकों का स्वामित्व प्राप्त करने का अभिप्राय यही है कि मैं जाग्रत, स्वप्न तथा सुषुप्ति, इन तीनों अवस्थाओं में स्वतन्त्र बनूं अर्थात् तीनों अवस्थाओं के वैकल्पिक उपद्रवों से सदा के लिये मुक्त हो जाऊँ ।

३४ † 'मैं संसार-सागर में डूबे हुए प्राणी-मात्र को पार कराने में पोत का काम करूँ'—इस वाक्यावली से यह स्पष्ट सिद्ध होता है कि सच्चे भक्त लोकोद्धार करना ही अपना मुख्य उद्देश्य समझते हैं, क्योंकि सच्चे भक्त अपने उद्देश्य की पूर्ति के कारण कृतकृत्य बने होते हैं। अतः उन्हें लोकोद्धार करने से भिन्न अपना कोई भी प्रयोजन नहीं होता। विद्वानों ने कहा भी है—

'स्वं कर्तव्यं किमपि कलयंल्लोक एष प्रयत्ना-
न्नो पारार्थ्यं प्रति घटयते काञ्चन स्वप्रवृत्तिम्।
यस्तु ध्वस्ताखिलभवमलो भैरवीभावपूर्णः
कृत्यं तस्य स्फुटमिदमियल्लोककर्तव्यमात्रम्॥'

अर्थात् यद्यपि संसारी मनुष्य प्रत्येक कार्य बड़े प्रयत्न से करते हैं, तो भी वह कार्य स्वार्थ पर ही अवलम्बित होता है। किन्तु जो ज्ञानी परमात्मभाव से परिपूर्ण और सांसारिक मलों से रहित होता है, उस का मुख्य कार्य लोकानुग्रह ही होता है।

३५ ‡ इस स्थल में 'चन्द्रभाव' का तात्पर्य प्राणापानवृत्ति से है। 'देवताओं, मनुष्यों और पितरों', इन शब्दों में क्रम से सात्त्विक, राजस तथा तामस वृत्तियों की ओर संकेत है। 'जल' शब्द से पञ्चमहाभूतों का उपलक्षण होता है। अभिप्राय यह है कि सुषुम्णा नाड़ी से श्वास उत्पन्न होता है, उसे ही चन्द्र भी कहते हैं। प्राण-अपान की संधि को ही शीतल किरणों का नाम दिया जाता है। इसी संधि के द्वारा सात्त्विक, राजस तथा तामसिक वृत्तियों को पुष्टि मिलती है और उस के बाद पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति होती है। इन में से जल वर्षा के रूप में औषधियों और वृक्षों आदि वस्तुओं को पुष्ट करके लोगों को सुखी बनाता है। इसी हेतु विद्वानों ने परमात्मा का जो 'जगत्-मित्र' नाम रक्खा है, वह सार्थक ही है।

इसी भान्ति बाह्य सूर्य भी सुषुम्णा मार्ग से अमृतसंक्रमण

मन्दाक्रान्ते तमसि भवता नाथ! दोषावसाने
नान्तर्लीना मम मतिरियं *गाढनिद्रां जहाति।
तस्मादस्तंगमिततमसा पद्मिनीवात्मभासा
सौरीत्येषा दिनकर परं नीयतामाशु बोधम् ॥३६॥

हे नाथ! हे दिनकर! तमसि मन्द-आक्रान्ते दोष-अवसाने अन्तर्लीना (अपि) इयं मम मतिः गाढ-निद्रां न जहाति। तस्मात् भवता अस्तं-गमित-तमसा आत्म-भासा एषा (मम मतिः) सौरी पद्मिनी इव परं बोधम् आशु नीयताम् ॥३६॥

हे (चित् रूपी) सूर्य भगवान्! (अज्ञान रूपी) अन्धकार तथा (विकल्पों आदि) दोषों के नष्ट होने पर अन्तर्मुख अवस्था को प्राप्त हुई (भी) मेरी यह बुद्धि (मोह रूपी) गाढ-निद्रा को नहीं त्यागती। इस लिए आप तमोगुण रूपी अन्धकार को नष्ट करने वाले अपने प्रकाश से सूर्य (अर्थात् आप) की भक्ति करने वाली मेरी इस बुद्धि को शीघ्र ही सच्चे ब्रह्मज्ञान से युक्त कीजिये; जैसे (लाल या नीला) कमल रात की समाप्ति तथा अन्धकार के दूर होने पर (भी) संकुचित ही रहता है और खिलने नहीं पाता, (परन्तु) बाह्य सूर्य अन्धकार को दूर करने वाली अपनी उज्ज्वल किरणों से तत्क्षण ही (अर्थात् उदय करते ही) उसे विकसित करता है ॥३६॥

करने पर चन्द्र-भाव को प्राप्त होता है और फिर चन्द्र की शान्ति-दायिनी अमाकला के द्वारा देवताओं आदि को संतुष्ट करता है। तदनन्तर वर्षा का रूप धारण करके जल में प्रविष्ट हो कर औषधियों को उत्पन्न करता है। इस प्रकार तीनों लोकों को तृप्त कर के अपनी जगन्मित्रता प्रकट करता है।

३६ * इस श्लोक में यह शंका उठती है कि अन्तर्मुख अवस्था का प्राप्त हो कर भी मोह रूपिणी गाढ़-निद्रा को न

येन ग्रासीकृतमिव जगत्सर्वमासीत्तदस्तं
*ध्वान्तं नीत्वा पुनरपि विभो! तद्दयाघातचित्तः।
धत्से †नक्तंदिनमपि गती शुक्लकृष्णे विभज्य
त्राता तस्माद्भव परिभवे दुष्कृते मेऽपि भानो! ॥३७॥

हे विभो ! येन (ध्वान्तेन) सर्वं जगत् ग्रासी-कृतम् आसीत्, तत् ध्वान्तम् अस्तं नीत्वा, तद्-दया-आघात-चित्तः शुक्ल-कृष्णे गती विभज्य पुनर् अपि तत् (अन्धकारात्मकं) नक्तंदिनं धत्से । तस्मात् हे भानो ! मे दुष्कृते परिभवे अपि त्राता भव ॥३७॥

हे व्यापक प्रभो ! जिस (अज्ञान रूपी) अन्धकार ने (इस) समस्त संसार को ग्रस्त किया है, उसे (अपने भक्तों पर दयालु होने के कारण) आप नष्ट करते हैं, (और फिर) उसी (अन्धकार) पर हृदय में दया करते हुए शुक्ल-कृष्ण-गतियों का विभाग करके (अन्धकार-मय) दिन-रात की पुनः पुष्टि करते हैं। (चूंकि आप इस तुच्छ अन्धकार पर भी कृपा करते हैं) इस लिए, हे चित्सूर्य ! (मुझे अपना भक्त समझ कर, व्युत्थान अर्थात् आत्मस्थिति से अलग होना ही) जो पाप का फल है, उस क्लेश को दूर करने में आप मेरे रक्षक बनें ॥३७॥

त्यागने से क्या अभिप्राय है। इस का समाधान यों किया जा सकता है कि योगी को, समाधि की अवस्था प्राप्त होने पर भी, उस में से निकलने के उपरान्त, सांसारिक विकल्प तब तक बाधित करते ही रहते हैं, जब तक कि व्युत्थान अर्थात् जाग्रत अवस्था में भी समाधि की भान्ति ही परमात्मा के स्वरूप का अनुभव उसे न हो। फिर भला समाधि की अवस्था होते हुए भी उसे मोह आदि विकल्प क्यों न बाधित करें।

३७ *अन्धकार शब्द में भी यहां प्राण-अपान की ओर ही संकेत है। प्राणापान को इसी लिए अन्धकार का नाम दिया गया है कि प्राणापान के होने से ही वैकल्पिक वृत्तियों की पुष्टि होती है।

आसंसारोपचितसदसत्कर्मबन्धाश्रिताना-
❀माधिव्याधिप्रजनमरणक्षुत्पिपासार्दितानाम् ।
मिथ्याज्ञानप्रबलतमसा† नाथ चान्धीकृतानां
त्वं नस्त्राता भव करुणया ‡यत्र तत्र स्थितानाम् ॥३८॥

हे नाथ ! आ-संसार-उपचित-सत्-असत्-कर्म-बन्ध-आश्रिता-नाम् आधि-व्याधि-प्रजन-मरण-क्षुध्-पिपासा-अर्दितानां मिथ्या-ज्ञान-प्रबल-तमसा अन्धीकृतानां च यत्र तत्र स्थितानां नः करुणया त्राता भव ॥३८॥

हे नाथ ! हम अनादि-काल से उपार्जित किये हुए पुण्य-पापात्मक कर्म-बन्धनों का आश्रय ले कर आधि, व्याधि, जन्म, मरण तथा भूख-प्यास से आर्त बने हुए हैं। इस के अतिरिक्त हम मिथ्याज्ञान रूपी बड़े घने अन्धकार से अन्धे बने हुए हैं। (अतः हे करुणानिधि !) हम जहां भी कहीं ठहरे हों, वहीं आप दया कर के हमारी रक्षा करें ॥३८॥

---

३७ † इस श्लोक में दिन-रात्रि से अभिप्राय प्राण-अपान का है और शुक्लात्मक तथा कृष्णात्मक गति में प्राण-अपान के घटने और बढ़ने की ओर संकेत है। बाहिरी वायु के अन्दर जाने के समय प्राण-कलाएं उसी भान्ति बढ़ती रहती हैं, जिस भांति शुक्लपक्ष में चन्द्रमा की कलाएं बढ़ती रहती हैं। इसी प्रकार भीतरी वायु के बाहिर आने के समय प्राण-कलाएं उसी भांति क्षीण होती रहती हैं, जिस भांति कृष्णपक्ष में चन्द्रमा की कलाएं क्रम-पूर्वक घटती रहती हैं।

३८ ❀ 'आधि' तथा 'व्याधि' का अर्थ क्रम से मानसिक पीड़ा और शारीरिक पीड़ा है।

३८ † अन्धकार की अधिकता से यह अभिप्राय है कि यद्यपि साधनों के द्वारा अन्धकार को नष्ट भी किया जाय, तो भी निर्व्युत्थान समाधि जब तक प्राप्त न हो, तब तक इस अन्धकार की पुनरुत्पत्ति सदा होती ही रहती है।

सत्यासत्यस्खलितवचसां *शौचलज्जोज्झितानाम्
अज्ञानानामफलसफलप्रार्थनाकातराणाम् ।
सर्वावस्थास्वखिलविषयाभ्यस्तकौतूहलानां
त्वं नस्त्राता भव पितृतया भोगलोलार्भकाणाम् ॥३६॥

(हे अर्क !) सत्य-असत्य-स्खलित-वचसां, शौच-लज्जा-उज्झितानाम्, अज्ञानानाम्, अफल-सफल-प्रार्थना-कातराणां, सर्वावस्थासु अखिल-विषय-अभ्यस्त-कौतूहलानां, भोग-लोल-अर्भकाणां, नः त्वं पितृतया त्राता भव ॥३६॥

हे भगवान् ! सत्य तथा असत्य बोलने के कारण हमारी वाणी भ्रष्ट हुई है। हम (शारीरिक और मानसिक) शौच तथा लज्जा से रहित और अज्ञानी हैं। हम सफल और निष्फल प्रार्थना करने के कारण अधीर बने हुए हैं। हम प्रत्येक अवस्था में सभी विषयों (के भोगने) का बार बार चाव रखते हैं। (सच तो यह है कि) हम विषय-सुखों के (उपभोग के) लिए अत्यन्त उत्सुक (होने के कारण) चंचल बालकों के समान हैं। इस लिए आप (कृपा कर के) पिता की भान्ति हमारे रक्षक बनें। (अर्थात् जिस प्रकार बालक के अवगुणों पर पिता ध्यान नहीं देता, उसी प्रकार आप भी हमारे अवगुणों पर तनिक भी ध्यान न दें, क्योंकि तत्व-दृष्टि से तो आप ही हमारे पिता हैं) ॥ ३६ ॥

---

३८ ‡ 'जहां भी कहीं ठहरे हों', इन शब्दों से लेखक का अभिप्राय यह है कि ईश्वर के स्वरूप का अनुभव करने में उसे देश, काल तथा आकार की अवच्छिन्नता न रहे।

३६ * इस श्लोक में लज्जा से रहित होने का यह अभिप्राय है कि हमें अधर्माचरण में ही लज्जा होनी चाहिये थी, पर न मालूम हम क्यों उस लज्जा को तिलाञ्जलि दे बैठे हैं।

❀यावद्देहं जरयति जरा नान्तकादेत्य दूती
नो वा भीमस्त्रिफणभुजगाकारदुर्वारपाशः ।
गाढं कण्ठे लगति, सहसा जीवितं लेलिहान-
स्तावद्भक्ताभयद! सदयं श्रेयसे नः प्रसीद ॥४०॥

हे भक्त-अभयद ! यावत् अन्तकात् दूती जरा एत्य (मम) देहं न जरयति, यावत् च भीमः त्रि-फण-भुजग-आकार-दुर्वार-पाशः (मम) जीवितं लेलिहानः (सन्) कण्ठे सहसा गाढं न लगति, तावत् (एव) श्रेयसे सदयं नः प्रसीद ॥४०॥

हे भक्तों को अभय देने वाले (चित्-सूर्य) ! जब तक महाकाल की दूतिका वृद्धावस्था के रूप में आ कर (हमारे) शरीर को जर्जरित नहीं करेगी और जब तक उस का भयंकर, तीन फणों से युक्त सांप के आकार का और अनिवार्य पाश (हमारे) जीवन का आस्वाद लेने के लिए (हमारे) कण्ठ में एकबारगी नहीं पड़ेगा, तब तक ही (हमारे) कल्याण के लिए हम पर प्रसन्न होने की दया करें ॥ ४० ॥

---

४०. ❀ इस श्लोक में चित्सूर्य से प्रार्थना की गई है कि जब तक मृत्यु से होने वाली दुर्दशा को हम प्राप्त न हो जायें, अर्थात् जब तक हम मृत्यु का ग्रास न बनें, तब तक ही वे अपने स्वरूप के प्रकट करने की हम पर दया करें, ताकि हमें मरने का दुःख तनिक भी बाधित न करे ।

विश्वप्राणग्रसनरसनाटोपकोपप्रगल्भं
मृत्योर्वक्त्रं दहननयनोद्दामदंष्ट्राकरालम् ।
यावद्दृष्ट्वा व्रजति न भिया पञ्चतामेष काय-
*स्तावन्नित्यामृतमय रवे पाहि नः कान्दिशीकान् ॥४१॥

हे नित्य-अमृतमय रवे ! विश्व-प्राण-ग्रसन-रसना-आटोप-कोप-प्रगल्भं दहन-नयन-उद्दाम-दंष्ट्रा-करालं मृत्योः वक्त्रं दृष्ट्वा एषः कायः यावत् भिया पञ्चतां न व्रजति, तावत् (एव) कान्दिशीकान् नः पाहि ॥४१॥

हे नित्य-अमृतमय (चित्स्वरूप) सूर्य ! जगत के प्राणों का ग्रास करने वाली जिह्वा के फैलाव से युक्त, क्रोध से भरे हुए और जलाने वाले नेत्रों तथा बड़े प्रबल दान्तों के कारण भयंकर, महाकाल के मुख को देख कर यह (हमारा) शरीर जब तक डर के मारे मृत्यु को प्राप्त न होगा, तब तक ही आप (मृत्यु के डर से) भागते हुए हम लोगों की रक्षा करें ॥ ४१ ॥

---

४१ * यहां जिस 'नित्य-अमृत' की ओर संकेत किया गया है, वह देवताओं के सामान्य अमृत से बहुत उत्कृष्ट है । स्वर्गादि-लोकों में जो अमृत होता है, उसे खा कर देवता अमर तो बनते हैं, किन्तु उनको यह अमरता चिरस्थायिनी नहीं होती । कुछ काल के पश्चात् वे इस अमरता से वञ्चित होते हैं और पुनः जन्म-मरण के चक्कर में फंसते हैं । अतः यह अमृत अनित्य ही कहा जा सकता है । पर परमात्मा का साक्षात्कार होने से आनन्द रूपी जो अमृत प्राप्त होता है, उसका अनुभव करने पर जन्म-मरण से सदा के लिए छुटकारा मिलता है । इसी को 'नित्य-अमृत' कहते हैं और इसी लिए परमात्मा को 'नित्य-अमृतमय' कहा गया है ।

❀शब्दाकारं वियदिव वपुस्ते यजुःसामधाम्नः
सप्तच्छन्दांस्यपि च तुरगा ऋङ्मयं मण्डलं च।
एवं सर्वश्रुतिमयतया मद्दयानुग्रहाद्वा
क्षिप्रं मत्तः कृपणकरुणाक्रन्दमाकर्णयेमम् ॥४२॥

(हे भगवन्!) ते यजुः-साम-धाम्नः शब्दाकारं वपुः (त्वद्विहारार्थं) वियत् इव (अस्ति)। सप्त छन्दांसि अपि च (ते) तुरगाः। ऋङ्मयं च ते मण्डलम्। एवं सर्व-श्रुतिमयतया, मत्-दया-अनुग्रहात् वा मत्तः इमं कृपण-करुण-आक्रन्दं क्षिप्रम् आकर्णय ॥४२॥

(हे भगवान्!) यजुर्वेदीय तथा सामवेदीय तेज का शब्दमय स्वरूप आप के (विहार के) लिए आकाश की भान्ति (ठहरा हुआ) है। (गायत्री आदि) सात छन्द (आप के) सात घोड़ों के समान हैं और आप का मण्डल ऋग्वेद की ऋचाओं का बना हुआ है। इस प्रकार सभी श्रुतियों (अर्थात् वेदों) का स्वरूप होने के कारण अथवा मुझ पर दयालु होकर अनुग्रह करने के हेतु मेरी इस क्षुद्र और करुण पुकार को शीघ्र सुन लीजिए॥ ४२॥

---

४२ ❀ यजुर्वेद तथा सामवेद का जो शब्दाकार स्वरूप है, उसकी उपमा आकाश से इस कारण से दी गई है कि आकाश का गुण भी शब्द ही है। इसके अतिरिक्त गायत्री आदि सात छन्दों की उपमा सूर्य के सात घोड़ों से इस लिए दी गई है कि वेद की ऋचाओं के उच्चारण करने की गति उसी प्रकार सात छन्दों से सुगम होती है, जिस प्रकार घोड़ों के शीघ्र चलने से एक स्थान से दूसरे स्थान में पहुंचना सुगम हो जाता है। जिस भांति 'प्रभापरिवेश' अर्थात् वर्तुलाकार चिह्न सूर्य देवता की कान्ति के चारों ओर व्याप्त हुआ दिखाई देता है, उसी प्रकार ऋग्वेद की ऋचाएं भी समस्त वेदों के तात्पर्य में व्याप्त हैं। अतः ऋग्वेद को ही चित्सूर्य के मण्डल से उपमा दी गई है।

नाशं ❀नास्मच्चरणशरणां यान्त्यपि ग्रस्यमानाः
देवैरित्थं †सितमिव यशो दर्शयन्स्वं त्रिलोक्याम्।
मन्ये सोमं क्षततनुमामगर्भवृद्ध्या विवस्व-
ञ्शुक्लच्छायां नयसि शनकैः स्वां सुषुम्णांशुभासा ॥४३॥

हे विवस्वन्! अस्मत्-चरण-शरणाः देवैः अपि ग्रस्यमानाः (सन्तः) नाशं न यान्ति—इत्थं स्वं सितं यशः त्रिलोक्यां दर्शयन् क्षत-तनुं सोमम् अमा-गर्भ-वृद्ध्या सुषुम्णा-अंशु-भासा स्वां शुक्लच्छायां शनकैः नयसि—इति (अहं) मन्ये ॥४३॥

हे सूर्य भगवान्! मेरा विचार है कि आप तीनों लोकों में अपने इस उज्ज्वल यश को—कि मेरे चरणों की शरण में आये हुए (मेरे भक्त) देवताओं आदि से ग्रसित होने पर भी नष्ट नहीं होते हैं—दिखाने के लिए (ही) क्षीण बने हुए चन्द्रमा की अमा-कला को सुषुम्णा नाड़ी की किरणों के प्रकाश से बढ़ा कर धीरे-धीरे (उस चन्द्रमा को) अपनी शुक्लपक्ष की ज्योति को (पुनः) प्राप्त कराते हैं ॥४३॥

---

४३ ❀ जिस भांति चन्द्रमा की कलायें कृष्णपक्ष में देवताओं आदि से ग्रस्त होती हैं और अमावस्या को वह चन्द्रमा क्षीण बन कर सूर्य देवता की शरण में जाने से, शुक्लपक्ष में अपनी प्यारी कलाओं को प्राप्त करता है, उसी प्रकार श्वास प्राण-वायु बन कर अर्थात् हृदयाकाश से बाह्य-द्वादशान्त तक निकलते समय क्रम से इन्द्रियों की वृत्तियों से क्षीण होता हुआ बाह्य-द्वादशान्त पर प्राण-संवित्-रूपी सूर्य देवता की शरण में जाता है। तदनन्तर वह (श्वास) अपान-वायु बन कर बाह्य-द्वादशान्त से हृदयाकाश में प्रवेश करते समय अपनी परिपूर्णता को प्राप्त होता है। अभिप्राय यह है कि

आस्तां जन्मप्रभृति भवतः सेवनं तद्धि लोके
वाच्यं केनापरिमितफलं *भुक्तिमुक्ति प्रकारम् ।
ज्योतिर्मात्रं स्मृतिपथमितो जीवितान्तेऽपि भास्व-
न्निर्वाणाय प्रभवसि सतां तेन ते कः समोऽन्यः ॥४४॥

हे भास्वन् ! जन्म-प्रभृति यत् भवतः सेवनं तत् आस्ताम् । हि तत् भुक्ति-मुक्ति-प्रकारम् अपरिमित-फलं लोके केन वाच्यम् (न केनचित् वक्तुं शक्यम्) । (परन्तु) त्वं सतां जीवित-अन्ते अपि ज्योतिः-मात्रं स्मृति-पथम् इतः (येन) निर्वाणाय प्रभवसि तेन ते समः कः अन्यः (अस्ति) ॥४४॥

हे सूर्य ! भोग और मोक्ष का (अमूल्य) साधन और असीमित फल से युक्त जो जन्म से ही आप का भजन करना है, वह रहे (अर्थात् उस का क्या कहना है), क्योंकि संसार में इसका वर्णन कौन कर सकता है ? (इस के प्रत्युत) सत्पुरुष (विघ्नों आदि से अभिभूत होने के कारण जन्म भर आप का चिंतन न करने पर, जब अपने) जीवन के अन्त पर भी (अर्थात् मृत्यु के समय) आप के ज्योति-स्वरूप का केवल स्मरण करते हैं, तो आप उन को भी मोक्ष प्रदान करने में समर्थ होते हैं । इस लिए आप के समान (सामर्थ्यवान) और कौन है ? ॥४४॥

प्राण-वायु उस की संधि के संपर्क से ही बार बार प्रवेश करने और उतरने का सामर्थ्य प्राप्त करता है ।

४३ † यद्यपि श्वास छोड़ने के समय प्राण-वायु बाह्य-द्वादशान्त पर पहुंच कर सब प्रकार से नष्ट अर्थात् समाप्त भी हो जाता है, तो भी प्राण-अपान की संधि में स्थित चित्-सूर्य अपने प्रभाव से ही उस श्वास को फिर नव-जीवन प्रदान करता है । इसी प्रभाव की ओर 'शुभ्र-यश' शब्द में संकेत है ।

अप्रत्यक्ष*त्रिदशभजनाद्यत्परोक्षं फलं, त-
त्पुंसां युक्तं भवति हि समं कारणेनैव कार्यम् ।
प्रत्यक्षस्त्वं सकलजगतां यत्समक्षं फलं मे
युष्मद्भक्तेः समुचितमतस्तत्तु याचे, यथा त्वाम् ॥४५॥

अप्रत्यक्ष-त्रिदश-भजनात् पुंसां यत् परोक्षं फलं तत् युक्तम् । (यतः) कारणेन समम् एव हि कार्यं भवति । त्वं सकल-जगतां (मध्ये) प्रत्यक्षः (असि), अतः युष्मद-भक्तेः समुचितं यत् मे समक्षं फलं (स्यात्) तत् तु (अहं) याचे यथा त्वां याचे ॥४५॥

अप्रत्यक्ष देवताओं का भजन करने से मनुष्यों को जो परोक्ष फल मिलता है, वह युक्ति-युक्त ही है, क्योंकि (संसार में) कारण के अनुसार ही कार्य होता है । (पर हे भगवान् !) आप सारे संसार में (व्यापक होने के कारण) प्रत्यक्ष हैं । अतः आप की भक्ति करने से जो प्रत्यक्ष (और इसी लिए) समुचित फल मुझे (प्राप्त हो सकता है) उसी की मैं बार बार याचना करता हूँ, जैसे कि (मैं) आप (की प्राप्ति) की (याचना करता हूँ) । (फिर भला वह फल मुझे क्यों न प्राप्त होगा ?) ॥४५॥

---

४४ * जीवन में ही शिव-भाव के प्रकट होने तथा चिदानन्द में प्रवेश करने का आस्वाद लेने के अर्थ में ही 'भुक्ति' शब्द का प्रयोग किया गया है । यहाँ विषयासक्ति रूपिणी भुक्ति से अभिप्राय नहीं है । इस के प्रत्युत मुक्ति शब्द में देहान्त के बाद आवागमन के फंदे से छूटने की ओर संकेत है । अतः पाठकजन यहाँ यह अवधारण कर लें कि भुक्ति मुक्ति से किसी प्रकार भी न्यून नहीं है, अर्थात् इन दोनों में कोई भी अन्तर नहीं है ।

ये चारोग्यं दिशति भगवान्सेवितोऽप्येवमाहु-
स्ते तत्त्वज्ञा जगति सुभगा ❀भोगयोगप्रधानाः ।
भुक्तेर्मुक्तेरपि च जगतां यच्च पूर्णं सुखानां
तस्यान्योऽर्कादमृतवपुषः† को हि नामास्तु दाता ॥४६॥

'भगवान् सेवितः (सन्) आरोग्यं दिशति' एवं ये आहुः, ते जगति तत्त्वज्ञाः सुभगाः भोग-योग-प्रधानाः च (सन्ति)। हि जगतां भुक्तेः मुक्तेः अपि च यत् सुखानां पूर्णं तस्य (आरोग्यस्य) दाता अमृत-वपुषः अर्कात् अन्यः कः नाम अस्तु ॥४६॥

जो (लोग) कहा करते हैं कि सेवित किया हुआ परमात्मा आरोग्य को देता है, वे (इस) संसार में तत्त्वज्ञानी, ऐश्वर्य-संपन्न और भोग तथा योग को मुख्य मानने वाले हैं, क्योंकि (इस) संसार में सुखों से पूर्ण (आरोग्य) तथा भोग और मोक्ष का देने वाला अमृतमय स्वरूप वाले (आप) सूर्य भगवान् से भिन्न और कौन हो सकता है ?

---

४५ ❀ 'त्रिदश' शब्द देवताओं के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। 'त्रिदश' उन को कहते हैं जो जीने, बढ़ने और मरने की दशाओं से रहित हों, अर्थात् जिन को ये तीनों दशायें भोगनी न पड़ती हों। इस के अतिरिक्त तेंतीस देवता, बारह सूर्य, ग्यारह रुद्र और आठ वसु भी 'त्रिदश' ही समझे जाते हैं।

४५ † मिट्टी घड़े का कारण है और घड़ा उस का कार्य है। कारण बनी हुई मिट्टी घड़े के निर्माण तथा नाश के समय तक अनुगत है। अतः यह स्पष्ट ही है कि कारण के अनुसार ही कार्य होता है।

४५ ‡ इस श्लोक में 'यथा त्वां' कहने का अभिप्राय यह है कि जैसे मुझे साकार मूर्तियों में आप की मूर्ति ही अभीष्ट है, वैसे ही आप की भक्ति के ही समुचित फल की प्राप्ति मुझे अभीष्ट है।

हित्वा हित्वा गुरुचपलताम्प्यनेकान्निजार्था-
न्यैरेकार्थीकृतमिव भवत्सेवनं मत्प्रियार्थम् ।
*तेषामिच्छाम्युपकृतिमहं स्वेन्द्रियाणां प्रियाणा-
†मादौ तस्मान्मम दिनपते देहि तेभ्यः प्रसादम् ॥४७॥

हे दिनपते ! यैः (इन्द्रियैः) मत्-प्रियार्थं गुरु-चपलताम् अनेकान् निज-अर्थान् अपि हित्वा हित्वा भवत्-सेवनम् एकार्थी-कृतं, तेषां प्रियाणां स्व-इन्द्रियाणाम् अहम् उपकृतिम् इच्छामि । तस्मात् मम आदौ तेभ्यः प्रसादं देहि ॥४७॥

हे दिननाथ ! मेरी प्यारी इन्द्रियों ने मेरी भलाई के लिए (ही) अनेक अनेक विषयों और (अपनी) बड़ी प्रबल चञ्चलता को तिलाञ्जलि देकर आप की उपासना को अपना केवल एक (ही वाञ्छनीय) विषय बनाया है । (अब) मैं (इन के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिए) इन का उपकार करना चाहता हूँ । अतः आप मुझ से पहले इन (इन्द्रियों) पर ही अनुग्रह करें । (मुझ पर अनुग्रह करने की अभी कोई आवश्यकता नहीं ।)

---

४६ *यहाँ भोग तथा योग को मुख्य मानने की बात इस लिए कही गई है कि सांसारिक जन योगाभ्यास से आरोग्य की इच्छा इस लिए करते हैं कि उन्हें सांसारिक भोगों के भोगने में सुगमता प्राप्त हो ।

४६ †यहाँ चित् रूपी सूर्य 'अमृतमय स्वरूप वाला' इस लिए कहा गया है कि उस की शक्ति रूपिणी किरणें बाह्य सूर्य की किरणों की भांति दाहक अर्थात् जलाने वाली नहीं होतीं, किन्तु वे आनन्द देने वाली तथा अमृत के समान अमरता प्रदान करने वाली हैं ।

४७ *इस श्लोक में कवि ने अपना उद्धार कराने का एक नया ही मार्ग बतलाया है । वह अपनी इन्द्रियों के बहाने अपना ही उद्धार कराने की प्रार्थना करता है, क्योंकि जब साधक की इन्द्रियां निर्मल बनती हैं, तो उस की आत्मा स्वयं ही अनुगृहीत होती है ।

किं तन्नामोच्चरति वचनं यस्य नोच्चारकस्त्वं
किं तद्वाच्यं सकलवचसां *विश्वमूर्ते! न यत्त्वम् ।
तस्मादुक्तं यदपि तदपि त्वन्नुतौ भक्तियोगा-
दस्माभिस्तद्भवतु भगवंस्त्वत्प्रसादेन धन्यम् ॥४८॥

हे विश्वमूर्ते! (अस्मिन् जगति) तत् किं नाम वचनम् उच्चरति यस्य उच्चारकः त्वं न (असि), (एवं) सकल-वचसां तत् किं वाच्यं यत् त्वं न (असि)। तस्मात् हे भगवन्! त्वत्-नुतौ भक्ति-योगात् यत्-अपि तत्-अपि अस्माभिः उक्तं तत् त्वत्-प्रसादेन धन्यं भवतु ॥४८॥

हे विश्व-मूर्ति प्रभो! (इस संसार में) वह कौन सा वचन बोला जाता है, जिसका उच्चारण आप नहीं करते हैं (और) सभी वचनों में कही हुई वह कौन सी बात (या कौन सा विषय) है जो आप के स्वरूप से भिन्न है? (अभिप्राय यह है कि ईश्वर ही स्वयं कर्ता और कर्म के रूप में ठहरे हुए हैं।) अतः हे भगवान्! मैंने आप की स्तुति करने में प्रेम-वश जो कुछ भी कहा है, वह (असमञ्जस होते हुए भी आप के स्वरूप से अभिन्न होने के कारण अवश्य) आप की दया से (हमारे लिए) कल्याणकारी बने ॥४८॥

---

४७ †कवि के इस कथन से, कि 'हे प्रभो! मुझ से पहिले मेरी इन्द्रियों पर ही अनुग्रह कीजिये,' यह स्पष्ट ही प्रतीत होता है कि जब तक साधक की इन्द्रियां अनुगृहीत अर्थात् शुद्ध न हों, तब तक उस को ईश्वर के अनुग्रह का पात्र बनने का कोई अधिकार ही नहीं होता।

४८ *इस श्लोक के पूर्वार्ध में परमात्मा में वाच्य और वाचक होने का जो गुण आरोपित किया गया है, उस का संबोधन के रूप में प्रयुक्त हुए उस के 'विश्वमूर्ति' नाम के साथ हेतुहेतुमद्भाव का संबन्ध है। अभिप्राय यह है कि चूंकि परमात्मा विश्वमूर्ति है, इस लिए वे वाच्य और वाचक दोनों के रूप में ठहरे हुए हैं।

*या पन्थानं दिशति शिशिराद्युत्तरं देवयानं
या वा कृष्णं पितृपथमथो दक्षिणं प्रावृडाद्यम् ।
ताभ्यामन्या विषुवदभिजिन्मध्यमा कृत्यशून्या
धन्या काचित्प्रकृतिपुरुषावन्तरा मेऽस्तु वृत्तिः ॥४६॥

या (प्राण-वृत्तिः) शिशिर-आदि-उत्तरं देव-यानं पन्थानं दिशति, अथवा या (अपान-वृत्तिः) कृष्णं प्रावृट्-आद्यं दक्षिणं पितृ-पथं (दिशति), ताभ्याम् अन्या विषुवत्-अभिजित् (रूपा) धन्या कृत्य-शून्या प्रकृति-पुरुषौ-अन्तरा काचित् मध्यमा वृत्तिः मे अस्तु ॥४६॥

जो (प्राण-वृत्ति) शिशिर आदि ऋतु (अर्थात् शिशिर, वसन्त और ग्रीष्म) संबन्धी, देवयान नामक उत्तरायण मार्ग को दिखाती है और जो (अपान-वृत्ति) बरसात आदि ऋतु (अर्थात् बरसात, शरद् और हेमन्त) संबन्धी, कृष्ण और पितृयान नामक दक्षिणायन मार्ग को सूचित करती है, उन दोनों (वृत्तियों) से भिन्न जो 'विषुवत्' और 'अभिजित्' (कही जाने वाली), कर्तव्यों से रहित, प्रशंसनीय (या पुण्य-शीला) और (प्राण-अपान रूपी) प्रकृति-पुरुष के मध्य में ठहरी हुई (भी प्राण-अपान से मुक्त, उन्मना नामक) कोई अलौकिक मध्यमा वृत्ति है, वही मुझे (सदा के लिए) प्राप्त हो ॥४६॥

---

४६ * सतार्इसवें श्लोक की टिप्पणी से पाठकों को विदित ही हुआ होगा कि प्राण-वायु अर्थात् हृदय से निकलते हुए श्वास का सञ्चारण-काल छत्तीस अङ्गुलों का होता है और उसी भांति बाह्य-द्वादशान्त से भीतर को प्रवेश करते समय अपान-वायु का सञ्चारण-काल भी छत्तीस अङ्गुलों का होता है । इन्हीं छत्तीस अङ्गुलों के आधार पर 'तन्त्रालोक' आदि बड़े बड़े शास्त्रों में श्वास के एक ही सञ्चारण-काल में एक संपूर्ण वर्ष-संबन्धी काल का अनुभव करने के लिए उत्तरायण तथा दक्षिणायन

स्थित्वा किञ्चिन्मन इव पिबन्सेतुबन्धस्य मध्ये
प्राप्योपेयं ध्रुवपदमथो *व्यक्तमुद्दाल्य तालु ।
सत्यादूर्ध्वं किमपि परमं व्योम †सोमाग्निशून्यं
गच्छेयं त्वां सुरपितृगती चान्तरा ब्रह्मभूतः ॥५०॥

अहं किञ्चित् (संकल्प-संस्कारात्मकं) मनः पिबन् इव (सन्) सेतु-बन्धस्य मध्ये स्थित्वा, उपेयं ध्रुव-पदं प्राप्य, अथ तालु व्यक्तम् उद्दाल्य, सुर-पितृ-गती अन्तर् आ च ब्रह्म-भूतः (सन्) सत्यात् ऊर्ध्वं सोम-अग्नि-शून्यं किम्-अपि परमं व्योम त्वां गच्छेयम् ॥५०॥

मैं मन (के अवशिष्ट संकल्प-रूपी संस्कार) को लय करके (प्राण-अपान के मध्य में होने वाले) सेतुबन्ध (अर्थात् पुल) पर ठहरूं, उपेय ध्रुव पदवी को प्राप्त करके तथा तालु (में स्थित लम्बिका चतुष्पथ) को काट कर (अर्थात् खोल कर) देवयान तथा पितृयान के आन्तरिक आधारभूत ब्रह्म का साक्षात्कार प्राप्त करूँ और सत्य से भी उत्कृष्ट, (प्राण-अपान रूपी) सोम और अग्नि से शून्य तथा चिदाकाश में स्थित तेरे अलौकिक स्वरूप को प्राप्त करूँ ॥५०॥

का मार्ग दिखाया गया है। उत्तरायण के छः मासों में शिशिर, वसन्त और ग्रीष्म इन तीन ऋतुओं का समावेश होता है और दक्षिणायन के शेष छः मासों में बरसात, शरद् तथा हेमन्त इन तीन ऋतुओं का समावेश होता है। इसके अतिरिक्त 'विपुवत्' तथा 'अभिजित्' आदि महापवित्र पर्वों का वर्णन किया गया है, जिनका अनुभव करने से योगी समस्त सांसारिक सुखदुःखादि द्वन्द्वों से छूट जाता है।

४६ †विपुवत्' और 'अभिजित्' नाम वाली मध्यमा वृत्ति को 'कृत्य-शून्य' अर्थात् कर्तव्यों से रहित इसलिए कहा गया है कि इस में प्राण-अपान की गति का अस्तित्व ही नहीं रहता।

सर्वात्मत्वं सवितुरिति यो वाङ्मनःकायबुद्ध्या
रागद्वेषोपशमसमतायोगमेवारुरुक्षुः
धर्माधर्मग्रसनरशनामुक्तये युक्तियुक्तां
स श्रीसाम्बः स्तुतिमिति रवेः सुप्रशान्तां चकार ॥५१॥

यः राग-द्वेष-उपशम-समता-योगं सवितुः सर्वात्मत्वम् आरुरुक्षुः (आसीत्), सः श्री-साम्बः धर्म-अधर्म-ग्रसन-रशना-मुक्तये, वाङ्-मनः-काय-बुद्ध्यायुक्ति-युक्तां सुप्रशान्तां रवेः इति स्तुतिं चकार ॥५१॥

जो श्री साम्ब राग-द्वेष की शान्ति के द्वारा साम्य-योग से संपन्न सूर्य भगवान् की सर्वात्मकता को अवलम्बित करना चाहता था, उसी ने पुण्य-पाप के ग्रास रूपी पाश के बन्धन से मुक्त होने के लिए वाणी, मन, शरीर और बुद्धि से (चित् रूपी) सूर्य की (यह) युक्ति-युक्त तथा आत्म-विश्रांति देने वाली स्तुति रची ॥५१॥

---

५० ❀ इस श्लोक में तालु के मध्य में स्थित लम्बिका-स्थान के वर्णन की ओर संकेत किया गया है। इस के विषय में अनुभव के आधार पर कुछ विचार प्रकट किये जाते हैं—

जिस समय निर्विकल्पता के कारण योगी के प्राणों की गति सूक्ष्म होती है, उसी समय तुरीय अवस्था को प्राप्त करके तालु में स्थित 'लम्बिका चतुष्पथ' का वह अनुभव करता है। 'लम्बिका' को 'चतुष्पथ' अर्थात् चुराहा इस लिए कहा जाता है कि तालु में चार द्वार होते हैं। यही चार द्वार चार मार्गों को दिखाते हैं। दो मार्गों से तो सामान्य प्राण-अपान की गति होती है, तीसरे मार्ग से मन्द-योगियों के प्राण-अपान सुषुम्णा-धाम में लय होकर मूलाधार में पहुंचते हैं और षट्-चक्रों का भेदन करके ब्रह्माण्ड को व्याप्त करते हैं, जहाँ वे योगी चिदानन्द का अनुभव करते हैं। इस के प्रत्युत चौथे मार्ग से उत्तम योगियों का प्राण-वायु सीधे ही ब्रह्माण्ड को पहुँचता है और उसे मूलाधार में से गुज़रने की आवश्यकता नहीं पड़ती। जिन चार मार्गों का उल्लेख ऊपर हुआ है, उन में से पहिले दो का संबन्ध संसार के साथ है और पिछले दो का संबन्ध मोक्ष के साथ है।

भक्तिश्रद्धाद्यखिलतरुणीवल्लभेनेदमुक्तं
श्रीसाम्बेन प्रकटगहनं स्तोत्रमध्यात्मगर्भम् ।
यः सावित्रं पठति नियतं स्वात्मवत्सर्वलोका-
न्पश्यन्सोऽन्ते व्रजति शुकवन्मण्डलं चण्डरश्मेः ॥५२॥

यः भक्ति-श्रद्धा-आदि-अखिल-तरुणी-वल्लभेन श्रीसाम्बेन उक्तम् इदं प्रकट-गहनम् अध्यात्म-गर्भं सावित्रं स्तोत्रं नियतं पठति, सः स्वात्मवत् सर्व-लोकान् पश्यन् अन्ते शुक-वत् चण्ड-रश्मेः मण्डलं व्रजति ॥५२॥

इस सूर्य-भगवान् के स्तोत्र को भक्ति और श्रद्धा आदि रूपिणी सभी नवयुवतियों के वल्लभ श्री साम्ब ने रचा है। यह (सामान्य शब्दार्थ के विचार से) स्पष्ट अर्थात् सरल (पर आध्यात्मिक अर्थ की दृष्टि से) कठिन तथा आध्यात्मिक रहस्य-पूर्ण अर्थों से भरा हुआ है। जो (मनुष्य) इस का नियम-पूर्वक पाठ करेगा, वह सारे संसार (के लोगों) को स्वात्म-रूप ही देखता हुआ अन्त में (भगवान् व्यास के पुत्र) शुकदेव की तरह (चित् रूपी) सूर्य के (आनन्द रूपी) मण्डल को प्राप्त होगा ॥५२॥

---

५० † यहाँ 'सोमाग्निशून्य' कहने का यह अभिप्राय है कि जिस समय योगी लम्बिका के द्वार से प्राण-वायु की ऊर्ध्व-शक्ति के द्वारा ब्रह्म-रंध्र को व्याप्त करता है, उस समय उस का प्राण-अपान लय हो जाता है। तदनन्तर ही योगी को अलौकिक स्थिति प्राप्त होती है। यहाँ प्राण-अपान से रहित इसी अलौकिक स्थिति की ओर 'सोम-अग्नि-शून्य' शब्द में संकेत है।

५१ ❀ इस श्लोक में 'साम्ब' के साथ जो 'श्री' शब्द का विशेषण रक्खा गया है, उस का अर्थ सांसारिक लक्ष्मी न हो कर मोक्ष-लक्ष्मी ही है।

इति परमरहस्यश्लोकपञ्चाशदेषा
तपननवनपुण्या सागमब्रह्मचर्चा ।
हरतु दुरितमस्मद्वर्णिताकर्णिता वो
दिशतु च शुभसिद्धिं मातृवद्भक्तिभाजाम् ॥५३॥

इति एषा तपन-नवेन-पुण्या स-आगम-ब्रह्म-चर्चा, परम-रहस्य-श्लोक-पञ्चाशत्, अस्मद्-वर्णिता वः आकर्णिता भक्ति-भाजां दुरितं, मातृवत्❀ हरतु, शुभ-सिद्धिं च दिशतु ॥५३॥

मैं ने इन पचास रहस्यपूर्ण श्लोकों (के रूप में) यह स्तोत्र कहा है। यह (चित्स्वरूप) सूर्य भगवान् की स्तुति करने से पवित्र तथा आध्यात्मिक शास्त्रों और ब्रह्म की कथाओं से भरा हुआ है। आप जनों ने इस का श्रवण किया है। यह (आप) भक्तजनों के दुःखों (या पापों) को माता की भान्ति नष्ट करे और कल्याण रूपिणी श्रेष्ठ सिद्धि को प्रदान करे ॥५३॥

श्रीस्वात्मसंविदभिन्नरूपशिवार्पणमस्तु ।
समाप्तं चेदं साम्बपञ्चाशिकाशास्त्रम् ।

---

५३. ❀ माता की भान्ति कहने का अभिप्राय यह है कि जिस प्रकार माता अपने बच्चों के दुःखों का निवारण करने और उन्हें शुभ सिद्धि प्राप्त कराने का सदा प्रयत्न करती है वैसे ही इस स्तोत्र का पाठ या श्रवण भी सभी भक्तजनों के दुःखों को दूर करे और उन्हें शुभ सिद्धि प्रदान करे।

लाला मोतीराम मैनेजर के अधिकार से मुफ़ीद आम प्रेस लाहौर में छपी और पंडित जिया लाल कौल प्रोफ़ेसर श्री प्रताप कॉलेज श्रीनगर ने प्रकाशित की।

THE KASHMIR SERIES OF TEXTS AND STUDIES

Nos. 76-77

BODHAPANCHADASHIKA

AND

PARAMARTHA-CHARCHA

WITH THE VIVARANA

BY

Pt. Hara Bhatta Shastri

EDITED BY

Pt. Jagaddhara Zadoo Shastri M. A., M. O. L.,

Under the authority of

THE JAMMU & KASHMIR GOVERNMENT.

Published by

The Research and Publication Department,

JAMMU AND KASHMIR GOVERNMENT,

Srinagar, Kashmir.

The Kashmir Series Of Texts & Studies.

No. LXXVI.

BODHAPANCHADASHIKA
AND
PARAMARTHA-CHARCHA
With the Vivarana
BY
Pt. Hara Bhatta Shastri

Edited by
Pandit Jagaddhar Zadoo, M.A., M.O.L., Shastri
Superintendent Research, and
Archaeological Department,
His Highness' Govt.
J & K. Srinagar.

Published under the authority of the Government of
His Highness Rajarajeshwara Maharajadhiraj
Sri Maharaja Harisinghji Bahadur
G.C.S.I., G.C.I.E., K.C.V.O; LL.D.
Maharaja of Jammu & Kashmir.

Printed at
The Krishna Printing Press,
Kothi Bagh Srinagar,
Kashmir.

A.D. 1947

BOARD OF EIDTORS:-

1. Pt. J. D. Zadoo Shastri, M. A., M. O. L.
2. Dr. S. N. Sharma Shastri, Acharya, D.O.C., etc.
3. Pt. Srikanth Shastri, B. A., H. H.

(*All rights Reserved.*)

Printed at the:

KRISHNA PRINTING PRESS SRINAGAR

Published by:

PANDIT JAGADDHAR ZADOO SHASTRI
M. A., M. O. L., H.H,

for the Research Department,

Jammu & Kashmir Government,

SRINAGAR.



कश्मीरसंस्कृतग्रन्थावलिः

ग्रन्थाङ्काः–७६, ७७,

बोधपञ्चदशिका ।

परमार्थचर्चा ।

पं० हरभट्टशास्त्रिकृतविवरणोपेते ।

श्रीराजराजेश्वर—महाराजाधिराज—कश्मीरनरेन्द्र

श्रीहरिसिंहजी— बहादुराज्ञया

रिसर्चकार्यानुयायिना–पण्डितजगद्धरजाडू–शास्त्रिणा

कार्यालयस्थेतरसंपादकपण्डितसहायेन

संशोधनादिसंस्करणोत्तरं संपाद्य

श्रीनगरे 'कृष्णा प्रेस' मुद्रणालये मुद्रापयित्वा प्रकाश्यमुपनीते ।

कश्मीर–श्रीनगर ।

संवत २००४ ईस्वी १९४७

(अस्य ग्रन्थस्य मुद्रापणाद्यधिकाराः

प्रोक्तमहाराजवर्य्यैः स्वीयत्तीकृताः सन्ति ।)

श्रीसोमानन्दनाथप्रभृतिगुरुवरादिष्टमन्त्रीतिमार्गो
लब्ध्वा तत्रैव सम्यक्कपटिमनि घटनामीश्वराद्वैतवादः ।
कश्मीरेभ्यः प्रसृत्य प्रकटपरिमलो रञ्जयन् सर्वदेश्यान्—
देशेऽन्यस्मिन्नदृष्टो घुसृणविसरवत्सर्ववन्द्यत्वमाप ॥१॥

तरत सहसा संसाराब्धिं विधत्त परे पदे
पदमविचलं नित्यालोकप्रमोदसुनिर्भरे ।
विमृशत शिवादिष्टाद्वैतावबोधसुधारसं
प्रसभविलसत्सद्युक्त्यान्तः समुत्सवदायिनम् ॥२॥

श्रीबोधपञ्चदशिका

महामाहेश्वराचार्याभिनवगुप्तपादविरचिता ।



श्रीगणेशाय नमः ॥ श्रीशारदाम्बायै नमः ॥ इह खलु शिवाद्वयशासनाम्भोविपारदृश्वा श्रीमान् महामाहेश्वरोऽभिनवगुप्ताख्य आचार्यवरोऽतितीक्ष्णप्रतिभाप्रसादातिशयतोऽवगाहनीयेषु शैवागमेषु, केषाञ्चिदनुग्राह्याणां शिष्याणां मतिसौकुमार्यं पर्यालोच्यानायासमेव त्रिकशास्त्रसंप्रदायजिज्ञासूंस्तानुपदिदिक्षुः पञ्चदशभिः श्लोकैस्तत्प्रतिबोधनाय शास्त्रार्थमुपनिबध्नाति । तत्रादौ नित्योदितसंवित्प्रकाशस्यावभासने प्रमाणव्यापाराभावप्रतिपादनायाह—

अनस्तमितभारूपस्तेजसां तमसामपि ।
य एकोऽन्तर्यदन्तश्च तेजांसि च तमांसि च ॥१॥

स्वतन्त्रशिवप्रकाशो हि सर्वाभासकः सदोदितो न स्वं प्रकाशयितुं प्रकाशान्तरमपेक्षते स्वप्रकाशत्वात्, तस्याऽस्तोदितत्वाभावात्, "सकृद्विभातोऽयमात्मा" इति, "नहि द्रष्टुर्दृष्टेर्विपरिलोपो विद्यतेऽविनाशित्वात्" इति श्रुतेः, । (बृ० आ० ४ । ३ । २३) य एको द्वितीयोऽर्कादीनां तेजसां प्रमाणादिप्रकाशानां च तथा, मदमूर्च्छाद्यवस्थारूपाणां तमसां बाह्याप्रकाशानामन्तरवस्थितत्वात् तदनुप्राणको बहिरपि तस्यैव संवित्प्रकाशस्य सत्त्वात्तदन्तरेव

तान्यर्कादीनां तेजस्तमांसि स्वसत्तामुपयान्ति । नहि भारूपं संवित्प्रकाशं विना किमपि घटादि भावजातं प्रकाशमानतामेति, ते च प्रकाशा अस्तं यान्ति उदयन्ति च । प्रकाशः पुनरस्तोदयानाकलितः प्रमाणानामपि जीवितरूपं मूलप्रमाणं तमर्कादिप्रकाशः कश्चिदवभासयितुं न शक्नोति तस्य प्रकाश्यत्वात् स्वाभासनेऽप्यसमर्थस्य कथं परं भासयितुं प्रागल्भ्यं, प्रत्युत स्वाभासनेऽपि संवित्प्रकाशमेवापेक्षते स इति स्वप्रकाशत्वादर्कादीनां स एव भासकः । यदुक्तम्-

'यन्न सूर्यो नवा सोमो नाग्निर्भासयतेऽपि च ॥
नचार्कसोमवह्नीनां तत्प्रकाशाद्विना महः ॥
किमप्यस्ति निजं किन्तु संविदित्थं प्रकाशते'। (तं० ३ । ११५)

इति । तथा गीतासु-

'न तद्भासयते सूर्यो न शशाङ्को न पावकः ।
यद्गत्वा न निवर्तन्ते तद्धाम परमं मम ॥' (भ० गी० १५। ६)

अबोधोऽपि न बोध्यमानो बोधाद्विद्यतेऽन्यथा तत्सत्त्वानुपपत्तेरिति स्थित्या खपुष्पादेरप्यसतो व्यापकत्वादपरिच्छिन्नः संवित्प्रकाशो विश्वत्र निर्निरोधावरणं तत्तद्वैचित्र्यात्मना विजृम्भते इत्येतेन किमपि प्रमाणादि, तत्र सर्वजीवितभूनोपयुज्यते इत्युक्तं भवति ॥ १ ॥

एवं संवित्प्रकाशः प्रकाश्यं प्रमेयं प्रकाशयतीति प्रकाशप्रकाशनीयभावे सिद्धे कथं शिवाद्वयभाव इत्याशंक्याह-

स एव सर्वभूतानां स्वभावः परमेश्वरः ।
भावजातं हि तस्यैव शक्तिरीश्वरतामयी ॥२॥

स एव परमेश्वरः स्वतन्त्रचिद्घनतापरमार्थः सर्वभूतानां समग्राणां शिवादिसकलान्तानां प्रमातृवर्गाणां सकलानां प्रमेयवर्गाणां च उभयेषां ग्राह्यग्राहकरूपाणां स्फुरत्तात्मानुत्तरप्रकाशवपुः स्वभावोऽन्यथा

"यत्तत्र नहि विश्रान्तं तन्नभः कुसुमायते । (तं० ८।३)

इतिस्थित्या संवित्प्रकाशाद्भिन्नस्याऽसत्वान्न किमपि प्रकाशेत । एतदेव हि पारमेश्वर्यमनन्यापेक्षं स्वातन्त्र्यं, यत्तत्तदनियतविश्ववैचित्र्येण स्वेच्छयैव स्वात्मभित्तौ समुन्मीलनं, तत्रापि नियताकारधारित्वे ऐश्वर्यं विघटेत । यदुक्तमाचार्येणैव

'अस्थास्यदेकरूपेण वपुषा चेन्महेश्वरः ।
महेश्वरत्वं संवित्त्वं तदत्यक्ष्यद्घटादिवत् ॥' (तं० ३।१००)

केवलं वेद्यवेदकत्वरूपस्य व्यवहारस्य मायाभूमौ कल्पितप्रमात्रपेक्षया तात्कालिकी व्यवह्रियमाणता । यदुक्तमीश्वरप्रत्यभिज्ञायाम

'केवलं भिन्नसंवेद्यदेशकालानुरोधतः ।
ज्ञानस्मृत्यवसायादिव्यवहारोऽनुभूयते' ॥ (ई० प्र० १।५।२१)

इति । वस्तुतस्तु सदैवाभिन्नप्रकाशमयोऽनुत्तरानाख्येयसंवित्स्वभावः परमेश्वर एव स्वात्मोच्छलत्तया तत्तद्विश्वभावपरिस्फुरणेन चकास्तीत्यर्थः । एतदेव हेतुद्वारा स्पष्टं निरूपयन्नाह भावजातमिति, तस्यैव परमेश्वरस्य हि यस्मादीश्वरतामयी शक्तिरैश्वर्यरूपं स्वातन्त्र्यमेव वाच्यवाचकात्मविश्वपदार्थमयं भावजातं भवति, यदुक्तं मङ्गलायाम्

'शक्तयोऽस्य जगत्कृत्स्नं शक्तिमांस्तु महेश्वरः।'

इतिनीत्या स्वातन्त्र्यमेव जगदात्मना प्रथते इत्यर्थः । यदुक्तम्

'बोधो हि बोधरूपत्वादन्तर्नानाकृतीः स्थिताः ।
बहिराभासयत्येव द्राक् सामान्यविशेषवत् ॥'(तं० १।२५७)

इति । तथेश्वरप्रत्यभिज्ञायाम्

'चिदात्मैव हि देवोऽन्तः स्थितमिच्छावशाद्बहिः ।
योगीव निरुपादानमर्थजातं प्रकाशयेत् ॥ ई० प्र० (१।५।७)

इति । अतश्च स्वैश्वर्यनिर्भरः शिव एवैकस्तथा तथा प्रस्फुरति इत्येकैव संवित्पर-मार्थसतीति भावः ॥२॥

ननूक्तं परमेश्वरस्य शक्तयो विश्वमिति शक्तिमद्वतोः परस्परं धर्मधर्मिभावेन भेदात् कथमेकशिवात्मभाव इत्याशंक्याह

शक्तिश्च शक्तिमद्रूपाद् व्यतिरेकं न वाञ्छति ।
तादात्म्यमनयोर्नित्यं वह्निदाहिकयोरिव ॥३॥

यथानेस्तच्छक्तेश्च दाहकत्वपाचकत्वप्रकाशकत्वादिविलक्षणायाः अन्योन्ययुतसिद्धत्वात्सातत्येन समवेतयोरैकात्म्यमेव । न कदाचिद् दाहिकादिस्तच्छक्तिः स्वाश्रयं वह्निमनाहृत्य स्वरूपसत्तां लभते, 'यद्येन विना न तिष्ठेत् तत्तस्मान्न व्यतिरिच्यते' इति न्यायादभिन्नसारूप्यात् तादात्म्यमेवावलम्बते । यदुक्तम्

'मातृक्लृप्ते हि भावस्य तत्र तत्र वपुष्यलम् ।
को भेदो वस्तुतो वह्नेर्दग्धृपक्तृत्वयोरिव ॥' (तं० १।७०)

इति । एवं विश्वभाववैचित्र्यप्रथामयी स्वातन्त्र्यशक्तिः शक्तिमल्लक्षणात् शिवस्वभावान्न व्यतिरेकमिच्छेत् । तत्त्वे हि तस्याः स्वरूपविप्रलोपात् स्वरूपविनाशे कार्यसंपादनशक्तेरनुपपद्यमानत्वाद्विधिमिदं न प्रस्फुरेत् । प्रस्फुरति च विश्वं, तस्माच्छिवप्रकाशाभिन्ना स्वातन्त्र्यशक्तिरेव वेद्यवेदकरूपेण विस्फुरति, इत्यमुनैवाशयेन शिवसूत्रेषु 'चैतन्यमात्मा' इति भावप्राधान्येन निर्देशः । नापि क्रियाभेदात् क्रियावान् भिद्यते तास्वनवरतं प्रवर्तमानास्वपि कर्तुरेकत्वानपायात् । एवं शक्तीनां बहुत्वेऽपि शक्तिमानेकत्वं न व्यभिचरति, तद्बहुत्वस्यापि एकस्यामेव स्वातन्त्र्यशक्तावन्तर्भावान्मुख्या सैव एका शक्तिः शक्तिमदव्यतिरेकिणी सर्वत्राभिषिच्यते । यदुक्तम्

'तस्मात्संवित्त्वमेवैतत्स्वातन्त्र्यं यत्तदप्यलम् ।
विविच्यमानं वह्नीषु पर्यवस्यति शक्तिषु ॥' (तं०१।६१)

इति । तथा

'बहुशक्तित्वमप्यस्य तच्छक्त्यैवाऽवियुक्तता ।' (तं० १।६८)

इति । तथा

'एक एवास्य धर्मोऽसौ सर्वाक्षेपेण वर्तते ।

तेन स्वातन्त्र्यशक्त्यैव युक्त इत्याञ्जसो विधिः ॥ (तं०१।६७)

इति । एतदेव हृदयं विमर्शः सार इत्यादिशब्दैः परिभाष्यते, इदमेव जडप्रकाशाद्वैलक्षण्याधायि । यदुक्तं प्रत्यभिज्ञायाम्

'स्वभावमत्रभासस्य विमर्शं विदुरन्यथा ।

प्रकाशोऽर्थोपरक्तोऽपि स्फटिकादिजडोपमः ॥'(ई०प्र०१।५।१०)

इति । एवं मायाध्वनि दुरपह्नवत्वाद्भासमानस्यापि भेदस्य आभाससारत्वात् न स्वतन्त्रशिवाद्वयभावक्षण्डना इति ॥ ३ ॥

ननु परमेश्वरस्य तत्तद्विश्ववैचित्र्यप्रथने किंमुद्दिश्य प्रवृत्तिः किंच निमित्तं इत्याशंक्याह-

स एव भैरवो देवो जगद्द्रवणलक्षणः ।

स्वात्मादर्शे समग्रं हि यच्छक्त्या प्रतिबिम्बितम् ॥ ४ ॥

स एव शक्तिमान् स्वतन्त्रोऽनुत्तरभट्टारकः स्वस्वातन्त्र्येणोद्भासितस्य विश्वस्य स्वात्मभित्तिसंलग्नतया धारणपोषणस्वभावत्वाद् भैरवो विश्वभरितस्वरूपः

'भियाऽस्मिन् रवयति सर्वदो, व्यापकोऽखिले ।

इति भैरवशब्दस्य सन्ततोच्चारणाच्छिवः ॥' (वि० भै० १३०)

इति विज्ञानभैरवोक्तनीत्या, पूर्णाहन्ताचमत्कारनिर्भरभैरवस्वरूपे विश्रमणाद्वा विश्वेनापि धार्यमाणः पोष्यमाणश्च सदैव विश्वमयत्वेन प्रस्फुरणात् इत्युक्तं जगद्द्रवणलक्षण इति । भैरवसंविदो हि व्यतिरिच्यमानस्यान्यस्याचेत्यमानत्वात् सर्वत्र पारिपूर्ण्यं विश्वभरितस्वभावत्वात् । तस्यैव स्वैक्ष्वर्यघनतामहिम्ना यच्छिवादि-

भूम्यन्तेन तत्त्वभूतभावाद्यात्मना विजृम्भणं तदेव स्वात्मगोपनात्मक्रीडारसिकस्य देवत्वं, विस्तरतस्तु भैरवदेवशब्दयोर्विवरणं श्रीतन्त्रालोके द्रष्टव्यम्। एतदेव विश्वसृष्ट्यादौ परमेश्वरस्य निमित्तं न पुनः प्राणिनां कर्मादि तत्सापेक्षत्वे हि स्वातन्त्र्यं न पुनः प्राणिनां कर्मादि, तत्सापेक्षत्वे हि स्वातन्त्र्यं विघटेत, स्वातन्त्र्यमेवानन्दघनत्वं तदेव घनताऽतिशयप्राप्ता समुच्छलत्स्वभावत्वेन तत्तद्विश्ववैचित्र्येण स्फुरति द्योतते सर्वोत्कर्षतयाप्यास्ते। यदुक्तम्

'तस्य स्वतन्त्रभावो हि किं किं यन्न विचित्रयेत्।
तदुक्तं त्रिशिरःशास्त्रे स बुद्ध इति वेत्ति यः॥

इति। यच्छक्त्या पराख्यया स्वात्मैव स्वच्छत्वादिना प्रतिबिम्बसहत्वाद् दर्पणस्तस्मिन् समग्रं प्रमातृप्रमेयात्मभावजातमुपादानादिसामग्रीनिरपेक्षत्वेन प्रतिबिम्बितं, दर्पणो हि बिम्बसापेक्षः, स्वान्तिस्तत्तद्रचनावैचित्र्यं धत्ते, एषा पराशक्तिस्तन्निरपेक्षमेव विश्ववैचित्र्यमाभासयतीत्येतदजाड्यस्य विलसितम्। यदाह भट्टोत्पलदेवः-

'निरुपादानसंभारमभित्तावेव तन्वते।
जगच्चित्रं नमस्तस्मै कलाश्लाघ्याय शूलिने॥' (२२।६)

इति। श्रीशक्तिसूत्रेष्वपि-

स्वेच्छया स्वभित्तौ विश्वमुन्मीलयति।' (श० सू० २)

इति। श्रीमानाचार्योऽपि-

'अन्तर्विभाति सकलं जगदात्मनीह
यद्वद्विचित्ररचना मकुरान्तराले।
बोधः पुनर्निजविमर्शनसास्ययोगा-
द्विश्वं परामृशति नो मकुरस्तथा तु॥, (तं० सा० ३ आ०)

इति । अणुप्रत्यभिज्ञायामपि-

नाथ त्वया विना बिम्बं स्वच्छे स्वात्मनि दर्शितम् ।
प्रसेनादर्पणेनेव प्रभावाद्भावमण्डलम् ॥ ४ ॥

इति । एवं वैश्वरूप्योल्लासे भेदामर्शनात् कथं भैरवस्याद्वैतत्वं स्यादित्याशंक्याह

तस्यैवैषा परा देवी स्वरूपामर्शनोत्सुका ।
पूर्णत्वं सर्वभावेषु यस्या नाल्पं नचाधिकम् ॥५॥

तस्यैव भैरवात्मनः संवित्प्रकाशस्य एषा — वैश्वरूप्येणोल्लसन्ती स्वातन्त्र्याख्या शक्तिर्द्योतनादिक्रीडाशीलत्वाद् देवी — स्वात्मनि — प्रकाशात्मैकेन विश्वस्यामर्शनावभासाभ्यां परा पूर्णतया स्फुरन्ती, तत्रैव — दर्पणनगरादिवद्भेदाभेदतया विश्वस्य परामर्शनादत्यन्तं भेदेनापि मायाप्रमातुरुचितेन विमर्शनात् परा परादिसंज्ञामवाप्तापि स्वरूपस्यामर्शने स्वातन्त्र्यात् तत्तद्भावजातं स्वात्ममयमेवेति विश्वाहंभावचमत्कृतौ उत्सुका — स्वात्मानमेव — तथातथा परामृष्टुमौत्सुक्येन प्रवृत्ता, एवं त्रिधाप्यामर्शने व्यतिरिक्तभावौन्मुख्यविरहात्पारिपूर्ण्यादनपेता स्वस्वातन्त्र्येण स्वमेव स्वात्मनामृशति । यदुक्तं प्रत्यभिज्ञायाम्,

'स्वातन्त्र्यामुक्तमात्मानं स्वातन्त्र्यादद्वयात्मनः ।
प्रभुरीशादिसङ्कल्पैर्निर्माय व्यवहारयेत् ॥'(ई० प्र० १।५।१६)

इति स्थित्या द्वैतोल्लासेऽपि नाद्वैतहानिरिति । अत एव यस्याः सर्वभावेषु साकल्येन विश्ववर्तिषु नीलसुखादिषु पदार्थेषु पूर्णत्वमखण्डं पारिपूर्ण्यं, तच्च नाल्पं नचाधिकं भावनामुदयप्रलययोः संविदोः न्यूनाधिक्याभावात् रुद्रक्षेत्रज्ञादिप्रमातृष्वपि चितो न्यूनाधिकतया विशेषाभावात्पूर्णत्वं न हीयते । यदुक्तं ब्रह्मदर्शने

'यैव चिद्गगनाभोगभूषणे व्योम्नि भास्करे ।
धराविवरकोषस्थे सैव चित्कीटकोदरे ॥'

इति । यथा प्रदेशाकाशानां महाकाशादनतिरिक्ता वृत्तिरेवं नीलादिप्रकाशानां ब्रह्मणो बृहत्त्वेन बृंहकतया च तदनधिकवृत्तित्वमिति ॥ ५ ॥

अत एवाभिज्ञानि कृत्यानि करोति परमेश्वरो न भेदमयानीत्याह

एष देवोऽनया देव्या नित्यं क्रीडारसोत्सुकः ।
विचित्रान् सृष्टिसंहारान् विधत्ते युगपद्विभुः ॥६॥

एष — प्रत्यभिज्ञापदमारूढो, द्योतनादिलक्षणश्चिद्देवोऽनयोक्तलक्षणया परा वाक्रूपया विश्वोल्लासनादिक्रीडाशीलत्वाद् देव्या देवसम्बन्धिन्या वा तत्समवायधर्मिण्या सह नित्यमविरतं तत्तद्भूमिकाविजृम्भणेऽपि अव्युच्छिन्नत्वात् सदोदितायां क्रीडायां पञ्चकृत्यात्मिकायां यो रसोऽभिलाषस्तत्रोत्सुको निरपेक्षं प्रसह्य तत्र प्रवर्तमानः । यदुक्तम्

'सदा सृष्टिविनोदाय सदा स्थितिसुखासिने ।
सदा त्रिभुवनाहारतृप्ताय स्वामिने नमः ॥,(उ०स्तो०२२।६)

इति । तथा

'प्रतिक्षणमविश्रान्तस्त्रैलोक्यं कल्पनाशतैः ।
कल्पयन्नपि कोऽप्येको निर्विकल्पो जयत्यजः ॥(स्त०चि०११२)

इति । तच्च क्रीडनं विचित्रम् तथाहि परामर्शो प्रकाशघनतामयानां भावानामविच्छिन्नावभासादिना सदोदितमेव पञ्चकृत्यविधायित्वं, पश्यन्त्यां चोद्बिभ्यतामिदन्तावभासानामहन्तारसोद्रेकतया तत्रापि स्वाङ्गकल्पत्वेन भेदासूत्रणां विजृम्भयितस्तद्भूमिकामापन्नस्य तादृशमेव कृत्यकारित्वम्, मध्यायां पुनरस्फुटतयाभासमानानां भावानामहन्तायामेवेदन्ताप्रधान्योद्वेचनात् तादृशमेव वास्फुटकल्पं कृत्यम् संकोचकाष्ठायां तु मायीयप्रमातृतायामपि सर्वथा स्वात्मविस्मृतौ तादृशमेव भेदैकसारं कृत्यम्, तत्रापि प्रमातृप्रकाशमन्तरेण नीलादीना-

सद्गुरु श्रीलक्ष्मण जी अपनी स्वतन्त्रता से सभी जगत को प्रकाशित करते हैं और उस का ग्रास अर्थात् लय करते हैं। इस भांति जो महाकाल के जन्म और विनाश को भी प्रकाशित करने वाले हैं, उन श्रीगुरु - चरणों को हम प्रणाम करते हैं ॥ ३५ ॥

दीनोद्धारैककृत्याय करुणागाधसिन्धवे ।
अनेकश्रीलसत्काय लक्ष्मणाय नमस्तमाम् ॥३६॥

जिन गुरु-देव का कर्त्तव्य केवल दीनों का उद्धार करना ही है, जो दया के अथाह समुद्र हैं और जो अनन्त ऐश्वर्य से सुशोभित हैं, उन श्रीगुरु लक्ष्मण जी को शतशः प्रणाम हो ॥ ३६ ॥

यस्यां च सत्यामहमेव भामि
सर्वात्मना सर्वविकल्पहीनः ।
यत्नैरलभ्यामतिदुर्लभां तां
श्रीसद्गुरोर्नौमि दयार्द्रदृष्टिम् ॥३७॥

करुणा से आर्द्र बनी हुई सद्गुरु की उस दृष्टि को मैं नमस्कार करता हूं, जो किसी भी यत्न से प्राप्त नहीं की जा सकती है। इसी लिए अज्ञ-जनों के लिए जो अत्यन्त दुर्लभ है तथा जिस दृष्टि के होने पर मैं स्वयं सभी विकल्पों से रहित होकर सब रूप से प्रकाशित हो रहा हूं ॥ ३७ ॥

आज्ञा यदीया तु कृपात्मिकैव
स्पन्दात्मिका कालकलाव्यतीता ।
उन्मेषनामास्ति निमेषगर्भा
बिन्द्वात्मिका नादकलास्वरूपा ॥३८॥
विमर्शरूपा समनात्मिका या
प्रकाशजातापि तदात्मिकैव ।
तं नौमि देवं विदुषां वरेण्यं
श्रीलक्ष्मणं व्यक्तसमस्तलक्षणम् ॥३९॥

(युगलकम्)

जिन सद्गुरु की अनुग्रहरूप आज्ञा स्वतः ही कृपा-रूप है, स्पन्द रूप है और काल की कल्पना से बहुत दूर है। जो उन्मेष - रूप होते हुए ही निमेष - गर्भ वाली है। जो बिन्दु-रूप अर्थात् प्रमातृ - रूप एवं नाद - कला रूप भी है। जो विमर्श के स्वरूप वाली एवं समना के स्वरूप से युक्त है और प्रकाश से उत्पन्न होकर भी स्वतः प्रकाश-रूप है,— उन्हीं ज्ञानियों में श्रेष्ठ, ज्ञान के सभी लक्षणों से परिपूर्ण श्रीमान् लक्ष्मण जी को मैं प्रणाम करता हूं। ३८।३९॥

द्रष्टुं स्वकीयपदपंकजमद्वितीय-
दृष्टिस्त्वयैव विहितात्र न संशयो मे ।
किन्तु प्रभो ! यदनयैव समस्तविश्वं
पश्याम्यतः सकलमेव भवत्स्वरूपम् ॥४०॥

हे प्रभु ! आप ने अपने चरण-कमलों को दिखाने के लिए मुझे अभेद-दृष्टि प्रदान की है, इस में मुझे तनिक - मात्र संशय नहीं है। किन्तु ऐसा होने पर भी मैं इसी अद्वैत - दृष्टि से संपूर्ण संसार देख रहा हूं— अतः यह समस्त जगत तो मुझे आप का ही स्वरूप दिखाई देता है ॥ ४० ॥

आमोदयन्ति हृदयं परितः परागाः
पीयूषवर्षिकिरणैः रसयन्ति चन्द्राः ।
देव ! त्वदीयपदपंकजमेति यस्य
स्वान्ते तु तस्य मधुराश्च दिशो भवन्ति ॥४१॥

हे गुरुदेव ! आप का चरण-कमल जिस के हृदय में (क्षणमात्र के लिए भी) प्रकट अर्थात् विकसित हो जाता है, उस का हृदय चरण-धूलि की सुगन्धि से भर जाता है। अमृत की वर्षा करने वाले आप के चरण-नख रूपी चन्द्रमा उसके हृदय को आप्लावित करने लगते हैं तथा उस के लिए सभी दिशायें माधुर्यमय अर्थात् कल्याण करने वाली बन जाती हैं ॥ ४१ ॥

जानाति सौख्यं पदपंकजस्य
चेतो मदीयं न भवानपीश।
मुक्त्वा द्विरेफं मकरन्दसौख्यं
न वेत्तुमीष्टे कमलाकरोऽपि ॥४२॥

आप के चरण-कमलों के रसास्वादनात्मक सुख को मेरा हृदय ही अनुभव करता है। ईश्वर होते हुए भी आप उस का अनुभव नहीं कर पाते, क्योंकि कमल के मधु के आस्वादन-सुख को भ्रमर को छोड़ कर स्वयं कमलों का समुदाय भी नहीं समझ सकता ॥ ४२ ॥

अनन्तजन्मार्जितपुण्यराशेः
फलं त्वदीयस्मृतिगोचरत्वम् ।
लब्धस्य मे देव ! सदैव चेतो
विलोकितुं वांछति तेऽङ्घ्रिपद्मम् ॥४३॥

अनन्त जन्मों में किए हुए पुण्यों का फल जो आप के स्वरूप की स्मृति का पात्र बनना है, उस स्मृति का लाभ प्राप्त करके मेरा मन आप के चरण-कमल का दर्शन सदा ही करना चाहता है । ४३ ॥

देव ! त्वदीयकरुणावरुणालयस्य
कल्लोलशीकरसुसेचनशांततृष्णः ।
नीतस्त्वया धृतकरोऽन्ध इवाहमीश !
संकल्पपंकरहिते सुपथि प्रयामि ॥४४॥

हे देव ! आप के करुणा-समुद्र की हिलोरों से उत्पन्न छींटों के सिञ्चन से मेरी सभी तृष्णा शान्त हो गई है। अतः हे मेरे स्वामी ! ऐसा मैं दूसरे

भक्ति के द्वारा हाथ से पकड़े हुए अन्धे की भान्ति आप के अनुग्रह से संकल्प रूपी कीचड़ से रहित सुन्दर मार्ग अर्थात् निर्विकल्प-पथ पर आगे आगे जा रहा हूं ॥ ४४ ॥

क्रियां च कालं करणं कलां च
योऽपेक्षते कृत्यविधौ न किंचित्।
कुर्वन्न चाप्नोति च कर्तृभावं
नुमो गुरुं तं करुणैकमूर्तिम् ॥४५॥

जो गुरुदेव किसी भी काम के संपादन करने में क्रिया, काल, करण और कला आदि की अपेक्षा नहीं करते हैं और क्रिया को करते हुए भी कर्तृत्व के अभिमान का विषय नहीं बनते हैं। उन्हीं केवल करुणा के ही स्वरूप वाले श्रीगुरु को हम नमस्कार करते हैं। ४५ ॥

ब्रह्मामृतास्वादशिवस्वभावः
स्वीयस्वभावो भवति प्रसह्य।
पूतस्य ते देव! कृपाकटाक्षै-
र्भवोऽपि स्वोद्भूततया विभाति ॥४६॥

हे देव! आप के कृपा-कटाक्ष से पवित्र बने हुए भक्त को, ब्रह्मामृत का आस्वादन करना जो शिव का स्वभाव है, वह हठात् उसका अपना ही स्वभाव बन जाता है। इतना ही नहीं, यह विशाल संसार भी उन्हें अपने से ही प्रकट तथा अपने में ही ठहरा हुआ दिखाई देता है ॥ ४६ ॥

हन्त्री विधात्री जगतोऽपि कर्त्री
कृपैव ते नैव जनस्य बुद्धिः।
सर्वार्त्तिहन्त्री भवदङ्घ्रिभक्तिः
सापि प्रभो! त्वत्कृपया भवित्री ॥४७॥

हे प्रभु! आप की कृपा ही जगत की सृष्टि, स्थिति तथा संहार करने में समर्थ है। लोगों की बुद्धि इस (दुर्घट) कार्य को निष्पन्न करने में असमर्थ ही है। आप के चरणों की भक्ति तो सब दुःखों को नष्ट करने वाली है, किन्तु वह भी दास-जनों में आप की कृपा से ही उत्पन्न होती है ॥४७॥

नित्यापरोक्षं तव देव रूपं
प्रकाशमानं परितः पुरस्तात् ।
सर्वादि चाद्यन्तविहीनमेवं
पश्यामि देव ! कृपया तवैव ॥४८॥

हे देव ! आप का नित्य-प्रत्यक्ष-स्वरूप सब ओर से प्रकाशमान ही है। वह स्वरूप सबों का आद्य है एवं स्वयं आदि और अन्त से रहित है। ऐसे आप के स्वरूप को मैं आप की कृपा से ही देखता हूं ॥ ४८ ॥

स्वाराज्यसाम्राज्यपदप्रदायिने
नित्याय शांताय परापरात्मने ।
कारुण्यपूरामृतवर्षिदृष्टये
श्रीदेशिकायामिततेजसे नमः ॥४९॥

जो गुरुदेव स्वात्मराज्य रूपी चक्रवर्ति पदवी को देते हैं, जो नित्य शान्त तथा पर (सूक्ष्म) और अपर (स्थूल) रूप वाले हैं और जिन की दृष्टि करुणा रूपी अमृत की वर्षा करती है, ऐसे अपरिमित तेज वाले श्रीगुरुदेव को प्रणाम हो ॥ ४९ ॥

स्तोतुं त्वां कः समर्थोऽस्ति प्राणबुद्धिप्रवर्तकम् ।
किन्तु प्रभोः प्रसादार्थं ममैतद्वाग्विजृम्भणम् ॥५०॥

प्राण तथा बुद्धि को उत्पन्न करने वाले आप के स्वरूप की स्तुति भला कौन कर सकता है ? ऐसी दशा में भी मेरी यह वाणी आप को प्रसन्न करने के लिए स्वयं उछल पड़ी है ॥ ५० ॥

किं न दत्तं त्वया मह्यं दर्शितं किं न मां पुनः ।
तव स्तुतिपरैवेयं वाणी मे भवतात्प्रभो ! ॥५१॥

हे प्रभो ! आप ने मुझे क्या नहीं दिया और क्या नहीं दिखाया ? अतः (इस भांति आप के द्वारा अनुगृहीत बनी हुई) मेरी यह वाणी केवलमात्र आप की स्तुति करने में ही लगी रहे (यही प्रार्थना है) ॥ ५१ ॥

कुत्र नासि कदा नासि भाति किं वा त्वया विना।
स्थितं देवं नमस्यामि सेयमर्चा परा मम ॥५२॥

हे गुरुदेव! आप कहां नहीं हैं? कब नहीं हैं? आप के विना प्रकाशित क्या होता है? अतः सर्वथा उपलब्ध अर्थात् प्राप्त आप देव की मैं वन्दना करता — यही वन्दना मेरी परा पूजा अर्थात् अभेदमयी पूजा है॥ ५२॥

न यत्र वाणी न मनोऽपि यस्मिन्
गुरौ कथञ्चित्क्रमते विशुद्धे।
कथं स्तुतिस्तस्य भवेत्परं स
भक्तार्थमद्यास्ति गृहीतरूपः ॥५३॥

जिस विशुद्ध अमायीय गुरुरूप में किसी प्रकार की तथा किसी भी रूप से की गई स्तुति-रूप वाणी पहुँच नहीं पाती है तथा जहां चञ्चल मन की गति भी स्थिर हो जाती है। ऐसा होने पर उस की स्तुति कैसे की जा सकती है? परन्तु उस ऐसी (परशिव-रूप) गुरु-शक्ति ने, भक्तों के हितकार के लिए, आज शरीर धारण किया है॥ ५३॥

येन मान्मितिमेयभानतः
संनिवर्त्य निजवैभवे शिवे।
स्थापितोऽस्मि कृपयावलोकित-
स्तं नतोऽस्मि गुरुमेव लक्ष्मणम् ॥५४॥

जिस गुरु-देव ने अपनी कृपा-पूर्ण दृष्टि से मुझे प्रमेय, प्रमाण और मिति के (झंझट-पूर्ण) अनुभव से एकदम लौटा कर अपने शिव-रूप वैभव में ठहराया है, उन श्रीमान् गुरुदेव लक्ष्मण जी को ही मैं नमस्कार करता हूं॥५४॥

सद्यः प्रपन्नजनताहृदयाम्बुजन्म
संबोधयत्यखिलविश्वमयच्छदैर्यत्।
तं देशिकाङ्घ्रिजमहो मिहिरायमाणं
शश्वच्चकास्तु सबलाकृति शाश्वतं नः ॥५५॥

सूर्य के समान आचरण करता हुआ अर्थात् प्रकाश और विकास करने

वाला, गुरु-देव के चरण-कमलों से उत्पन्न जो तेज, शरण में आये हुए जन-समूह के हृदयों को अखिल विश्वमय पत्रों के रूप में विकसित करता है, वह शाश्वत-तेज पूर्णरूप से हम सभी भक्तों के हृदयों में सदा चमकता रहे ।।५५।।

हृदम्बुजदिनेशाय मोहारण्यदवाग्नये ।
शान्तिरात्रिमृगाङ्काय चिद्रूपगुरवे नमः ।।५६।।

जो स्वात्म रूपी गुरुदेव भक्तों के हृदय रूपी कमल को विकसित करने में सूर्य के समान हैं। मोह रूपी भयंकर जंगल को नष्ट करने के लिए जो दावाग्नि अर्थात् जंगल की आग के समान हैं और भक्तों में विद्यमान भेदभ्रम रूपी अन्धकार को नष्ट करने के लिए शान्ति-रात्रि के पूर्ण चन्द्र के तुल्य ही हैं, ऐसे चिद्रूप गुरुदेव को नमस्कार हो ।। ५६ ।।

उपायवनचैत्राय शिवाय शिवयोगिनाम् ।
भविनां भुक्तिमुक्त्यर्थं कल्पवृक्षाय ते नमः ।।५७।।

उपाय रूपी जंगल के लिए जो गुरुदेव चैत्र-मास के समान हैं अर्थात् जैसे चेत महीने के आने पर सभी वन पुष्पित और फलों से युक्त हो जाते हैं, उसी भांति गुरु के सबन्ध से ही सभी उपाय सफल बनते हैं। जो गुरुदेव शैव-योगियों के लिये कल्याण-रूप शिव-स्वरूप हैं तथा ससारी जनों को भोग और मोक्ष देने के किए कल्पवृक्ष के समान मनमांगा फल देते हैं, ऐसे श्रीगुरु को मेरा नमस्कार हो ।। ५७ ।।

स्वात्मविश्रांतिदं यस्य दर्शनं भवतापहम् ।
नमस्तस्मै स्वतन्त्राय पारतन्त्र्यविनाशिने ।।५८।।

जिन गुरुदेव का दर्शन-मात्र संसार के सभी दुखों को दूर करने वाला स्वात्म-विश्रांति को देने वाला तथा स्वयं स्वातंत्र्य-पूर्ण होकर परतन्त्रता को नष्ट करता है, ऐसे श्रीगुरुदेव को मेरा नमस्कार हो ।। ५८ ।।

आद्यन्तहीनोऽस्ति विभोर्हि यस्य
भातं समस्तं भासमश्नुवानः ।
संकोचशून्यप्रसरत्प्रकाशः
स मे गुरुः केन कथं स्तुतः स्यात् ।।५९।।

जिन व्यापक गुरुदेव का प्रकाश संकोच की मलिनता से रहित होकर केवलमात्र प्रकाश का स्वरूप बना है, जो आदि और अन्त से रहित है और जो संपूर्ण संसार को अपने में विलीन कर रहा है, भला ऐसे मेरे तेजस्वी गुरुदेव की स्तुति कैसे और किन साधनों से की जा सकती है ? । ५६ ।।

वाचा निर्मलया सुधामधुरया दृष्ट्या च शिष्यान्निजा-
नुद्धर्तुं नरविग्रहीव रमते यः स्वात्मसंस्थः शिवः ।
तं वन्दे परमप्रकाशनिबिडं स्वेच्छास्फुरद्विग्रहं
कारुण्याम्बुनिधिं महागुरुवरं श्रीलक्ष्मणं सर्वदम् ।।६०।।

जो स्वरूपनिष्ठ शिव मानवशरीर धारण करके अमृत के समान मधुर वाणी और निर्मल प्रकाशरूप दृष्टि से अपने शिष्यों का उद्धार करने की क्रीड़ा करते रहते हैं, उन महान् तेज के भंडार, निजी स्वतंत्र इच्छा शक्ति से देह धारण करने वाले, करुणा के सागर तथा सभी मनोवांछित फल को देने वाले श्रीमान महागुरुवर श्रीलक्ष्मण जी की मैं वन्दना करता हूं ।। ६० ।।

शश्वच्छांतिसमावृतोऽपि विषयैरेभिर्निजोद्भासितै-
र्हासोल्लासविलासकौतुकपरः स्वस्मिन्समन्तात्स्थितः ।
यश्चैतन्यसुधानिधिर्विजयते देवः स एको गुरु-
र्विद्वन्मानसपुष्करप्रविततज्ञानप्रभो लक्ष्मणः ।।६१।।

जो गुरुवर, सनातन शांति से परिपूर्ण होने पर भी अर्थात् अनाख्य-दशा में ठहरे हुए भी, अपने द्वारा ही प्रकाशित इन बाह्य विषयों में भी उन्मेष और निमेष की क्रीडा का रसास्वादन करते रहते हैं, जो सर्वतः अपने स्वरूप में ही विराजमान हैं तथा जिन गुरुदेव की ज्ञान-प्रभा विद्वानों के हृदय की आकाश में फैली हुई है उन चैतन्य-सुधा-सागर श्रीलक्ष्मण जी की जय हो ।। ६१ ।।

पूज्यः श्रीगुरुराजलक्ष्मणशिवः काश्मीरदेशस्थितो
भातु ध्वान्तनिवारको भुवि नृणां चित्ते स शान्तिप्रदः ।
आसीदस्ति भवत्यपि प्रतिदिनं यो लीलया सन्ततं
स्वच्छः स्वाद्भुतशक्तिचक्रविभवस्त्रैलोक्यमेतज्जगत् ।।६२।।

जो परम - पूज्य, निर्मल, मानसिक शांति देने वाले, अपने अद्भुत शक्ति-चक्रों के ऐश्वर्य वाले, अपनी ही लीला से सदा भूत, भविष्यत् तथा वर्तमान काल में इस समस्त त्रिलोकी का स्वरूप बनते रहते हैं, वे काश्मीर देश में ठहरे हुए गुरुराज श्रीलक्ष्मण जी संसार - भर के मनुष्यों के अज्ञान रूपी अन्धकार को नष्ट करते हुए सदा प्रकाशित बने रहें ॥ ६२ ॥

वाणी यस्य सुनिर्मलातिसरसा तापत्रयोज्जासने
यद्दृष्टिः करुणाभरां नतजनोद्धारे परिस्पर्धते ।
यत्रैकापि नतिर्ददाति सकलं साम्राज्यमत्यद्भुतं
तत्रैवास्तु महेश्वरे मम गुरौ श्रीलक्ष्मणे मे रतिः ॥६३॥

(आध्यात्मिक, आधिदैविक एवं आधिभौतिक) तीनों सन्तापों को दूर करने तथा शरण में आये हुए भक्त - जनों का उद्धार करने में, जिन गुरु महाराज की सुनिर्मल एवं सरस वाणी, करुणा-पूर्ण दृष्टि के साथ स्पर्धा (होड) करती है और जिन के प्रति किया गया प्रणाम-मात्र ही अत्यद्भुत साम्राज्य प्रदान करता है; उन्हीं मेरे महेश्वर - रूप सद्गुरु श्रीलक्ष्मण जी में मुझे सदा प्रेम बढ़ता रहे ॥ ६३ ॥

श्रीगुरुपदनखजन्मा
जन्मान्धस्यापि प्रकाशयन्नर्थान् ।
स जयति कोऽपि विकासः
प्रकाशमानोऽनवच्छिन्नः ॥६४॥

उस अनुग्रहात्मक किसी अवर्णनीय विकास की जय हो, जो श्रीगुरुदेव के चरणों के नख-चन्द्रों से उत्पन्न हुआ है, जो जन्म से अन्धे (अज्ञानी) को भी ज्ञान से संयुक्त बना कर सभी पदार्थों को शिव-रूप ही दिखाता है और जो अनवच्छिन्न रूप से स्वयं प्रकाशमान है ॥ ६४ ॥

विनाशिताशेषविकल्पबुद्धय-
हंरूपमन्त्रार्थविकासिकाभ्याम् ।
देहाद्यहंकारनिवर्तिकाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥६५॥

जिस ने सभी विकल्प - रूप बुद्धियों को नष्ट किया है, जिस ने पूर्णाहन्ता रूपी मन्त्र-वीर्य के सार बने हुए तत्त्व का विकास किया है और जिस ने देह आदि (प्राण, पुर्यष्टक तथा शून्य के) अहंकार को समाप्त किया है, श्रीगुरुदेव के ऐसे उस पादुका-युगल को बारम्बार नमस्कार हो ॥ ६५ ॥

उद्घाटिताद्वैतमहेक्षणाभ्यां
निमीलितद्वैतविलोचनाभ्याम् ।
मोहान्धकारेऽपि विरोचनाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥६६॥

जिसने शिष्यों के अद्वैत रूपी विशाल नेत्रों को खोला है, जिसने भेद-प्रथा रूपी नेत्रों को एकबारगी बन्द कर दिया है और जो मोह रूपी घने अन्धेरे में भी सूर्य के समान दीप्तिमान है— सद्गुरु के ऐसे पादुका-युगल को बार बार नमस्कार हो ॥ ६६ ॥

उदीर्णरागप्रतिरोधिकाभ्यां
विलीनबोधप्रतिबोधिकाभ्याम् ।
अनादिमायामलवारिकाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥६७॥

जो बढ़े हुए राग आदि दोषों को रोकता है, सुप्तप्राय ज्ञान को जो फिर से जगाता है तथा जो अनादि काल की माया से उत्पन्न (तीन आणव, मायीय और कार्म) मलों को हटाता है, गुरुदेव के ऐसे पादुका-युगल को बार बार नमस्कार हो ॥ ६७ ॥

अम्बादिरौद्रचन्तमरीचिकाभ्यां
वर्णादिसर्वाध्वविवर्त्तिकाभ्याम् ।
इच्छादिदेवीततचन्द्रिकाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥६८॥

अम्बा, जेष्ठा, वामा और रौद्री शक्तियां जिन की किरणें बनी हुई हैं, जो 'वर्ण, मन्त्र, पद, कला, तत्त्व और भुवन'— इन षडध्वाओं को उत्पन्न करती हैं तथा 'इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया'— इन शक्तियों के द्वारा ज्योत्स्ना फैली है, श्रीगुरुदेव की ऐसी पादुका को बारम्बार

संसारदावानलघोरताप-
शान्त्यर्थपीयूषमहाह्रदाभ्याम् ।
आप्यायितस्मर्तृजनव्रजाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥६९॥

संसार रूपी दावानल (जंगल की आग) से उत्पन्न भयंकर त्रिविध सन्तापों को शांत करने के लिए जो अमृत-पूर्ण अगाध जलाशय बनी हुई है तथा स्मरण करने वाले जन-समूह को जिन्होंने आप्यायन किया है— श्रीगुरु-राज की ऐसी पादुका को बार बार नमस्कार हो ॥ ६९ ॥

समस्तविद्योदधिसारदाभ्यां
श्रीशारिकास्वान्तसुसेविताभ्याम् ।
सच्छिष्यवृन्दैः परिपूजिताभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥७०॥

संपूर्ण विद्या-समुद्र के सारभूत तत्त्व को देने वाले, शारिका देवी जी के मन से सेवित तथा सत्-शिष्य - समूह से समर्चित श्रीगुरु-देव की पादुका को बार बार नमस्कार हो ॥ ७० ॥

प्रभाप्रकाशार्थधृतव्रताभ्यां
तिरस्कृतानादिमनस्तमोभ्याम् ।
मुक्तिप्रदाभ्यां विभवप्रदाभ्यां
नमो नमः श्रीगुरुपादुकाभ्याम् ॥७१॥

जिस पादुका ने स्वात्म-सवित्ति को प्रकाशित करने का ही व्रत धारण किया है—तथा अनादि-काल से चले आने वाले मानसिक अज्ञान को दूर किया है, मुक्ति तथा ऐश्वर्य को देने वाली ऐसी श्रीपादुका को बार बार नमस्कार ॥ ७१ ॥

दौर्भाग्यदावाग्निशिवाम्बुदाभ्यां
दूरीकृताशेषविपत्ततिभ्याम् ।
कपाक[illegible]र्णीकृतमादृशाभ्यां
नमो[illegible]रुपादुकाभ्याम् ॥७२॥

दुर्भाग्य रूपी जंगल की आग को शान्त करने के लिए कल्याणमय मेघ के समान, सभी विपदाओं की परम्परा को दूर करने वाले तथा मेरे जैसे सद्भक्तों को भी कृतार्थ अर्थात् पारमार्थिक मोक्ष देने वाले गुरु-राज के पादुका-युगल को बार बार नमस्कार हो ॥ ७२ ॥

इमानि पद्यपुष्पाणि सदाह्लादकराण्यतः ।
लभन्तां स्वीयसाफल्यं गुरुपूजामहोत्सवे ॥७३॥

सदा आनन्द को देने वाले ये श्लोक रूपी पुष्प गुरु-पूजा के महोत्सव पर अपनी सफलता प्राप्त करें ॥ ७३ ॥

गुरुस्तुतिफलं वक्तुं शक्तः शेषोऽपि नो परम् ।
स्वदन्ते स्तुतिकर्तारः फलं सद्यः परामृतम् ॥७४॥

सहस्र-मुख वाले शेषनाग भी श्रीगुरुदेव की स्तुति का फल वर्णन करने में असमर्थ हैं। हम तो केवल इतना ही कहेंगे कि गुरु-स्तुति करने वाले तत्क्षण ही परमामृत रूपी फल का आस्वादन करने लगते हैं। (अतः इस से बढ़ कर और क्या फल हो सकता है? ॥ ७४ ॥

रामेश्वरेण विदुषा
भक्तिप्रेरितचेतसा ।
श्रीगुरोर्लक्ष्मणस्यैषा
रचिता पादुकास्तुतिः ॥७५॥

गुरु-राज की भक्ति से प्रेरित चित्त वाले श्रीमान् विद्वान आचार्य रामेश्वर जी ने श्रीसद्गुरु लक्ष्मण जी की पादुका - स्तुति की रचना की है ॥ ७५ ॥

इति मिथिलादेशस्थ-
श्रीरामेश्वराचार्यवर्य्यस्य
कृतिरियम् ॥

ॐ

कौलेत्युपाह्वश्रीजियालालरचिता

श्रीपादुकास्तुतिः

★

प्रभादेवीरचितभाषानुवादसहिता ।

●

ॐ

कोलेत्युपाह्वश्रीजियालालरचिता

गुरुपरिचयात्मिका श्रीपादुकास्तुतिः



गौरीपतिं जगन्नाथं सर्वसंकटनाशिनम् ।
स्वभक्तचामृतदातारं मुनीनां हितकारिणम् ॥१॥

समावेशरसास्वादपरमाह्लादचेतसाम् ।
योगिनां हृदये नित्यं भासमानं चिदात्मकम् ॥२॥

गुरूणामपि सर्वेषां गुरुं चैकं जगद्गुरुम् ।
नमाम्यहं महादेवं विश्वकल्याणकारिणम् ॥३॥

[तिलकम्]

पार्वतीनाथ जगदीश्वर, समस्त दुःखों के नाशक, अपनी भक्ति से मोक्ष देने वाले, ऋषि - मुनि - जनों के हितकारी, शिव-समावेश - रस का आस्वाद करने से जिन योगियों का हृदय परमानन्द-मय बना हुआ होता है ऐसे योगी - जनों के हृदय में प्रकाशित चिदात्मा प्रभु, एवं समस्त गुरुओं के भी एक गुरु विश्वकल्याणकारी महादेव को मैं प्रणाम करता हूं ॥ १, २, ३ ॥

जयन्ति गुरुदेवानां पादपंकजपांसवः ।
यत्संस्पर्शात्तरन्त्येते जनाः संसारसागरम् ॥४॥

श्रीगुरुदेव के चरण - कमलों की धूलि की जय हो अर्थात् वह चरण-कमलों की धूलि परम-उत्कर्षशालिनी है, जिस के स्पर्श - मात्र से ही सांसारिक-जन संसार - सागर से पार हो जाते हैं ॥ ४ ॥

यज्जन्मपूतां जगतीं विलोक्य
स्वसृष्टिसाफल्यमबोधि धाता ।
नमाम्यहं तं गुरुमीश्वराख्यं
शिष्यान्समस्ताञ्छिवयन्तमेकम् ॥५॥

जिस का जन्म लेने से समस्त त्रिलोकी को पवित्रीभूत देख कर ब्रह्मा जी अपनी जगत्सृष्टि की सफलता समझने लगा, उस अद्वितीय समस्त शिष्यों का कल्याण करने वाले ईश्वर-स्वरूप नाम वाले गुरु-देव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ५ ॥

अरण्यमालिन्युदरात्प्रसूतो
नारायणाख्यात् पुरुषोत्तमाच्च ।
स्वरूपभूतोऽस्ति य ईश्वरस्य
नाम्ना क्रियाभिस्तमहं नमामि ॥६॥

पुरुषों में श्रेष्ठ नारायण* जी से जो अरण्यमाली† के गर्भ से उत्पन्न हुआ श्रीलक्ष्मण जी है तथा जो नाम तथा क्रिया से ईश्वर-स्वरूप बना हुआ है, उसे मैं प्रणाम करता हूं ॥ ६ ॥

संश्रुत्य यस्याद्भुतजन्मवार्तां
श्रीरामदेवोऽपि गुरुर्गरीयान् ।
श्रीवासुदेवस्तुतिपद्यमुच्चै-
र्गायन् ननर्तातिमहाप्रमोदः ॥७॥

जिस की अद्भुत जन्म-वार्ता सुनकर सर्वश्रेष्ठ सद्गुरु श्रीरामजी भी, भगवान् कृष्ण जी के उत्पन्न होने के समय गाये गये पद्य‡, उच्च स्वर में गाते हुए आनन्द से विभोर हो कर नाचने लगे ॥ ७ ॥

---

* हमारे गुरुदेव के पिता का नाम श्रीनारायण जी था।

† अरण्यमाली—हमारे गुरुदेव की माता का नाम था।

‡ भगवान् कृष्ण जी के जन्म पर गाये गये पद्य ये हैं—

"घटि मंज़ गाश आद् च्याजे ज्यनयि ।
जय जय जय जय देवकीनन्दनयि ।।"

अदृष्टपूर्वां परिदृश्य तस्य
दशां गुरोर्विस्मयमावहन्ती ।
संवाददात्री भगिनी शिशोः सा
जगाद नामास्य विनिर्दिश त्वम् ॥७॥

इस बालक की जन्मवार्ता सुनाने वाली भगिनी सद्गुरु श्रीराम जी की अदृष्टपूर्वा (पहिले कभी न देखी हुई) एवं आश्चर्य - जनक दशा देख कर श्रीराम जी से कहने लगी कि हे गुरुदेव ! इस बालक का क्या नाम होगा ? यह कहिए ॥८॥

न नाम जातस्य मया तु कार्यं
कृतास्य संज्ञा विधिनैव पूर्वम् ।
रामोऽस्म्यहं लक्ष्मण एष नूनं
समागतः साम्प्रतमित्युवाच ॥९॥

तब श्रीराम जी ने उसे उत्तर देते हुए कहा-- इस नवजात बालक का नाम भला मैं क्या रखूंगा ? विधाता ने तो इस का नाम पहिले ही रखा है । जब मैं राम हूं तो यह अवश्य लक्ष्मण ही पुनः जन्मे हैं ॥ ९ ।

यथार्थवाणीमवदन्महात्मा
भवो भवस्याभ्युदयाय भूतः ।
तपस्विना तेन तु पूर्वमेतत्
च्छिन्नात्मनाज्ञायि जनैस्तु पश्चात् ॥१०॥

सत्य वाणी को कहते हुए महात्मा श्रीराम जी ने उस संवाददात्री भगिनी से कहा कि यह तो भगवान् शङ्कर ही जगत का कल्याण करने के लिए प्रकट हुए हैं। इस बात को उन शिव-स्वरूप तपस्वी श्रीराम जी ने पहिले ही अर्थात् बालक के जन्म लेने पर ही जान लिया था, शेष सभी लोग तो इस बात से बाद में परिचित हुए ॥ १० ॥

सत्या कथैषा नतु कल्पनैषा
जानाति सर्वोऽपि यतस्तथैनाम् ।
अतस्त्वहं लक्ष्मणनामधेयं
नमामि देवं गुरुमद्वितीयम् ॥११॥

(नवजात बालक की) यह संपूर्ण वार्ता सौलह आने सत्य है, कल्पना नहीं है। क्योंकि सारी जनता भी इस बात को उसी रूप में जानती ही है। अतः मैं लक्ष्मण जी नाम वाले अनुपम गुरुदेव को नमस्कार करता हूं ॥ ११ ॥

पदार्पणानुग्रहपूतमस्य
कुलं हि सर्वोन्नतया चकास्ति ।
कृत्यैश्च तैस्तैः पुनराबभासे
नमाम्यहं तं गुरुराजमेकम् ॥१२॥

मैं उन अलौकिक गुरुराज को नमस्कार करता हूं जिनके पदार्पण रूपी अनुग्रह से पवित्र बना हुआ इन का कुल सब भांति चमकने लगा अर्थात् प्रशंसित हुआ तथा इन के उन अनेक (अद्भुत) कृत्यों से यह कुल पुनः प्रकाशित होने लगा ॥१२॥

आशैशवाद्यो लभते समाधिं
योगीन्द्रनाथः स महाप्रभावः ।
एतद्धि श्रुत्वा चकिता जनाः स्यु-
र्हृष्टाः पुनस्ते विदितप्रभावाः ॥१३॥

महाप्रभावशाली योगीराज हमारे गुरुदेव बाल्य-काल से ही समाधि को प्राप्त करते थे — इस किंवदन्ती को सुन कर सभी लोग आश्चर्य-चकित होते थे, परन्तु पीछे वही लोग प्रत्यक्ष रूप में उस प्रभाव को देख कर अति-हर्षित हो जाते थे ॥१३॥

समाधिलग्नं विषयैर्विमुक्तं
मनोऽस्य भोगेषु नियोजयन्तौ ।
कृतप्रयत्नावनवाप्तकामौ
शिष्यत्वमेवाधिगतौ गुरू स्वौ ॥१४॥
यथा पुरा तत्पितरौ न शेकतुः
सुतस्य बुद्धस्य मनो विचालितुम् ।
महात्मनो धैर्यधनस्य योगिनो
विरागिणस्तत्त्वगवेषणोद्यतम् ॥१५॥ [युगलकम्]

समाधि के सुख का अनुभव करने में तत्पर इस बालक का मन सांसारिक भोगों में लगाने के लिए यद्यपि इस के माता पिता ने अपनी ओर से भरसक प्रयत्न किया, तथापि ऐसा करने में असफल होने पर दोनों गुरु-तुल्य माता पिता बालक के ही शिष्य बन गये। जैसे पूर्वकाल में महात्मा बुद्धदेव के माता पिता, धैर्य धन वाले, योगी, वैराग्य से संपन्न अपने पुत्र के निर्वाण-तत्त्व की खोज में लगे हुए मन को अपने लक्ष्य से हटा न सके ॥१४, १५॥

महताबकाकोऽस्य गुरुर्गरीयान्
परमेष्ठिदेवोऽपि च रामदेवः।
रमणो महर्षिर्दृशि चागतोऽस्य
तमहं गुरुं नौमि गुरुक्रमस्थम् ॥१६॥

इन हमारे श्रीगुरु के गुरुदेव श्री स्वामी महताब काक जी थे। इन के परम-गुरु श्रीमान् स्वामी रामजी थे। हमारे गुरुमहाराज ने महर्षि रमण-भगवान् के भी दर्शन किए हैं। इस भांति गुरुपरम्परा में अवस्थित श्रीगुरुमहाराज को मैं नमस्कार करता हूं ॥ १६ ॥

कैशोरकाले दृढनिश्चयोऽसौ
क्षेत्रं समासादितवांस्तपोऽर्थम्।
चकार तत्रैव तपो महात्मा
शोकाकुलाभूज्जननी तु तस्मात् ॥१७॥

हमारे महात्मा गुरुदेव किशोर-अवस्था में ही दृढ-निश्चय वाले बन कर तपस्या करने के लिए (साधु-गंगा नामक) पुण्य-तीर्थ की ओर चले गए और वहां तपस्या करने लगे। उन के इस व्यवहार से उन की माता शोक से व्याकुल हो गई ॥१७॥

अक्कानुरोधाद् गुरुणा निवर्तितः
प्रत्याजगाम स्वगृहं नवं पुरे।
तत्रैव चक्रे वसतिं ह्यनन्तरं
नतोऽस्म्यहं तं तपसि स्थितं गुरुम् ॥१८॥

माता के अनुरोध करने पर श्रीगुरुवर स्वामी महताबकाक जी ने इन्हें उस तीर्थ से लौटाया। तत्पश्चात् हमारे गुरु-देव [पिता के द्वारा एकान्त में शीघ्रतापूर्वक निर्मित] नवीन घर में आ कर एकान्त में रहने लगे। इस भांति तपोनिष्ठ श्रीगुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ १८ ॥

वसन् हि तत्र स्वगृहे महात्मा
शैवागमाभ्यासरतिं चकार।
मुकुन्दराजानकवर्यसूनु-
र्महेश्वराख्यो हि गुरुर्गरीयान् ॥१९॥

बभूव विद्यागुरुरस्य धीमान्
महात्मनः पुण्यव्रतस्य तत्र।
सत्पात्रन्यस्तां हि तथा स्वविद्यां
संशोभयामास गुरुः स नूनम् ॥२०॥
[युगलकम्]

महात्मा अपने नवीन घर में रहते हुए, शैव-शास्त्रों के अध्ययन में निरत हो गए। हमारे पुण्यात्मा श्रीगुरु-देव के शास्त्र-गुरु श्रीमुकुन्द राज़दान के सुपुत्र बुद्धिमान महामना महेश्वर राज़दान जी थे। उन गुरुवर्यों ने अपनी विद्या को सत्पात्र शिष्य में रख कर अर्थात् उन्हें विद्वान बना कर निश्चय रूप से उस (अपनी विद्या) को अति सुशोभित किया ॥२०॥

तस्मात्सुतीर्थाद्विधिवत्तदानीं
शैवागमाचार्यकृतानि तानि।
सर्वाणि शास्त्राणि परिश्रमेण
पपाठ शीघ्रं गुरुरस्मदीयः ॥२१॥

हमारे गुरुदेव ने उन तीर्थ-स्वरूप सभी शास्त्रों के वेत्ता गुरुदेव से विधि-पूर्वक शैवागम के आचार्यों के द्वारा रचित समस्त शैव-शास्त्रों को अति परिश्रम से तथा अल्प काल में ही पढ़ा ॥२१॥

तथाविधं तं गुरुमद्वितीयं
तथैव शिष्यं स्पृहणीयबुद्धिम् ।
मेने स्वसौभाग्यमिव समीक्ष्य
परां च शोभां समवाप विद्या ॥२२॥

इस प्रकार वैसे अद्वितीय प्रकाण्ड विद्वान गुरु को तथा उसी भांति सराहनीय बुद्धि वाले शिष्य को देख कर, ऐसा अनुमान किया जाता है कि मानो सरस्वती देवी अपने (भावी उदय रूप) सौभाग्य को देख कर परम-शोभा को प्राप्त हुई ।२२॥

सच्छास्त्रविद्यासमलंकृतोऽसौ
बभौ यथा खे रविचन्द्रतारकाः ।
प्रकाण्डपाण्डित्यविभूषणाभं
नमाम्यहं तं विदुषां शिरोमणिम् ॥२३॥

यह हमारे गुरुवर सत्-शास्त्र अर्थात् शैव-शास्त्र की विद्या के अध्ययन से अलंकृत होकर उसी प्रकार शोभायमान बने, जैसे आकाश में सूर्य, चन्द्रमा तथा नक्षत्र-गण सुशोभित होते हैं। उन्हों प्रकाण्ड-विद्या के अलंकार बने हुए, एवं विद्वानों के अमूल्य शिरोरत्न गुरुराज को मैं नमस्कार करता हूं ॥२३॥

व्यतीत्य कंचित्समयं तु तत्र
ततो जगामेश्वरपर्वतं हि ।
चकार तत्रैव गृहं सुरम्य-
मुद्यानमध्ये जलपुष्परम्ये ॥२४॥

हमारे गुरुदेव वहां कुछ समय रह कर ईश्वर-पर्वत [प्राचीन ईशबारू वर्तमान ईशबर] पर चले गये और उन्होंने उसी पर्वतीय-स्थान में जल और फूलों से रमणीय उपवन में सुन्दर भवन का निर्माण किया ॥ २४ ॥

तदाश्रमस्थानमभूत्प्रसिद्धं
नाम्ना तथार्थक्रियया हि रूढम् ।
भूस्वर्गमध्ये परमेशधाम
तत्र स्थितं नौमि गुरुं परेशम् ॥२५॥

वह हमारे गुरुदेव का आश्रम 'ईश्वर - आश्रम' नाम से तथा उसके अनुरूप क्रिया अर्थात् ईश्वर सम्बन्धी चर्चा से प्रसिद्ध हुआ। (ऐसा प्रतीत होता है कि) स्वर्ग-तुल्य पृथ्वी पर मानो यह आश्रम परमेश्वर का ही धाम है। उसी में रहने वाले परमेश्वर-स्वरूप गुरु महाराज को मैं प्रणाम करता हूं ॥ २५॥

श्रियः पुरादेव बहिः समीपे
ह्यस्याश्रमोऽसौ खलु सर्ववन्द्यः ।
जनाश्च यत्रात्मसुखं लभन्ते
नमाम्यहं तं गुरुमद्वितीयम् ॥२६॥

मैं अपने अनुपम सद्गुरु को प्रणाम करता हूं जिनका आश्रम सभी लोगों से पूजित तथा श्रीनगर के समीप (होते हुए भी कोलाहल से दूर) है, जहां जाकर सभी भक्त-जन आत्म-सुख को प्राप्त करते हैं ॥ २६ ॥

व्यतीतबाल्यो हि गुरुस्तदानीं
लब्धप्रतिष्ठश्च तपस्विवर्यैः ।
तदाश्रमस्थः शुशुभे यथाहि
कैलासपीठोपरि चन्द्रमौलिः ॥२७॥

बाल्य - काल के बीत जाने पर हमारे गुरुदेव ने श्रेष्ठ तपस्वी योगी-जनों से आदर प्राप्त किया। इस आश्रम में रह कर ये वैसे ही शोभायमान हुए जैसे कैलास-पर्वत के शिखर पर चन्द्र-कला-धारी भगवान् शङ्कर शोभित होते हैं ॥ २७ ॥

पोलैण्डफ्रांसादिफिरंगदेशा-
गतस्य लोकस्य सुखेच्छुकस्य ।
सुखं समन्तात्कृपया वितन्वते
नमो मदीयगुरवेऽतितेजसे ॥२८॥

पोलैंड फ्रांस आदि पाश्चात्य-देशों से आये हुए सुख की इच्छा रखने वाले जनों में जो अपनी कृपा से पूर्णरूपतया स्वात्म-सुख का प्रसार करते रहते हैं, ऐसे अति तेजस्वी मेरे गुरुदेव को नमस्कार हो ॥ २८ ॥

तदाश्रमस्थानमतीवसुन्दरं
दिव्यैश्च तैस्तैः सुखसाधनैर्युतम् ।
मन्दारतुल्यैस्तरुभिः सुशोभितं
मन्ये हि तन्नन्दनमेव भूगतम् ॥२९॥

वह आश्रम का स्थान भिन्न भिन्न प्रकार के अलौकिक सुख-समग्रियों युक्त बना हुआ बहुत ही सुन्दर देखने मे आता है। मैं तो यही कहूंगा क मन्दार-वृक्ष के समान वृक्षों से शोभायमान वह आश्रम मानो इन्द्र-देव का न्दन नामक उद्यान (बगीचा) ही पृथ्वी पर अवतरित हुआ है ॥२९॥

रक्षीव पश्चादचलो हि तस्य
पुरो डलाख्यो विमलः सरोवरः ।
भद्रेव कुल्या वहति प्रकर्ष-
वेगातिरम्या मधुरं क्वणन्ती ॥३०॥

उस आश्रम के पिछले भाग में पर्वत सन्तरी की भांति मानो रक्षा करता है। इस के अगले भाग में 'डल' नामक निर्मल विशाल सरोवर अवस्थित है। मंगलमयी छोटी सी रमणीक नदी पास में ही अति तीव्रता से मधुर कल-कल-शब्द करती हुई बहती है ॥ ३० ॥

यदाश्रमे मे प्रतिभाति नून-
मुग्रस्वभावं परिहृत्य स्वीयम् ।
माधुर्यभावं परिगृह्य नित्यं
शान्तानुकूला रचिताञ्जलिश्च ॥३१॥
भद्रावहासौ धृतपुष्पहस्ता
सौम्यस्वरूपा विनयावनम्रा
दासीव प्रेम्णा प्रकृतिः स्थितास्ति
तं नौमि देवं प्रकृतीशितारम् ॥३२॥

[युगलकम्]

मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि जिस (हमारे गुरुदेव के) आश्रम में प्रकृ

भी अपना भयंकर स्वरूप छोड़ कर मंगलमयी बन कर अपने मधुर-स्वभाव को धारण करती है। सदा शांत और अनुकूल बन कर अञ्जलि बान्ध कर भद्ररूपता (कल्याण-रूपता) का प्रसार करती है और हाथों में फूलों के गुच्छे जैसे ले कर सुन्दर स्वरूप से युक्त तथा विनय से नम्र बनी हुई दासी की भांति स्नेहपूर्वक ठहरी है— उन्हीं प्रकृति पर शासन करने वाले श्रीगुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ३१, ३२ ॥

तदाश्रमे भास्करवासरे तु
महान् भवत्युत्सव एव सर्वदा ।
आयान्ति लोकाः पुरुषाः स्त्रियश्च
शिष्यप्रशिष्याश्च तथान्यभक्ताः ॥३३॥

इस आश्रम में प्रति रविवार के दिन निरन्तर रूप से महान् उत्सव ही होता है। इस दिन सभी लोग, पुरुष, स्त्रियां, शिष्य, प्रशिष्य तथा अन्य भक्त-जन भी आते रहते हैं । ३३ ॥

कौतूहलाधिष्ठितमानसा वै
नरस्वरूपास्त्रिदिवौकसश्च ।
सच्छास्त्रव्याख्याश्रवणेप्सया ते
पठन्ति शैवागमपुस्तकानि ॥३४॥
तेषां तु व्याख्यां कुरुते महात्मा
भवन्ति श्रुत्वाथ निवृत्तशङ्काः ।
गच्छन्ति लाभान्वितचेतसोऽपि
भजे गुरुं संशयनाशकं तम् ॥३५॥

[युगलकम्]

रविवार के दिन सत्यतः ऐसा प्रतीत होता है कि मन में कुतूहल लिए हुए देवता भी मनुष्य का रूप धारण करके सत्-शास्त्रों की व्याख्या को (गुरु-मुख से) सुनने की इच्छा रखते हुए शैव-शास्त्रों की पुस्तकों का अध्ययन करते ॥ ३४ ॥

उन शैव-शास्त्रों की व्याख्या हमारे श्रीगुरु महात्मा करते हैं। उस

व्याख्यान को सुन कर उन श्रोताओं की शङ्कायें दूर हो जाती हैं तथा मनोवाञ्छित लाभ से युक्त हो कर घर चले जाते हैं। इस भांति संशय-नाशक श्रीगुरु की मैं सेवा करता हूं ॥३५॥

प्रधानशिष्या ननु शारिकास्य
लल्लेश्वरीवास्ति महाप्रभावा।
वैराग्यभावेन समुज्ज्वलन्ती
त्यागेन धैर्येण च पार्वतीव ॥३६॥

इन गुरुदेव की प्रधान शिष्या श्री शारिका देवी हैं, जो महान प्रभाव से युक्त मानो लल्लेश्वरी ही हैं। वैराग्य की भावना से देदीप्यमान बनी हुई, त्याग से और धैर्य से मानो देवी पार्वती ही हैं ॥३६॥

नारीसहस्रैरभिवन्द्यमाना
यथार्थनाम्नी पुरलेव यास्ति।
सा शांतिदा विष्णुपदीव शुभ्रा
प्रभा प्रभेवास्य महेश्वरस्य ॥३७॥

हजारों स्त्रियों से पूजित होती हुई, दुर्गा के ही समान सार्थक नाम वाली, महेश्वर गुरुराज की प्रभा ही जैसी प्रभा देवी, भगवान् विष्णु की निर्मल-चरण-द्वयी के समान (दर्शन-मात्र से) शांति प्रदान करने वाली है ॥३७॥

देवीद्वयेनाश्रम एष शोभां
बिभर्त्ति दृग्भ्यां वदनं यथा, तत्।
जानाति लोको नतु कथ्यमेत-
न्नमाम्यहं तं गुरुदेवमेकम् ॥३८॥

जैसे दो नेत्रों से मुख शोभायमान होता है, उसी प्रकार इन दो देवियों से यह आश्रम अनुपम शोभा को धारण कर रहा है। यह केवल कहने की ही बात नहीं, प्रत्युत इस बात से सभी लोग परिचित ही हैं। उसी अद्वितीय गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥३८॥

श्रद्धास्पदौ पूज्यतमौ स्मरामि
कीर्त्या वरेण्यौ पितरौ प्रभायाः।
श्रीशारिकायाश्च शिवस्वरूपौ
श्रीराधिका श्रीजयलालसंज्ञौ ॥३९॥

मैं श्रद्धेय, पूजनीय तथा यश से वरणीय प्रभादेवी तथा शारिका देवी के माता पिता का भी स्मरण करता हूं, जो दम्पति साक्षात् शिवरूप ही थे, और जिनका नाम श्रीराधिकारानी तथा श्री जियालाल जी था ॥३९॥

याभ्यामङ्कुरिता भक्तिः पुत्र्या बाल्ये गुरौ हृदि।
न वारिता मनुष्याणां सहजासूयया सकृत् ॥४०॥
स्वाभाविकञ्च वात्सल्यं हित्वा धृत्यानुमोदिता।
नमस्ताभ्यां महात्मभ्यां दधद्भ्यां श्रेय उत्तमम् ॥४१॥

[युगलकम्]

जन-समाज में स्वाभाविक ईर्षा के होने पर भी जिन्होंने अपनी पुत्रियों के हृदय में अंकुरित गुरु-भक्ति को एक बार भी नहीं हटाया अपितु अपने स्वाभाविक वात्सल्य को एक ओर रख कर और धैर्य का आश्रय लेकर इन की इस भक्ति का अनुमोदन ही किया। ऐसे प्रतिसमय कल्याण के ही पात्रभूत महात्मा-तुल्य दम्पति को मैं नमस्कार करता हूं ॥४०, ४१॥

स्वस्मिन्सखाप्यस्य च नीलकण्ठः
शिष्यत्वमग्र्यं खलु मन्यमानः।
छायेव नित्यं ह्यनुवर्तते स्म
नमाम्यहं तं करुणैकमूर्तिम् ॥४२॥

श्री नीलकण्ठ जी (बकाया) यद्यपि हमारे गुरुराज के बाल-मित्र ही थे, तथापि वे अपने को महाराज जी का प्रधान शिष्य ही मानते थे और सदा छाया की भांति ही गुरुदेव के अनुगामी बने रहते थे। उन्हीं करुणा की मूर्ति गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥४२॥

श्रीजानकीनाथमहोदयो हि
बभूव शिष्यः सुमहान् महात्मा ।
पात्रं कृपायाः स बभूव यस्य
नमाम्यहं तं गुरुमूर्तिमीशम् ॥४३॥

हमारे श्रीगुरुदेव का एक शिष्य महामना जानकीनाथ जी अच्छी कोटि के महात्मा थे। वह भी जिन की कृपा का पात्र बना था, उन्हीं ईश्वर-समान गुरु-मूर्ति को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ४३ ॥

वैदेशिकाश्चैव फिरङ्गवासिनो
ये भारतीया निजराज्यवासिनः ।
वृद्धाश्च बालास्तरुणाः सुखार्थिनो
ज्ञानेच्छुका वा परमार्थकांक्षिणः ॥४४॥
आगत्य ते यं शरणाभिकांक्षिण-
स्सद्यो लभन्तेऽपि मनोऽभिवाञ्छितम् ।
जितेन्द्रियं ज्ञाननिधिं तपोधनं
नमाम्यहं तं सततं वरप्रदम् ॥४५॥

[युगलकम्]

शरण की इच्छा रखने वाले, विदेशी-जन और वहीं देश में रहने वाले भारतीय-जन, सुख की अभिलाषा रखने वाले क्या बूढ़े क्या बालक, क्या युवक, सभी जन ज्ञान की पिपासा या परमार्थ की अभिलाषा से जिन के पास आकर तत्क्षण मनोवांछित फल को प्राप्त करते हैं, उन्हीं इन्द्रियजित, ज्ञान के भंडार, तपोधन से युक्त वरदाता श्रीगुरुदेव को मैं सदा प्रणाम करता हूं ॥४४, ४५॥

आचार्यरामेश्वरझा महात्मा
प्रकाण्डपाण्डित्यविभूषितोऽसौ ।
वेदान्तशैवागमपारदर्शी
सद्धर्मवृद्धोऽपि च मैथिलो यः ॥४६॥

सोऽप्यागतो दर्शनहेतुमस्य
कृता हि तेनापि गुरुस्तुतिश्च ।
तथैव चान्ये बहवो विपश्चितो
वृद्धा युवानो बहवो विदुष्यः ॥४७॥
वैदेशिका भारतवासिनोऽपि
गायन्ति गीतानि तु यस्य कीर्त्याः ।
नमन्ति ते यं सततं हि भक्त्या
तं दैशिकं नौमि च विश्ववन्द्यम् ॥४८॥

[तिलकम्]

महामना श्री आचार्य रामेश्वर जी झा, जो मिथिला देश के रहने वाले, चोटी के विद्वान, वेदान्त तथा शैव-दर्शन के तत्त्व से भली भांति परिचित तथा परिपक्व ज्ञानी माने जाते हैं, वे भी हमारे गुरुदेव का दर्शन करने काश्मीर आये और उन्होंने भी गुरु-स्तुति की रचना की। इसी भांति अन्य ब्राह्मण, वृद्ध, युवक, विद्वान, विदेश में रहने वाले तथा भारतवासी जन भी जिनकी कीर्ति के गीत गाते हैं, तथा जिन हमारे गुरुदेव के प्रति भक्तिपूर्ण भावना से सदा प्रणाम करते हैं, उन्हीं जगत के द्वारा वन्दनीय गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ४६, ४७, ४८ ॥

यं सर्वलोकाः प्रणमन्ति भक्त्या
दृष्ट्वा हि यं ते सुखिनो भवन्ति ।
स्मर्यते चापि सदा प्रवासिभि-
र्नमाम्यहं तं स्वगुरुं महेशम् ॥४९॥

जिन हमारे गुरुदेव को सभी जन भक्ति से प्रणाम करते हैं, जिनका दर्शन-मात्र करने से ही सभी सुखी बनते हैं तथा विदेश में वास करने वाले भक्त-जन भी जिनका स्मरण करते रहते हैं, उन्हीं महेश्वर-रूप अपने श्रीगुरु-देव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ४९ ॥

पञ्चाशिका साम्बकृता हि येन
स्तोत्रावली पूज्यतमोत्पलस्य ।
भाषानुवादैः समलंकृते ते
तथैव चान्ये बहवोऽपि ग्रन्थाः ॥
प्रकाशिता लोकहिताय येन
तस्मै नमो मे गुरवे प्रवक्त्रे ॥५०॥

जिन हमारे गुरुदेव ने [भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र] श्री साम्ब जी द्वारा रचित 'साम्बपञ्चाशिका' तथा श्रीमान् उत्पलदेव जी द्वारा निर्मित श्री शिवस्तोत्रावली की हिन्दी टीका से अलंकृत किया, और साथ ही अन्य भी बहुतेरे छोटे छोटे ग्रन्थों को लोकोपकार के लिये प्रकाशित किया, उन्हीं प्रवचनशील मेरे गुरुदेव को प्रणाम हो ॥५०॥

श्रीशारदादेशमहार्हरत्नं
श्रीशारदानुग्रहसौम्यपात्रम् ।
देव्या श्रिया चापि विभूषितं तं
नमाम्यहं स्वं गुरुमेव सन्ततम् ॥५१॥

मैं अपने सद्गुरु को निरन्तर रूप से प्रणाम करता हूं, जो श्रीशारदादेश अर्थात् काश्मीर देश के एक अमूल्य रत्न हैं, सरस्वती देवी के अनुग्रह के सुन्दर पात्र बने हैं अर्थात् जो तथ्य रूप में विद्वान् हैं तथा जो मोक्ष- लक्ष्मी से अलंकृत हैं ॥ ५१ ॥

शैवादिसच्छास्त्रमहासमुद्रं
निर्मथ्य रत्नानि* समुद्धृतानि ।
लोकोपकाराय प्रदर्शितानि
येनैव देवोऽस्तु स मे सहायः ॥५२॥

जिन्होंने शैव-शास्त्र रूपी महान् समुद्र का मन्थन करके उस चुने हुए श्लोक रूपी रत्नों को निकाल कर लोकोपकार के लिए प्रकाशि वे ही देव-तुल्य गुरु-देव मेरे सहायक बने रहें ॥ ५२ ॥

* 'स्तुति-चन्द्रिका तथा क्रमनयप्रदीपिका'— इन दो ग्रन्थों संकेत किया गया है।

सिद्धिप्रदं यस्य निशम्य वाक्यं
जडोऽपि मूर्खोऽप्यतिचञ्चलोऽपि ।
प्राप्नोति बुद्धिञ्च सुखञ्च शांतिं
नमाम्यहं वै निखिलाद्भुतं तम् ॥५३॥

जिन गुरुदेव की सिद्धि-प्रदा वाणी सुन कर जड अर्थात् मोटी बुद्धि वाला, मूर्ख तथा चञ्चल स्वभाव वाला व्यक्ति (क्रमपूर्वक) बुद्धि, सुख और शांति को प्राप्त करता है, उन्हीं सर्वभाव से अद्भुत स्वरूप वाले गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ५३ ॥

जगत्प्रसिद्धं नृवरं मुनीश्वर-
माचार्यवर्यं विदुशां वरेण्यम् ।
सर्वे गुणा यं हि सदाश्रयन्ति
नमाम्यहं तं सकलाश्रयो यः ॥५४॥

जिन जगत में प्रसिद्ध, मनुष्यों में श्रेष्ठ, मुनीश्वर, विद्वानों के द्वारा वन्दनीय परम-उत्कृष्ट आचार्य गुरुदेव को, सभी गुण अपना आश्रय बनाते हैं, उन्हीं सभी के आश्रयदाता गुरुदेव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ५४ ॥

स्निग्धा हि दृष्टिः करुणाभरा च
रूपं हि सौम्यं प्रियदर्शनञ्च ।
गिरा हि यस्यामृतवर्षिणी च
नमाम्यहं तं सततं गुरूत्तमम् ॥५५॥

जिन गुरुवर्य की दृष्टि करुणा से परिपूर्ण तथा स्नेह से भरी हुई है, जो देखने में प्रियदर्शी तथा सौम्य-मूर्ति वाले हैं तथा जिन की वाणी अमृत की वर्षा करने वाली है, उन्ही उत्तम श्रीगुरुदेव को मैं सदा नमस्कार करता हूं ॥५५॥

गार्हस्थचिन्ताचलितं स्वरूपा-
दुद्वेगमाप्नोति यदा हि चेतः ।
स्मृतिस्तदा यस्य सुखावहा तं
स्थितिप्रदं नौमि गुरुं कृपालुम् ॥५६॥

गृहस्थ संबन्धी चिन्ताओं से जिस समय मन अपने स्वरूप से विचलित हो कर क्षोभित बनता है, उस समय जिन गुरु-महाराज की स्मृति उसे सुख प्रदान करती है, उन्हीं स्थिति-प्रद अर्थात् मन को सावधान बनाने वाले कृपालु गुरु-देव को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ५६ ॥

श्रिया सदा शारिकया सुसेवितं
तथैव भक्त्या प्रभया सुपूजितम् ।
महोत्सवे सर्वजनाभिनन्दितं
नमाम्यहं तं गुरुमेव सन्ततम् ॥५७॥

मोक्षलक्ष्मी से युक्त श्री शारिका देवी जिन की भली भांति देख-भाल करती हैं, उसी भांति प्रभादेवी जिनकी पूजा भक्ति से करती हैं, तथा महान उत्सवों पर जो सभी जनता से पूजे जाते हैं, उन्हीं गुरुदेव को मैं सदा नमस्कार करता हूं ॥ ५७ ॥

यस्य प्रसादान्न भयं न दुःखं
सद्यो भवत्येव सुखञ्च शांतिः ।
नश्यन्ति विघ्नाः परमार्थमार्गे
तं रक्षितारं गुरुमानतोऽस्मि ॥ ५८ ॥

जिन की दया से मनुष्य के सभी भय तथा दुःख नष्ट हो जाते हैं तथा तत्क्षण ही सुख और शांति प्राप्त होती है, (इस के अतिरिक्त) परमार्थ-मार्ग में सभी विघ्न दूर हो जाते हैं, उन्हीं (सब ओर से) रक्षा करने वाले श्रीगुरुदेव को मैं नत-मस्तक होकर नमस्कार करता हूं ॥ ५८ ॥

गुरुप्रसादाच्च सुखी सदाहं
गुरुप्रसादाच्च सदा शिवोऽहम् ।
तस्मात्सदा तस्य दयाभिकाङ्क्षी
तत्पादपद्मं हि सदाश्रयेऽहम् ॥५९॥

गुरु-कृपा के फल-स्वरूप मैं सदा सुखी हूं। गुरु-कृपा के द्वारा ही मैं शिवावस्था पर ठहरा हुआ हूं। अतः गुरुदेव की दया की अभिलाषा से मैं उन के चरण-कमलों का ही सदा आश्रय लेता हूं ॥ ५९ ॥

नमाम्यहं श्रीगुरुपादुकाद्वयं
वदाम्यहं श्रीगुरुदेवनाम ।
करोम्यहं श्रीगुरुपादपूजनं
भजाम्यहं तं सततं शरण्यम् ॥ ६० ॥

मैं श्रीगुरु-देव की पादुका को नमस्कार करता हूं। मैं श्रीगुरु-देव का नाम सदा जपता रहता हूं। मैं श्रीगुरु-देव के चरणों की पूजा करता रहता हूं तथा उन्हीं शरणदाता का मैं सदा भजन करता रहता हूं ॥ ६० ॥

या कापि नारी गुरुभक्तियुक्ता
पठिष्यति स्तोत्रमिदञ्च पुण्यम् ।
सौभाग्यवत्येव सदा लसन्ती
भवेत्सतीनामपि सा हि मुख्या ॥६१॥

गुरु-भक्ति से संपन्न बनी हुई जो भी कोई स्त्री इस पुण्य-स्तोत्र का पाठ करेगी, वह सौभाग्यवती बन कर सदा प्रफुल्लित रहेगी तथा सभी पतिव्रता स्त्रियों में श्रेष्ठ मानी जायेगी ॥ ६१ ॥

भवन्तु सर्वे गुरुदेवशिष्या
धर्मप्रियाः पापपराङ्मुखाश्च ।
दया सदास्मासु चकास्ति यस्य
नमाम्यहं तं गुरुवर्यमीशम् ॥ ६२ ॥

हमारे गुरु-देव के सभी शिष्य धर्म में प्रीति रखने वाले तथा पाप से पराङ्मुख रहने वाले बनें। जिन की दया सदा हमारे पर बनी रहती है, ऐसे कल्प-तरु-तुल्य सद्गुरु को मैं नमस्कार करता हूं ॥ ६२ ॥

जयति श्रीगुरोरेष
प्रादुर्भावदिनोत्सवः ।
समागता जना यस्मिन्
भवन्ति विमलाशयाः ॥ ६३ ॥

श्रीगुरु-देव के उस महान् जन्मोत्सव की जय हो, जिस शुभदिवस प
एकत्रित हुए सभी भक्त-जन निर्मल तथा आनन्द-पूर्ण हृदय वाले बन ज
हैं ॥ ६३ ॥

इति शिवम् ।

समाप्ता चेयं कौलेत्युपाह्वश्री-
जियालालरचिता गुरुपरिचयात्मिका
श्रीपादुकास्तुतिः ।

ॐ

अथ

श्रीमन्महामाहेश्वराचार्यवर्य-
श्रीमदभिनवगुप्तपादविरचितं
देहस्थदेवताचक्रस्तोत्रम् ।

असुरसुरवृन्दवन्दितमभिमतवरवितरणे निरतम् ।
दर्शनशताग्र्यपूज्यं प्राणतनुं गणपतिं वन्दे ॥१॥

मैं (पूज्य) प्राण रूपी गणपति को प्रणाम करता हूं, जो सैकड़ों अथ
सभी शास्त्रों में प्रथम-पूज्य है, जो अभीष्ट वरों के प्रदान करने में लगा हु
है और जिस की वन्दना देवता तथा असुर-गण करते रहते हैं ॥ १ ॥

वरवीरयोगिनीगणसिद्धावलिपूजितांघ्रियुगलम् ।
अपहृतविनयिजनार्तिं वटुकमपानाभिधं वन्दे ॥२॥

मैं अपान नाम वाले वटुक-भैरव को प्रणाम करता हूं, जो शिष्य-
का दुःख दूर करता है और जिस के चरण-युगल की पूजा—श्रेष्ठ वीरों, योगिनि
और सिद्ध-पुरुषों ने की है ॥ २ ॥

आत्मीयविषयभोगैरिन्द्रियदेव्यः सदा हृदम्भोजे ।
अभिपूजयन्ति यं तं चिन्मयमानन्दभैरवं वन्दे ॥

मैं उस चिद्रूप आनन्द-भैरव को प्रणाम करता हूं जिस
देवियां अपने अपने शब्द आदि विषय-भोगों से हृदय रूपी
पूजती हैं ॥ ३ ॥

यद्बोधबलेन विश्व भक्तानां शिवपथं भाति ।
तमहमवधानरूपं सद्गुरुममलं सदा वन्दे ॥४॥

मैं निर्मल अवधान-स्वरूप उस गुरुदेव की वन्दना सदा करता हूं जिस अवधान को अपनी बुद्धि में ठहराने से भक्त-जनों को यह सारा संसार शिव-मार्ग ही दीख पड़ता है ॥ ४ ॥

उदयावभासचर्वणलीलां विश्वस्य या करोत्यनिशम् ।
आनन्दभैरवीं तां विमर्शरूपामहं वन्दे ॥५॥

मैं उस पूर्ण-अहं-विमर्श-रूप आनन्दभैरवी को प्रणाम करता हूँ, जो इस संपूर्ण-विश्व की सृष्टि, स्थिति तथा संहार रूप लीला लगातार करती रहती है ॥ ५ ॥

अर्चयति भैरवं या निश्चयकुसुमैः सुरेशपत्रस्था ।
प्रणमामि बुद्धिरूपां ब्रह्माणीं तामहं सततम् ॥६॥

मैं उस बुद्धि-रूप ब्रह्माणी (ब्राह्मी भगवती) को सदा प्रणाम करता हूं, जो 'सुरेश-पत्र' अर्थात् इन्द्र संबन्धी पूर्व-दिशा में ठहरी हुई निश्चय रूपी पुष्पों से भैरव-नाथ की पूजा करती है ॥ ६ ॥

कुरुते भैरवपूजामनलदलस्थाभिमानकुसुमैर्या ।
नित्यमहंकृतिरूपां वन्दे तां शाम्भवीमम्बाम् ॥७॥

मैं उस अहंकार-रूप शाम्भवी माता (माहेश्वरी) की वन्दना सदा करता हूं, जो अनल - दिशा (दक्षिण-पूर्व-दिशा) में ठहरी हुई अभिमान रूपी फूलों से भैरवनाथ की पूजती है ॥ ७ ॥

विदधाति भैरवार्चां दक्षिणदलगा विकल्पकुसुमैर्या ।
नित्यं मनःस्वरूपां कौमारीं तामहं वन्दे ॥८॥

उस मन ही स्वरूप वाली कौमारी नामक शक्ति की वन्दना नित्य
दक्षिण दिशा में ठहरी हुई विकल्प रूपी पुष्पों से चिन्नाथ की
है ॥ ८ ॥

नैऋतदलगा भैरवमर्चयते शब्दकुसुमैर्या ।
प्रणमामि श्रुतिरूपां नित्यं तां वैष्णवीं शक्तिम् ॥९॥

मैं उस श्रवणेन्द्रिय रूपी वैष्णवी नाम वाली देवी को नित्य नमस्कार करता हूं, जो नैऋत-दल अर्थात् दक्षिण-पश्चिम-कोण में ठहरी हुई शब्द रूपी पुष्पों से भैरव-नाथ की पूजा करती रहती है ॥ ९ ॥

पश्चिमदिग्दलसंस्था हृदयहरैः स्पर्शकुसुमैर्या ।
तोषयति भैरवं तां त्वग्रूपधरां नमामि वाराहीम् ॥१०॥

मैं उस त्वचा रूप वाली वाराही भगवती को प्रणाम करता हूं, जो पश्चिम (वरुण-दिशा) में ठहरी हुई हृदय-हारी स्पर्श रूपी पुष्पों से भैरव-देव को सन्तुष्ट करती है ॥ १० ॥

वरतररूपविशेषैर्मारुतदिग्दलनिषण्णदेहा या ।
पूजयति भैरवं तामिन्द्राणीं दृक्तनुं वन्दे ॥११॥

मैं उस नयन-स्वरूप इन्द्राणी भगवती की वन्दना करता हूं, जो वायु-दिशा (पश्चिम-उत्तर-कोण) में ठहराये हुए देह वाली उत्तम उत्तम सुन्दर रूपों से भैरवनाथ की पूजा करती रहती है ॥ ११ ॥

धनपतिकिसलयनिलया या नित्यं विविधषड्रसाहारैः ।
पूजयति भैरवं तां जिह्वाभिख्यां नमामि चामुण्डाम् ॥१२॥

मैं उस जिह्वा नाम वाली चामुण्डा भगवती को प्रणाम करता हूं, जो कुबेर-दिशा अर्थात् उत्तर दिशा में ठहरी हुई सदैव नाना प्रकार वाले छः रसों (मीठा, सलवण, तीखा, कसैला, खट्टा और कडवा) से भैरवनाथ को पूजती है । १२ ॥

ईशदलस्था भैरवमर्चयते परिमलैर्विचित्रैर्या ।
प्रणमामि सर्वदा तां घ्राणाभिख्यां महालक्ष्मीम् ॥१३॥

मैं उस घ्राणेन्द्रिय रूप महालक्ष्मी अर्थात् योगीश्वरी देवी को प्रणाम करता हूं, जो ईशान-कोण अर्थात् उत्तर-पूर्व-कोण में अनेक प्रकार के केसर-चन्दन आदि नाना प्रकार के परिमलों (सुगन्धों) से भैरवनाथ की पूजा करती है ॥ १३ ॥

षड्दर्शनेषु पूज्यं षट्त्रिंशत्तत्त्वसंवलितम् ।
आत्माभिख्यं सततं क्षेत्रपतिं सिद्धिदं वन्दे ॥१४॥

मैं उस जीवात्मा रूपी सिद्धि-प्रद क्षेत्रपाल को सदा प्रणाम करता हूं, जो सभी षठशास्त्रों में पूज्य माना गया है और जो छत्तीस तत्त्वों से संवलित अर्थात् घेरा हुआ रहता है ॥ १४ ॥

संस्फुरदनुभवसारं
सर्वान्तः सततसन्निहितम् ।
नौमि सबोदितमित्थं
निजदेहगदेवताचक्रम् ॥१५॥

इस प्रकार मैं अपने ही शरीर में ठहरे हुए सदा उदित समस्त-देवता चक्र की स्तुति करता हूं, जो स्वानुभव-गम्य और सभी जड़-चेतन आदि वस्तुओं के भीतर ठहरा हुआ है ॥ १५ ॥

इति श्रीमदाचार्याभिनवगुप्तपादविरचितं
देहस्थदेवताचक्रस्तोत्रम् ।
इति शिवम् ।

ॐ

अथ

श्रीश्रीज्ञाननेत्रपादरचितं

कालिकास्तोत्रम् ।

●

सितेतरसंविदवाप्यं सदसत्कलनाविहीनमनुपाधि ।
जयति जगत्त्रयरूपं नीरूपं देवि ! ते रूपम् ॥१॥

एकमनेकाकारं प्रसृतजगद्व्याप्ति विकृतिपरिहीनम् ।
जयति तवाद्वयरूपं विमलमलं चित्स्वरूपाख्यम् ।

जयति तवोच्छलदन्तः स्वच्छेच्छायाः स्वविग्रहं
किमपि निरुत्तरसहजस्वरूपसंवित्प्रकाशमयम् ।

वान्त्वा समस्तकालं भूत्या भंकारघो
निग्रहमस्मिन्कृत्वानुग्रहमपि कुर्वती ज

कालस्य कालि ! देहं विभज्य मुनि
स्वस्मिन्विराजमानं तद्रूपं कुर्वतो

भैरवरूपी कालः सृजति जगत् कारणादिकोटान्तम् ।
इच्छावशेन यस्याः सा त्वं भुवनाम्बिका जयसि ॥६॥

जयति शशाङ्कदिवाकरपावकधामत्रयान्तरव्यापि ।
जननि ! तव किमपि विमलं स्वरूपरूपं परं धाम ॥७॥

एकं स्वरूपरूपं, प्रसरस्थितिविलयभेदतस्त्रिविधम् ।
प्रत्येकमुदयसंस्थितिलयविश्रमतश्चतुर्विधं तदपि ॥८॥

इति वसुपचकसंख्यं विधाय सहजस्वरूपमात्मीयम् ।
विश्वविवर्त्तावर्त्तप्रवर्तकं जयति ते रूपम् ॥९॥

[युगलकम्]

चक्र सदसद्विभेदसूतेर्दलनपरा कापि सहजसंवित्तिः ।
वस्तु उदिता त्वमेव भगवति ! जयसि जयाद्येन रूपेण ॥१०॥

जयति समस्तचराचरविचित्रविश्वप्रपंचरचनोर्मि ।
श्रमलस्वभावजलधौ शान्तं कान्तं च ते रूपम् ॥११॥

सहजोल्लासविकासप्रपूरिताशेषविश्वविभवैषा ।
[illegible] तवाम्ब ! मूर्तिर्जयति परानन्दसंपूर्णा ॥१२॥

[illegible]लतसकलजगत्त्रयविकटमहाकालकवलनोद्युक्ता ।
[illegible]भावविभवप्रभवापि कृशोदरी जयसि ॥१३॥

[illegible]जितमसमं रूपत्रयान्तरव्यापि ।
जयति परं किमपि ते रूपम् ॥१४॥

[illegible] विगलितसदसद्विवेककल्लोलम् ।
[illegible]भवस्फीतं काल्याः परं [illegible] ॥१५॥

ऋतुमुनिसंख्यं रूपं विभज्य पंचप्रकारमेकैकं ।
दिव्यौघमुद्गिरन्ती जयति जगत्तारिणी जननी ॥१

भूदिग्गोखगदेवीचक्रलसज्ज्ञानविभवपरिपूर्णम् ।
निरुपमविश्रांतिमयं श्रीपीठं जयति ते रूपम् ॥२॥

प्रलयलयान्तरभूमौ विलसितसदसत्प्रपंचपरिहीनाम् ।
देवि ! निरुत्तरतरां नौमि सदा सर्वतः प्रकटाम् ॥३॥

यादृङ् महाश्मशाने दृष्टं देव्याः स्वरूपमकुलस्थम्
तादृग् जगत्त्रयमिदं भवतु तवाम्ब ! प्रसादेन ॥४॥

इत्थं स्वरूपस्तुतिरभ्यधायि
सम्यक्समावेशदशावशेन ।
मया शिवेनास्तु शिवाय सम्यङ्
ममैव विश्वस्य तु मंगलाय ॥२०॥

कृतिरियं श्रीश्रीज्ञाननेत्रपादाना-
मिति शिवम्

ओं

नमः शिवाय

मति स्फुरदुरस्यनाहतं गर्भगुम्फितसमस्तवाङ्मयम् ।
वनीति हृदि यत्परं पदं तत्सदक्षरमुपास्महे महः ॥१॥

स्भुना तुहिनभानुना बृहद्भानुना च विनिर्वातितं न यत् ।
ज तज्झगिति शान्तिमान्तरं ध्वान्तमेति तदुपास्महे महः ॥२

जर्गर्कर्कशगिरामगोचरं स्वानुभूतिसमयैकसाक्षिणम् ।
अमलेताखिलविकल्पविप्लवं पारमेश्वरमुपास्महे महः ॥३॥

मन्दारमदंलालितं पद्मनाभनयनाब्जपूजितम् ।
पेकुटांशुरञ्जितं पादपद्मयुगमैश्वरं स्तुमः ॥४॥

लोऽसि तदा हर दुष्कृतं यदि भवोऽसि तदा भव भूतये ।
कभावसि तदा कुरु मे शुभं शमय दुःखमिदं यदि शंकरः ॥५

न्दुरे शरणं मे गिरिराजकन्यका ।
व दावुभौ रणं नान्यदुपैमि दैवतम् ॥६॥

मन्पण्डितो हृदये ऽवशरेण खण्डितः ।
दक्षिर मण्डनं शरणं या। शरण्यमीश्वरम्

मनामजपतां कुतो भयं सर्वतापशमनैकभेषजम् ।
इय तात मम गात्रसन्निधौ पावकोऽपि सलिलायतेऽधुना ॥८॥

आञ्जनेयमतिपाटलाननं काञ्चनाद्रिकमनीयविग्रहम् ।
पारिजाततरुमूलवासिनं भावयामि पवमाननन्दनम् ॥९॥

त्र यत्र रघुनाथकीर्तनं तत्र तत्र कृतमस्तकाञ्जलिम् ।
ाष्पवारिपरिपूर्णलोचनं मारुतिं नमत राक्षसान्तकम् ॥१०॥

स्वैरेव यद्यपि गतोऽहमधः कुकृत्यै-
स्तत्रापि नाथ तव नास्म्यवलेपपात्रम् ।
दृप्तः पशुः पतति यः स्वयमन्धकूपे
नोपेक्षते तमपि कारुणिको हि लोकः ॥११॥

मानुष्यनावमधिगम्य चिरादवाप्य
निस्तारकञ्च करुणाभरणं भवन्तम् ।
यस्याभवद्भुरवशस्तरितुं भवाब्धिं
सोऽहं मुह्यामि यदि कस्य विडम्बनेयम् ॥१२॥

महेश्वरे वा जगतामधीश्वरे
जनार्दने वा जगदन्तरात्मनि ।
न कापि भेदप्रतिपत्तिरस्ति मे
तथापि भक्तिस्तरुणेन्दुशेखरे ॥१३॥

वामे भूमिसुता पुरश्च हनुमान् पश्चात् सुमित्रासु
शत्रुघ्नो भरतश्च पार्श्वदलयोर्वायव्यादिकोणेषु च
सुग्रीवश्च बिभीषणश्च युवराट् तारासुतो ज
नीलसरोजकोमलरुचिं रामं भजे श्यामल

तव च काचन न स्तुतिरम्बिके !
सकलशब्दमयी किल ते तनुः ।
निखिलमूर्तिषु मे भवदन्वयो
मनसिजासु बहिष्प्रसरासु च ॥१५॥

इति विचिन्त्य शिवे ! शमिताशिवे !
जगति जातमयत्नवशाद्विदम् ।
स्तुतिजपार्चनचिन्तनवर्जिता
न खलु काचन कालकलापि मे ॥१६॥

[युगल

ऊनाधिकमविज्ञातं पौर्वापर्यविवर्जितम् ।
यच्चावधानरहितं बुद्धेर्विस्खलितं च यत्
तत्सर्वं मम सर्वेश भक्तस्यार्तस्य दुर्मतेः ।
क्षन्तव्यं कृपया शंभो ! यतस्त्वं करुणापरः
अनेन स्तोत्रयोगेन तवात्मानं निवेदये ।
पुनर्निष्कारणमहं दुःखानां नैमि पात्रताम्

ॐ शांतिः ! शांतिः !! शांतिः !!!

(५५) अथ names of Lord Siva

जयश्च विजयश्चैव जयन्तश्च पराजित
ईजयो जयरुद्रश्च जयकीर्ति जयावह
जयमूर्ति जयोत्साहो जयदो जयवर्धनः
बलोन्मत्तबलश्चैव बलभद्रो बलप्रदः ॥
बलावहश्च बलवान् बलदाता बलेश्वरः ।
नन्दनः सर्वतोभद्रो भद्रमूर्तिः शिवप्रदः ॥
दुर्गनाः स्पृहणो दुर्गो भद्रकालो मनोनुगः
कौशिकः कालवक्त्रश्च सुशिवः कोप एवच

एते योनि समुद्भूतावतुस्त्रिंशत्मकीर्ति

Acc No 759
Date 2000
Price 0.50
Gopinath Trust (Regd.) Jammu


N
W
Heart
Soul

Subjects discussion

16 - स्वर = 16 स्वर

34 व्यञ्जन = 34 "

3rd Ahnik (तीसरा आह्निक)

eflection प्रतिफलन

Consciousness

Mansion

rid of Alphabets

ource of

Mantras

). Universal

c/o Shri Nick Ram
E 157 East of Kailash
New Delhi 24